हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित


Page 11



खेल

इंडिया-अस्ट्रेलिया टेस्ट : पर्थ पर बरसे जसप्रीत बुमराह, दूसरे दिन की पहली ही गेंद पर...

Page 10



देश

सिक्कम में दो विधानसभा सीटों पर बिना मुकाबले के ही जीते उम्मीदवार


कृष्ण पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 24 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 343 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹79,640 | ₹92,000 |



## आज का इतिहास

- 1944 : मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेता और फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर का जन्म हुआ।
- 1912 : बांग्लादेश के ढाका के टाउटसर्ल पर अशुलिया जिले में एक कपड़े की फैक्ट्री में आग लगने से कम से कम 117 लोगों की मौत हो गई।

## न्यूज बाइट्स

### डेंगू के 41 नए मामले, चिकनगुनिया के 5 केस

**पटना (नि.सं.)।** पटना में डेंगू के 41 और चिकनगुनिया के 5 नए मामले सामने आए हैं। राजधानी में अब तक डेंगू से 4686 और चिकनगुनिया से 379 लोग पीड़ित हो चुके हैं। इस सीजन में डेंगू से 15 लोगों की मौत हो चुकी है। ये एडीज मच्छर के काटने से होता है। पटना जिले में पिछले 24 घंटे में जो डेंगू मरीज मिले हैं, उनमें कंकड़बाग में 4, बांकीपुर में 4, नूतन राजधानी में 12, पाटलिपुत्र अंचल में 7, अजीमाबाद में 1, पटना सिटी में 1, फुलवारी में 3, संपतचक में 2 और मसौढ़ी, अथमलगोला, मोकामा में एक-एक डेंगू मरीज मिला है। डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। घर या आसपास पानी जमा नहीं होने दें। यदि पानी जमा हो तो उसे साफ कर दें या उसमें केरोसिन डाल दें। लक्षण मिलने पर जांच करा लें। सरकारी अस्पतालों में जांच की व्यवस्था निशुल्क है।

### रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने 139 अधिकारियों का वेतन रोका

**पटना (नि.सं.)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल के आदेश पर 139 अधिकारियों का वेतन रोक दिया गया है। बिहार में लैंड सर्वे के बीच राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग(रेवेन्यू डिपार्टमेंट) ने बड़ी कार्रवाई की है। 139 अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। सेवा पुस्तिका विभाग में जमा नहीं करने पर राजस्व सेवा के अधिकारियों का वेतन रोका गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आदेश का सबसे ज्यादा असर पूर्वी चंपारण में हुआ है। यहां 11 अफसरों का वेतन रोक दिया गया है। इसका अलावा राजधानी पटना में 8 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन अफसरों को 5 बार रिमाइंडर भेजा गया था। इसके बाद भी विभाग को सेवा पुस्तिका नहीं भेजा। जिसके बाद राजस्व विभाग कड़ा कदम उठाया है। इसमें अंचलाधिकारी से लेकर राजस्व अधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुदेशक, प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त, अपर समाहर्ता, भू-हदबंदी स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

### सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है: शाह

**नई दिल्ली (ए.)।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इसमें राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की अहम भूमिका है। श्री शाह ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की 91वीं आम परिषद की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने और नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में सहकारी विकास निगम की अहम भूमिका है।

# उप चुनाव : बिहार की चार सीटों पर एनडीए की जीत

## इमामगंज से मांझी की बहू, तरारी से बाहुबली के बेटे ने मारी बाजी



निज संवाददाता | पटना

बिहार की चार सीटों रामगढ़, तरारी, इमामगंज और बेलागंज पर हुए विधानसभा उपचुनाव की मतगणना पूरी हो गई है। चारों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। महागठबंधन के प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। तरारी में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने पहली बार जीत दर्ज की।

### इमामगंज सीट का हाल

सबसे हॉट सीट इमामगंज के आंकड़े बताते हैं कि जन सुराज ने आरजेडी को भारी नुकसान पहुंचाया। जन सुराज के खाते में 37,106 वोट पड़े। जन सुराज को यहां सबसे अधिक वोट मिले। इमामगंज से हम प्रत्याशी दीपा मांझी को 5,945 वोट से जीत मिली। राजद प्रत्याशी के खाते में 47,490 वोट मिले।

### बेलागंज सीट का हाल

बेलागंज से जदयू की मनोरमा यादव ने जीत दर्ज की। मनोरमा ने 21 हजार 391 वोट से जीत हासिल की है। मनोरमा देवी इस बार सबसे अधिक वोट से जीत हासिल करने वाली उम्मीदवार बनी हैं। इधर, बेलागंज सीट पर जन सुराज को 17 हजार 285 वोट मिला। वहीं आरजेडी को 51 हजार 993 वोट से संतुष्ट करना पड़ा। जनसुराज की वजह से राजद ने सीट गवां दी। बेलागंज से जदयू की मनोरमा यादव ने जीत दर्ज की। मनोरमा ने 21 हजार 391 वोट से जीत हासिल की है। मनोरमा देवी इस बार सबसे अधिक वोट से जीत हासिल करने वाली उम्मीदवार बनी हैं। बेलागंज से जदयू की मनोरमा यादव ने जीत दर्ज की। मनोरमा ने 21 हजार 391 वोट से जीत हासिल की है। मनोरमा देवी इस बार सबसे अधिक वोट से जीत हासिल करने वाली उम्मीदवार बनी हैं।

### तरारी सीट का हाल

तरारी सीट पर जन सुराज वोट कटवा के रूप में सामने आया है। जन सुराज को कुल 5,622 वोट मिला है। यहां पार्टी को सबसे कम वोट मिला। जबकि राजद गठबंधन माले को 64 हजार 143 वोट मिले। तरारी से भाजपा ने 10 हजार 612 वोट से जीत हासिल की है, यहां भी जन सुराज ने राजद गठबंधन को नुकसान पहुंचाया है।

### सीएम ने बुलाई बैठक

बिहार विधानसभा उपचुनाव में प्रचंड जीत के बाद सीएम नीतीश कुमार ने बड़ी बैठक बुलाई है। इस बैठक में शामिल होने के लिए एनडीए के नेता मुख्यमंत्री आवास पहुंचे हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री मंगल पांडेय, जदयू एमएलसी संजय गांधी, जदयू से राज्य सभा सांसद संजय झा ने मुख्यमंत्री नीतीश से मुलाकात कर उपचुनाव में एनडीए की जीत की बधाई दी।

### रामगढ़ सीट का हाल

रामगढ़ से भाजपा ने 1,362 वोट से जीत हासिल की है। जन सुराज ने यहां भी वोट कटवा के रूप में आरजेडी को यहां भी जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। जन सुराज को रामगढ़ सीट पर 6,513 वोट मिले, जबकि आरजेडी प्रत्याशी तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

# झारखंड में हेमंत सोरेन की पुनः वापसी

निज संवाददाता | रांची

झारखंड में हेमंत सोरेन की लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी तय हो गई है। इनका पुनः वापसी तय है। शनिवार को आए चुनावी नतीजों में इंडिया ब्लॉक ने 81 सीटों में से 57 सीटों पर आगे है, जो बहुमत के आंकड़े 41 से 16 सीट अधिक है। इंडिया ब्लॉक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) 35 और कांग्रेस 16, राजद 4 और भाकपा माले 2 सीटों पर आगे है। इंडिया गठबंधन अपने गढ़ संथाल और कोल्हान को बचाने में कामयाब रहा है। घुसपैठ और रोटी-बेटी-माटी के दम पर राज्य की सत्ता में वापसी का दंभ भरने वाली भाजपा 20 सीटों पर सिमट गई है। जो पिछली बार यानी 2019 से 5 सीट कम है। इंडिया की जीत के पीछे कई फैक्टर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा फैक्टर मंईयां सम्मान योजना और कल्पना सोरेन रहीं है। इसके अलावा जेएमएम ने टिकट बांटने में सावधानी बरती और अपने क्षेत्र में फोकस नेताओं को तरजीह दी। साथ ही विपक्ष को उसके घुसपैठ के मुद्दे में ही फंसा दिया। राज्य की 81 में से 29 विधानसभा सीटों पर महिला वोटर पुरुष से अधिक हैं। यही कारण है कि चुनाव में इंडिया की मंईयां दीदी योजना की काट में भाजपा ने गोगी दीदी योजना लाने का वादा किया। मंईयां में महिलाओं को हर माह 2500 रुपए तथा गोगो दीदी में 2100 रुपए देने का वादा है। यहां इंडिया को सत्ता में रहने का फायदा मिला, क्योंकि हेमंत सरकार ने चुनाव से पहले 1000 रुपए जारी कर दिया और चुनाव बाद 2500 करने का ऐलान कर दिया। इस पर महिलाओं ने ज्यादा भरोसा जताया।



### राज्य के मतदाताओं का आभार : हेमंत सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य में इंडी अलाएंस की शानदार जीत के बाद अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और इसके लिए राज्य के मतदाताओं का आभार। श्री सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व को बहुत उत्साह से लोगों ने मनाया। महिलाओं और नौजवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जीतने भी लोग चुनावी मैदान में थे सभी को आभार। हमें जानकारी मिली है कि लगभग 56 सीट हमने जीती है। अबुआ राज अबुआ सरकार का इतिहास झारखंड में गढ़ने जा रहे हैं। पहली बार ऐसा चुनाव देखा लोकतंत्र की परीक्षा हमने पास की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के बधाई देने पर उनका शुक्रिया अदा किया।

### हेमंत की जीत की हीरो कल्पना

पहली बार हाथ में माइक लिए जनता के सामने आईं कल्पना सोरेन। मंच पर तब के सीएम चंपाई सोरेन और अन्य नेता थे। सामने समर्थकों की भारी भीड़ थी। सबका अभिवादन कर जब बोलने लगीं तो उनकी आवाज भर आई। चुप हो गईं। फिर लड़खड़ाती आवाज और आंखों में आंसू लिए बोलती रहीं। इस बीच समर्थक नारा लगाते रहे- जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। ये नौ महीने पहले की बात है। आज कल्पना सोरेन बदल चुकी हैं। मंच से संथाली, हिन्दी और बंगाली में धारदार भाषण देती हैं। कभी कार की बोनट पर चढ़ जाती हैं तो कभी सीधे भीड़ में जाकर महिलाओं के गले लग जाती हैं। उनकी सहज भाव भंगिमाएं लोगों में जुड़ाव पैदा कर रही हैं। कल्पना अपने भाषण में हमेशा तीर-धनुष की बात करतीं थी। अगर वह अन्य सहयोगी दलों के लिए सभा करती थी तो उस पार्टी के सिंबल की बात करती थी। हर जगह जनता में उत्साह बढ़ाने के लिए वो ये जरूर पूछती थीं- यहां (विधानसभा) क्या चल रहा है? जैसे रांची में क्या चल रहा है? उधर से जवाब आएगा तीर-धनुष।

# महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत

महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट में महायुति ने एक तरफा बढ़त बनाई है। 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन 230 पर आगे है, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है। 123 पर आगे हैं। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमभीए) 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा। अभी तक एमभीए ने 22 सीटें जीत ली है, 24 पर आगे हैं। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं।महायुति में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 2019 के मुकाबले इस बार 4% ज्यादा वोटिंग हुई। 2019 में 61.4% वोट पड़े थे। इस बार 65.11% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 363 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं। जिनमें सिर्फ 18 को जीत मिलीं। जिसमें से सबसे ज्यादा बीजेपी की 12 महिला उम्मीदवार हैं। 3 एनसीपी अजित गुट, 2 शिंदे गुट और एक कांग्रेस से हैं। पिछले दो विधानसभा में चुनाव जीतने वाली महिलाओं की सबसे कम संख्या है।

# बिहार इंजीनियरिंग और मेडिकल यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे सीएम

निज संवाददाता | पटना




पटना के मीठापुर में बन रहे बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी और बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य किस तरह चल रहा है और कहां तक पहुंचा है, यह जानने के लिए सीएम नीतीश कुमार शनिवार को निर्माण स्थल पर निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस परियोजना के तहत बन रहे मुख्य भवन, प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन, परीक्षा एवं मूल्यांकन भवन, ऑडिटोरियम, स्टाफ क्वार्टर समेत सभी संरचनाओं का निर्माण कार्य बेहतर तरीके से और तेज गति से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य ऐसा होना चाहिए कि परिसर अच्छा दिखे। उन्होंने कहा कि मीठापुर के इस इलाके में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, निफ्ट, चाणक्य विधि विश्वविद्यालय और मौलाना मजहरुल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय जैसे बड़े शिक्षण संस्थान बने हैं। यह पूरा इलाका बहुत अच्छा बन गया है। जब इन दोनों विश्वविद्यालयों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा तो यह इलाका और भी अच्छा दिखेगा। बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी की स्थापना 27 जुलाई 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की थी ताकि बिहार के छात्रों को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिल सके। साथ ही इसके भवन निर्माण के लिए पटना के मीठापुर में पांच एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का मुख्य भवन चार मंजिल का होगा। इसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 1,11,732 वर्ग फीट है। बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के ग्राउंड फ्लोर पर डीन कार्यालय, रजिस्ट्रार का कार्यालय, कैफेटेरिया एवं अन्य कार्यालय, प्रथम तल पर कुलपति कार्यालय, मीटिंग हॉल तथा मूल्यांकन केंद्र बनाया जा रहा है। दूसरे तल पर कार्यालय कक्ष, स्टोर रूम आदि, तीसरे तल पर पांच अभिलेखागार, भंडारगृह आदि और चौथे तल पर मूल्यांकन केंद्र एवं दो बड़े बहुउद्देशीय हॉल बनाया जा रहा है। साथ ही इस परिसर में एक अतिथि गृह का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें आठ कमरे तथा चार सुइट रूम का निर्माण किया जाना है। यहां एक केयर टेकर आवास का भी निर्माण किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में चार मजदूरों की हुई मौत

**नवादा(नि.सं.)।** नवादा जिले से अंतर्राज्यीय पलायन का मामला मजदूरों के लिए मौत का कारण बनता जा रहा है। मजदूरों को मालवाहक वाहनों से बोरे की तरह ठूंस कर ले जाना जहाँ ठीकेदारों की बर्बरता को दिखाता है वहीं सरकार की उपेक्षापूर्ण रवैये से इस तरह का अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है। सदर प्रखण्ड के मुफस्सिल थानांतर्गत गुरम्हा स्टालिन नगर महादलित गाँव के चार मजदूरों की सड़क दुर्घटना में मौत इसका ताजा उदाहरण है। नवादा विधायक विभा देवी एवं जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद भावुक होकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। सभी मृतक परिवार को दस-दस लाख रूपये मुआवजा के साथ आश्रितों के परवरिश का जिम्मा उठाने हेतु सरकार से माँग की। विधायक ने कहा कि ईंट भट्ठा पर मजदूरों को बर्बर तरीके से ले जाना न केवल मानवाधिकार का हनन है बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता का भी प्रतीक है। विदित हो कि माल ढुलाई का वाहन पिकप मैजिक भान पर 20 से 25 मजदूरों को बोरे की तरह पटना के लिए रवाना किया गया था।


जय जवान... जय किसान...

ग्राम पंचायत सोनौरा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुयोग्य, कर्मठ, संघर्षशील एवं समाजसेवी उम्मीदवार...



नीरज कुमार सिंह

नीरज कुमार सिंह का चुनाव चिन्ह



क्र.सं. 03

किताब छाप

पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।

निवेदक –सोनौरा पंचायत के किसान भाई एवं देवतुल्य जनता।





बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में नदी को बनाया कचरे का डंपिंग यार्ड, कूड़े की ढ़ेर में आग लगने से स्थानीय लोगों को सांस लेने परेशानी

**नालंदा।** नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड में पंचाने नदी को कचरे का डंपिंग यार्ड बना दिया गया है। जो केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय निवासी राजू कुमार और विवेक कुमार ने बताया कि पिछले कई महीनों से कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है, जिससे निकलने वाला धुआं हमारे लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है। कूड़े की डंपिंग से क्षेत्र के सभी लोग कड़ी परेशान हैं। लोगों ने बताया कि लगातार कूड़ा डंप के साथ उसके ढेर में आग लगा दिया जाता है। जिससे निकलने वाली धुंआ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कचरे का डंपिंग यार्ड को लेकर गिरियक नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान में वार्ड नंबर 1 में एक चिह्नित स्थान पर कचरा डंप किया जा रहा है। नदी में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पर्यावरण विद राजीव कुमार ने बताया कि नदी में कूड़े की डंपिंग न केवल जल प्रदूषण का कारण बन रही है, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचा रही है। यह स्वच्छ भारत अभियान के मूल उद्देश्य के भी विपरीत है। बता दें कि अधिकारियों की दैनिक आवाजाही के बावजूद भी किसी की नजर इस लापरवाही पर नहीं पड़ रही है। बरसात के दिनों में यह कूड़ा पानी के साथ बह जाती है। जिससे अनेक बीमारियों की समस्या होती है।

### अशोक चौधरी से मिले जदयू जिलाध्यक्ष धनंजय शर्मा, कई मुद्दों पर की गई चर्चा

**गया।** जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह गया जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य धनंजय शर्मा ने सूबे के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने मंत्री से गया जिला के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्री शर्मा ने बताया कि आगामी सात दिसंबर को गया जिला जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन में मंत्री श्री चौधरी को शामिल होना है। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री श्री चौधरी से कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### गुरुवार से लापता अधेड़ का शव सनौत आहार से बरामद

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत मानपुर - टेउसा मार्ग स्थित सनौत आहार में अहले सुबह एक उपलाता हुआ शव मिला है। आहर में शव होने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद शव को गहरे पानी से बाहर निकला गया। मृतक की पहचान खिजरसराय थाना अंतर्गत कुतुलपुर निवासी 55 वर्षीय



मुन्ना कुमार के रूप में हुई। परिजनों की माने तो मुन्ना कुमार कई वर्षों से मानसिक रोगी था। रांची स्थित राजकीय मानसिक आरोग्यशाला में इलाज चल रहा था। इधर, गुरुवार शाम अचानक घर से लापता हो गया। जिसके बाद परिजनों ने खोज-खबर के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया था। आशंका जताई जा रही है कि विक्षिप्त अधेड़ रास्ता भटककर सनौत जाने वाले मार्ग पर पहुंच गया। दैनिक क्रिया के लिए आहर में गया होगा। जहां पैर फिसलने से नदी में गिर गया। शुक्रवार सुबह दैनिक भास्कर से मिली जानकारी के बाद परिजन मुफस्सिल थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

### सियार के हमले से तीन लोग हुए जख्मी ग्रामीणों ने रोड जाम कर किया हंगामा



**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के तेलियाडीह डिबका गांव में एक बार फिर खूनी सियार ने गुरुवार की रात तीन लोगों पर हमला कर जख्मी कर दिया। सियार के हमले के बाद सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डुमरिया में किया गया। गुरुवार की रात खूनी सियार की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं। घटना के बाद शुक्रवार को सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने तेलियाडीह डिबका गांव के पास डुमरिया-पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। आगजनी करते हुए अधिकारियों के खिलाफ जमकर हंगामा किया। सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि गांव में लगातार सियार के हमले के बाद भी वन विभाग की टीम अब तक एक्टिव नहीं हुई है। हमलोग रात में अपने परिवार और खुद की सुरक्षा के लिए पहरा देते हैं। घर से खेती के लिए भी कहीं जाते हैं तो हाथ में लाठी-डंडा, फरसा, खंती आदि हथियार लेकर जाना पड़ता है। सियार के आतंक के कारण घर के बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल नहीं जा रहे हैं। घर से कोई नहीं निकल रहा है। हर समय उन्हें खूनी सियार की आतंक का डर लगता रहता है। रेस्क्यू अभियान चलाने की कर रहे थे मांग सड़क जाम कर रहे ग्रामीण गांव से लेकर जंगली क्षेत्र में वन विभाग की टीम द्वारा गश्ती करते हुए जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाने की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना पर इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार, डुमरिया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बोधि बिगहा थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी, वन विभाग के रेंजर कुलदीप कुमार चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान अधिकारियों ने शुक्रवार की रात से जंगली क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाने के लिए कांबिंग ऑपरेशन शुरू करने की घोषणा की। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। चिंता देवी की स्थिति अब भी गंभीर बीते सोमवार को तेलियाडीह डिबका गांव में सियार के हमले से जख्मी चिंता देवी की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। उनका इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी हो कि क्षेत्र में सियार के हमले से अब तक 15 लोग जख्मी हो चुके हैं। गुरुवार की रात सियार द्वारा किए गए हमले में गांव के बृजनंदन साव का पुत्र सर्वोद साव, कमलेश साव की पत्नी चांदो देवी व महंगू राम का पुत्र मोसाफिर राम जख्मी हुए हैं।

### पुलिस के सामने हथकड़ी खोल कर कैदी फरार

**नालंदा।** नालंदा में मध निषेध विभाग की पुलिस की लापरवाही सामने आई है। शुक्रवार की शाम मेडिकल कराने अस्पताल आई पुलिस के सामने हथकड़ी सरका कर शराब तस्कर फरार हो गया। दरअसल, पुलिस 4 कैदी को लेकर मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंची थी। इसमें से एक फरार हो गया है। थरथरी थाना क्षेत्र के अतबल चक निवासी सुधीर प्रसाद का बेटा अमित कुमार उर्फ रवि शंकर कुमार, शराब के साथ गुरुवार को पकड़ा गया था। शुक्रवार को उत्पाद पुलिस कोर्ट में सरेंडर करने के बाद मेडिकल कराकर, बिहार शरीफ मंडल कारा में सुपुर्द करने वाली थी। इससे पहले बदमाश सदर अस्पताल से भाग गया। महिला कांस्टेबल और एक जेंट्स कांस्टेबल के भरोसे चार कैदियों को मेडिकल कराने उत्पाद विभाग की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची थी। शराब कारोबारी के पुलिस अभिरक्षा से भाग जाने की सूचना पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। उत्पाद विभाग की पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। इसके पहले भी सदर अस्पताल में इस प्रकार की घटना हो चुकी है। महिला कांस्टेबल सविता ने बताया कि वह महिला कैदी को पकड़े हुई थी। इसी बीच आरोपी अमित कुमार हथकड़ी सरका कर फरार हो गया। उत्पाद विभाग की अधिकारी निशा ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इस मामले में कैदी को ले गए पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई है, उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# गया की दोनों विधानसभा सीट पर NDA का परचम

## इमामगंज में दीपा मांझी, बेलागंज में मनोरमा देवी की जीत, तीसरे नंबर पर रही जनसुराज

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बेलागंज और इमामगंज विधानसभा उपचुनाव में NDA प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। पहली बार चुनावी मैदान में उतरी जनसुराज पार्टी दोनों ही सीटों पर दूसरे नंबर पर रही। बेलागंज विधानसभा सीट पर NDA कैंडिडेट और जदयू नेता मनोरमा देवी ने 20 हजार 968 वोटों से जीत हासिल की है। वहीं, इमामगंज से एनडीए की प्रत्याशी और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा की दीपा मांझी 5 हजार 945 से विजयी हुई हैं। इमामगंज में शुरुआत को चार राउंड की गिनती तक राजद के प्रत्याशी रोशन मांझी ने बढ़त बनाई थी, लेकिन पांचवें राउंड की गिनती के बाद NDA प्रत्याशी और हम की नेता दीपा मांझी ने जो बढ़त बनाई, उसे 12वें राउंड की गिनती तक बरकरार रखा। वहीं, बेलागंज में पहले राउंड की गिनती से ही



एनडीए प्रत्याशी और जदयू की नेता मनोरमा देवी ने बढ़त बनाई थी, जो आखिर तक बरकरार रही।

**इमामगंज में राउंड वाइज क्या रहा रिजल्ट?:** 12वें राउंड की गिनती के बाद एनडीए प्रत्याशी दीपा मांझी को 51332 वोट मिले हैं। उन्होंने 5563 मतों की बढ़त बनाई हुई हैं। दूसरे नंबर पर राजद के रोशन मांझी हैं, जिन्हें 45 हजार 559 वोट मिले हैं। तीसरे नंबर पर जनसुराज के जितेंद्र पासवान हैं, जिन्हें 26453 वोट मिले हैं। 11वें राउंड के बाद दीपा मांझी को 45523 वोट मिले हैं, जबकि दूसरे नंबर पर राजद के रोशन मांझी को 41651 वोट मिले हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर जनसुराज के जितेंद पासवान हैं, जिन्हें 32902 वोट मिले हैं। दीपा मांझी को 3872 वोट की बढ़त हासिल है। 10वें राउंड की गिनती के बाद एनडीए की दीपा मांझी को 41 हजार 942 वोट मिले, जबकि दूसरे नंबर पर राजद के रोशन मांझी को 38 हजार 082 वोट मिले। तीसरे नंबर पर जनसुराज के अमजद हैं, जिन्हें 30 हजार 319 वोट मिले हैं। दीपा मांझी को 3860 वोट की बढ़त हासिल है। 9वें राउंड की गिनती के बाद NDA प्रत्याशी दीपा मांझी 3718 वोटों से आगे हैं। उन्हें अब तक 38 हजार 064 वोट मिले हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद राजद के रोशन मांझी को 34 हजार 346 वोट मिले हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर जनसुराज के जितेंद्र मांझी हैं, जिन्हें 3718 वोट मिले हैं। 8वें राउंड की गिनती के बाद हम प्रत्याशी दीपा मांझी की बढ़त बरकरार है। दीपा मांझी ने 3858 वोटों की लीड बनाई हुई है। दीपा को अब तक 34 हजार 117 वोट मिले हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर राजद के रोशन मांझी हैं, जिन्हें 30 हजार 259 वोट मिले हैं। तीसरे नंबर पर जन सुराज के जितेंद्र पासवान हैं, जिन्हें 25 हजार 123 वोट मिले हैं। 7 राउंड की गिनती के बाद हम से दीपा मांझी 2297 वोटों से आगे हैं। दीपा मांझी को अब तक 29 हजार 131 वोट मिले हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर राजद प्रत्याशी रोशन मांझी हैं, जिन्हें 26 हजार 834 वोट मिले हैं। छठे राउंड की गिनती के बाद केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू और हम प्रत्याशी दीपा मांझी ने 1553 वोटों से लीड बनाए हुए है। हम की दीपा मांझी को अब तक 24 हजार 992 वोट मिले हैं, जबकि राजद के रोशन मांझी को 23 हजार 439 वोट मिले हैं। रोशन दूसरे नंबर पर हैं, जबकि तीसरे नंबर पर जनसुराज के जितेंद्र पासवान हैं, जिन्हें अब तक 19 हजार 078 वोट मिले हैं।

# गया में प्रेमी जोड़े का शव मिला, आंखें डैमेज थीं



सुसाइड और मर्डर दोनों एंगल से हो रही जांच, 2 दिन से लापता थे दोनों

निज संवाददाता। गया

गया में तालाब किनारे नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव मिला है। दोनों की आंखें डैमेज हैं। बताया जा रहा कि दोनों दो दिन से लापता थे। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतकों की पहचान नीतीश कुमार (17) और रुपा कुमारी (15) के रूप में हुई है। गांव वालों की माने तो दोनों के बीच 2 साल से अफेयर था। ये भी बताया जा रहा है कि उनकी आंखें फोड़ी गई हैं। गांव वालों ने शव पुलिस को देने से मना कर दिया था। काफी समझाने के बाद लोगों ने शव पुलिस को सौंपे हैं। स्थिति को देखते हुए एसएसपी आशीष भारती ने एसपी सिटी प्रेरणा और बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। FSL और तकनीकी टीम भी जांच कर रही है। घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव की है।

**अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया:** पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल हॉस्पिटल भेजा है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, दूसरी तरफ प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है।

**दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई:** एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने बताया कि 'घटना की जांच हर एंगल से शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि जांच में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी। दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

# गया में ऑटो पलटने से दो महिलाओं की मौत

निज संवाददाता। गया

गया में शुक्रवार देर शाम बेलागंज थाना क्षेत्र के चुड़ीहारा गांव के पास तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। हादसे में ऑटो सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव को रखकर हंगामा शुरू कर दिया। बड़ही बिगहा गांव की महिलाएं राम विहग गांव में धान काटने के बाद अपने घर लौट रही थी। तभी चुड़ीहारा बिगहा के पास तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। मृतकों की पहचान प्रमिला देवी और रामलीला देवी के रूप में हुई है। हादसे के वक्त ऑटो में करीब 20 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो पलटते ही चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन प्रमिला देवी और रामलीला देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो चुकी थी।



हादसे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**ग्रामीणों का गुस्सा, पुलिस की अपील:** ग्रामीणों का कहना है कि ऑटो चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने मुआवजे की मांग पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है। पुलिस के समझाने-बुझाने के बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं हैं। देर रात तक पुलिस की कोशिश जारी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन इस ओर ध्यान दे, ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।

# नालंदा में 36 मिल्क पार्लर खुलने से रोजगार का अवसर, 28 फरवरी तक आवेदन करने का मौका

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले में नालंदा डेयरी की एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत मार्च 2025 तक जिले में कुल 36 मिल्क पार्लर स्थापित किए जाएंगे। यह पहल सात निश्चय-टू योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य न केवल दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाना है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करना है। जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नालंदा डेयरी के सीईओ मोहम्मद मजीदउद्दीन के अनुसार, इस परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में मिल्क पार्लर की स्थापना की जाएगी। कुछ स्थानों पर यह कार्य पूरा भी हो चुका है। चंडी इंजीनियरिंग कॉलेज और हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में पार्लर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। मार्केटिंग इंचार्ज नीरज कुमार ने बताया कि पार्लर के लिए 14 मीटर लंबी और 13 फीट चौड़ी जगह निर्धारित की गई है। जिस पर 10 फीट लंबी व 9 फीट चौड़ी प्रीफैब्रिकेटेड संरचना बनाई जाएगी। चयनित संचालकों को 350 लीटर क्षमता के दो डीप फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे।





**परियोजना की मुख्य विशेषताएं:** प्रति पार्लर निर्माण लागत: लगभग 4 लाख रुपए है। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक है। आवेदक की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष रखी गई है। महिला आवेदकों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। पहले चरण में कल्याण बिगहा, राजगीर, चंडी, सरमेरा, रहुई, पैठना डेंटल कॉलेज, अस्थावां पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं राजगीर गौतम विहार में बनकर तैयार होगा।

**आवेदक कैसे करें अप्लाई:** इच्छुक आवेदक सुधा डॉट कूप वेबसाइट से आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में कार्यकुशलता के आधार पर चयन किया जाएगा। यह पहल न केवल दूध और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति को सुगम बनाएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह क्षेत्र में डेयरी उद्योग के विकास को नई दिशा प्रदान करेगी।

# चलती ट्रेन से कूदी महिला, मौके पर मौत ननद की शादी में गया आ रहा था परिवार

निज संवाददाता। गया

गया-कोडरमा रेलखंड पर शुक्रवार की शाम एक महिला ने तीन साल के बेटे के गिरने की अफवाह सुनते ही चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। जिसकी वजह से मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, महिला अपने पति और बच्चे के साथ छत्तीसगढ़ से ननद की शादी में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के परोरिया गांव आ रहे थे। घटना को लेकर बताया गया कि ट्रेन गुरपा-पहाड़पुर स्टेशन के बीच पोल संख्या 433/17 के पास पहुंची थी। जहां किसी ने अफवाह फैलाई कि एक बच्चा ट्रेन से गिर गया है। महिला ने सुनते ही अपने बच्चे को बचाने की कोशिश में चलती ट्रेन से छलांग लगा दी।



जिसके बाद यात्रियों ने वैक्यूम कर ट्रेन रोक दी। मामले की सूचना मिलते हो रेलवे सुरक्षाकर्मी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे। तब तक महिला की जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद महिला के पति रवि रंजन पैतृक गांव चले गए। महिला के नाम के बारे में फिलहाल कोई सूचना नहीं दी गई है।

**बहन की शादी में गांव आया था:** मिली जानकारी के मुताबिक,

♦ किसी ने बच्चा गिरने की फैलाई अफवाह

मृतक महिला के पति रवि रंजन ने बताया था कि वो छत्तीसगढ़ में काम करता है। बहन की शादी के लिए गया आ अपने गांव जा रहा है। बहन घर पर भाई-भाभी का इंतजार कर रही है। हालांकि हादसे की खबर सुनकर घर से लेकर पूरे गांव में मातम का माहौल है। इस संबंध में रेलवे पुलिस जितेंद्र कुमार और गुरपा थाना पुलिस प्रभारी अजय कुमार ने अपने स्तर से जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना को लेकर मृतक महिला के पति से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन फिलहाल उन्होंने जानकारी देने से मना कर दिया है।

# दलाई लामा के आगमन की नहीं हुई घोषणा, बोधगया में श्रद्धालुओं को प्रार्थनाओं का इंतजार

निज संवाददाता। गया

बोधगया के शांत और पवित्र वातावरण में इन दिनों लोगों के बीच एक बेचैनी है। यहां के लोग और दुनियाभर से आने वाले श्रद्धालु एक सवाल से जूझ रहे हैं। ये सवाल है कि क्या परम पावन दलाई लामा इस बार आएंगे? हर सर्दी की तरह इस बार भी दलाई लामा को बोधगया आने का न्योता दिया गया है। लेकिन इस बार उनके आगमन की कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। हर साल सर्दियों में दलाई लामा का आगमन न केवल यहां के लोगों के लिए, बल्कि दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत होता है। लेकिन इस बार यह उम्मीद एक संशय में बदल गई है। बोधगया के मंदिरों की घंटियां, तिब्बती झंडों की फड़फड़ाहट, और ध्यान मग्न श्रद्धालुओं की दुआएं यहां हैं। पूजा के लिए अनुरोध किया गया है। बोधगया सिटीजन फोरम समेत कई संगठनों ने दलाई लामा को पत्र लिखकर उनकी उपस्थिति की विनती की है। पत्र में कहा गया है कि उनकी उपस्थिति से न केवल इस पवित्र स्थल की आध्यात्मिक महत्ता बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और पर्यटन को भी नया जीवन मिलेगा। आशा और अनिश्चितता का संघर्ष है। स्थानीय व्यवसायी और संगठन चिंतित हैं। होटलों की बुकिंग धीमी पड़ी है। तिब्बती बाजारों की चमक फीकी है। लेकिन उम्मीद अब भी है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा– 07–24–25

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या सं. – पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–निविदा– 07–24–25, 1. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में झंझारपुर–लौकहा बाजार खंड का शेष कार्य जैसे पी.पी. शेड, कम लागत वाला शेड, बैठने की व्यवस्था, प्लेटफार्म और एलसी बाड़ लगाना, सेस मरम्मत, मेजन ब्रिज नं. 21ए. पर गहरी ड्रॉप/पर्दा दीवार, मेजर ब्रिज नं 7A (3×12.2m PG), पर साईड पाथवे, मेजर ब्रिज नं. 40 (4×18.3m PG) एवं मेजर ब्रिज नं. 45 (2×18.3m) एलएचएस नं. 25 से वाचस्पति नगर रेलवे स्टेशन तक पहुंच सड़क चन्देशर स्थान ओर वाचस्पति नगर पर प्लेटफार्म ढ़लान नालियां आर महरेल से लौकहा बाजार आदि तक 15 एलएचएस पर निरीक्षण चरण और निमर्ली स्टेशन पर (जी+3) 12 यूनिट टाईप – I I क्वार्टर का शेष कार्य। 2. कार्य का लगभग मूल्य : ₹15,25,89,190.75/–; 3. निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹9,13,000/– ; 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 11.12.2024, चौदह तीस बजे। 5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि : उपरोक्त ई– निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/01568/सीओएनएन/अभि./टी/24–25/52

# नालंदा में पुल से टकराया पिकअप, 2 की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एनएच-20 पर सड़क हादसा हुआ। जिसमें दो माह की मासूम बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। घटना शनिवार की सुबह बेना थाना क्षेत्र के सिरनामा गांव के पास की है। नवादा जिले के स्टालिन गांव से गोरखपुर के एक ईंट भट्टे पर काम करने जा रहे मजदूरों से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गया। दुर्घटना में 30 वर्षीय बोध मांझी और 2 माह की आंचल कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेना थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। घटना की जांच की जा रही है और मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम



कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई लोग 20 फीट गहरे गड्ढे में गिरे। पीड़ित परिवारों ने बताया कि सभी यात्री एक ही टोले के रहने वाले थे और रोजी-रोटी की तलाश में ईंट-भट्ठा पर काम करने गोरखपुर जा रहे थे। घायलों में से तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वीरू मांझी, बाला मांझी और अनुज मांझी को पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# नालंदा में महिला की मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक 20 साल की विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एकंगरसराय थाना क्षेत्र के बड़की धावा गांव की इस घटना में मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका की पहचान नीतू कुमारी (20) के रूप में हुई है, जो मोहित पासवान की पत्नी थी। नीतू को 1 साल का बेटा भी है। शुक्रवार की शाम को उनके मायके पहुंचे। ससुराल पक्ष का दावा है कि नीतू ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। लेकिन मायके पक्ष इस बात को सिरे से खारिज कर रहा है।

♦ ससुरालवाले बोले- कई बार सुसाइड की कर चुकी थी कोशिश

**परिवार का गंभीर आरोप:** नीतू के परिजन ने बताया कि 'जब हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे, तो शव की स्थिति आत्महत्या की कहानी से मेल नहीं खाती थी। शव बेड पर पड़ा हुआ था, जबकि ससुराल वाले फांसी लगाने की बात कर रहे थे।' उन्होंने आरोप लगाया कि नीतू की गला घोंटकर हत्या की गई है। बाद में आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

**ससुराल पक्ष बोले- कुएं में कूदने की कोशिश थी:** ससुराल पक्ष का कहना है कि नीतू पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी। एक बार आग लगाने की कोशिश की थी। एक बार कुएं में कूदने की कोशिश भी की थी। उनके अनुसार, शुक्रवार शाम को पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद, जब पति घर से बाहर गए, तो नीतू ने कथित तौर पर कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

**कारणों की जानकारी के बाद होगी कार्रवाई:** एकंगरसराय थाना के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। 'पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# राजनीतिक दलों के साथ आयुक्त ने की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण बैठक

## मतदान में वृद्धि के लिए प्रचार-प्रसार, मतदान केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं को बेहतर करने का दिया गया सुझाव

- निर्वाचक सूची की पुनरीक्षण प्रक्रिया
- लिंगानुपात सुधारने के उपाय
- राजनीतिक दलों का सहयोग और सुझाव
- बी.एल.ओ. की महत्वपूर्ण भूमिका
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

सासाराम। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और सचिव के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया को सुनिश्चित करना और चुनावी सूची में सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाना था। बैठक का आयोजन डी.आर.डी.ए. सभागार में किया गया, जिसमें पटना प्रमंडल के प्रतिनिधि, निर्वाचक सूची प्रेक्षक सह आयुक्त, तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पुनरीक्षण अवधि के दौरान योग्य व्यक्तियों का पंजीकरण, दोहरी प्रविष्टि का विलोपन और अन्य आवश्यक संशोधन किए जाने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, बिहार राज्य में निर्वाचक जनसंख्या अनुपात को औसत स्तर तक लाने के लिए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से 209-करगहर, 210-दिनारा, 211-नोखा और 212-डिहरी के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे इन क्षेत्रों में जनसंख्या अनुपात के सुधार पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही, लिंगानुपात बढ़ाने के लिए विशेष निर्देश 207-चेनारी (अ०जा०), 210-दिनारा और 209-करगहर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को दिए गए। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिलाध्यक्ष श्री रामचंद्र ठाकुर, आम आदमी पार्टी (आप) के श्री हेमंत कुमार, और भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के महामंत्री श्री अशोक साह ने विशेष अभियान दिवस पर सभी मतदान केंद्रों पर बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) की उपस्थिति सुनिश्चित करने और माईकिंग के माध्यम से जागरूकता फैलाने की बात की।

बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पटना ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत में हुई वृद्धि को उत्साहवर्धक बताया और विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में बिहार राज्य में मतदान प्रतिशत में और अधिक वृद्धि के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में मतदान केंद्रों पर दी जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने और अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि मतदान में वृद्धि के लिए प्रचार-प्रसार, मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को बेहतर करने की जरूरत है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पटना ने सभी उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों से यह अनुरोध किया कि वे बी.एल.ए. (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति में सहयोग करें, क्योंकि ये बी.एल.ए. मतदान के समय निर्वाचन कार्यक्रमों के बारे में जनता को समय-समय पर सूचित करते हैं और साथ ही निर्वाचक सूची में छुटे हुए नामों के पंजीकरण और दोहरी प्रविष्टियों को हटाने में भी मदद कर सकते हैं। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों और वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे 18-19 आयुवर्ग के सभी पात्र व्यक्तियों को पंजीकरण हेतु +2 विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष कैंप आयोजित करें।

इसके अलावा, निर्वाचक साक्षरता क्लबों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने कहा कि 209-करगहर और 210-दिनारा में अपेक्षित संख्या में पंजीकरण न होने के कारण संबंधित विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सासाराम के शंकर इंटरस्तरीय विद्यालय, मतदान केंद्र संख्या 120, 121, 127, 128, और शंकर मध्य विद्यालय तकिया के मतदान केंद्र संख्या 125 और 126 का अवलोकन किया। इस दौरान बी.एल.ओ. द्वारा संग्रहित किए गए प्रपत्रों का निरीक्षण भी किया गया और आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्त्ता रोहतास, उप विकास आयुक्त रोहतास, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम/बिक्रमगंज, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सासाराम, उप निर्वाचन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त नगर निगम सासाराम, अवर निर्वाचन पदाधिकारी डिहरी/बिक्रमगंज सहित विभिन्न सरकारी अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, और कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) के प्रतिनिधियों ने भी इस बैठक में भाग लिया। इस बैठक का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को सही दिशा में लाना, मतदाता सूची को सुधारना, और आगामी चुनावों में बेहतर मतदान प्रतिशत को सुनिश्चित करना था, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके।

# चचेरे दादा ने पारिवारिक रंजिश में पोते को मारी गोली हालत गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | चेनारी (रोहतास)



रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के पांडे डीही गांव में पारिवारिक विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया, जब एक चचेरे दादा ने अपने ही पोते को गोली मार दी। शनिवार को हुई इस घटना में 22 वर्षीय गणेश कुमार को गंभीर चोटें आईं हैं। जानकारी के मुताबिक, चचेरे भाईयों के बीच लंबे समय से चली आ रही रंजिश ने आखिरकार हिंसक रूप धारण कर लिया। इस गोलीबारी की घटना से गांव में भय और सनसनी का माहौल है। गोली लगने के बाद, गणेश कुमार को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चेनारी ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही चेनारी थाना पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से एक देसी कट्टा और एक खाली कारतूस भी बरामद किया है, जो इस घटना में इस्तेमाल हुए थे। इस दुखद घटना के मुख्य आरोपी की पहचान शंकर चंद्रवंशी के रूप में हुई है, जो घायल गणेश कुमार के चचेरे दादा हैं। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों परिवारों में पुराने विवादों को लेकर तनाव बना हुआ था, जो आखिरकार हिंसक झगड़े में बदल गया। हालांकि, घटना के असल कारणों की जानकारी अभी भी पुलिस जुटा रही है, और इस मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शंकर चंद्रवंशी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उसे कानून के मुताबिक सजा मिले। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, और लोग इस तरह के पारिवारिक विवादों के हिंसक परिणामों पर चर्चा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों परिवारों में अक्सर विवाद होता था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह रंजिश इतनी बढ़ जाएगी कि चचेरे दादा अपने ही पोते की जान लेने की कोशिश करेंगे। गांव वालों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएं। चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच जारी है और घटना के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, और उस पर कानूनी प्रक्रिया के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस घटना के पीछे की असली वजह पता लगाने के लिए दोनों परिवारों के सदस्यों से पूछताछ कर रही है।

# जिनोरिया मध्य विद्यालय का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)**। प्रखण्ड के जिनोरिया मध्य विद्यालय का शनिवार को बीडीओ रवि राज ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें प्रधानाध्यापक को छोड़ चार शिक्षक व बच्चे अनुपस्थित पाए गए । बीडीओ रवि राज बीएलओ के साथ लगभग एक बजे जिनोरिया मध्य विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के सभी कमरे बंद प्रधानाध्यापक रमेश कुमार अपने कक्ष में उपस्थित थे।जाच के दौरान चार शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। प्रधानाध्यापक ने बच्चों के अनुपस्थित न होने के सवाल पर बीडीओ से बोले की शनिवार का दिन होने के चलते बच्चा नहीं आ पाए। शिक्षक के अनुपस्थिति के सम्बन्ध प्रधानाध्यापक ने साक्षरता परीक्षा के काउंसिलग में जाने तथा एक अकास्मिक अवकाश पर जाने की बात कही। जिनोरिया से निकलने के बाद बीडीओ शौणडीक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे जहा कदाचार परीक्षा में लिप्त छात्रों को देख दंग रह गए। परीक्षक ने बीडीओ को बताया कि हिन्दी के शिक्षक नही है।

# निर्माण कार्य के कारण गुप्ता धाम मार्ग को अगले आदेश तक बंद किया गया

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

विंध्य पर्वत श्रृंखला के चेनारी वन प्रक्षेत्र में स्थित बाबा गुप्तेश्वर नाथ मार्ग को रोहतास वन विभाग द्वारा अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया है। यह मार्ग अब चार पहिया वाहनों, दोपहिया वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए भी पूरी तरह से अवरुद्ध रहेगा। इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक चहलकदमी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला वन पदाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम सड़क के समतलीकरण और चौड़ीकरण कार्य की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। गुप्ता धाम जाने वाले मार्ग पर गायघाट के समीप सड़क के समतलीकरण और चौड़ीकरण का कार्य शनिवार से शुरू हो चुका है। इस कार्य के चलते सुरक्षा कारणों से इस मार्ग पर पैदल यात्रियों के साथ-साथ वाहनों की आवाजाही भी बंद कर दी गई है। इस कार्य को पूरा होने तक इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। गायघाट के आसपास सुरक्षा के विशेष उपाय किए जा रहे हैं। यहां संभावित दुर्घटना वाले स्थानों पर सुरक्षा घेरे बनाए जाएंगे ताकि यात्रियों को कोई खतरा न हो। इसके साथ ही सुरक्षा कर्मियों के बैठने के लिए प्लेटफार्म बनाए जाएंगे, जिससे कामकाजी सुरक्षा बल की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। इस कदम का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हादसों को टालना है। गुप्ता धाम मार्ग पर प्रतिवर्ष कई हादसों की घटनाएं होती रही हैं, विशेषकर गायघाट के पास। यहां श्रद्धालुओं के साथ दुर्घटनाओं के मामलों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और वन विभाग ने संयुक्त रूप से इस मार्ग के समतलीकरण और चौड़ीकरण का निर्णय लिया था। इस प्रकार के कार्य से श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जाएगी और भविष्य में हादसों की संभावना कम हो सकेगी। गुप्ता धाम मार्ग पर सड़क के समतलीकरण और चौड़ीकरण का कार्य पूरा होने के बाद यह मार्ग सामान्य यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। कार्य संपन्न होने के बाद, छोटे वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए मार्ग फिर से उपलब्ध हो जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को गुप्ता धाम तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के लिए कहा गया है। इस परियोजना के कारण श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है, लेकिन विभाग द्वारा यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और मार्ग की बेहतर स्थिति के लिए उठाया गया है।

# पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली किया बरामद

**शिवसागर (रोहतास)(नि. सं.)**। थाना क्षेत्र से शुक्रवार रात महेन्द्र यादव के हाता से ट्राली समेत ट्रैक्टर चोरी हो गया था। इस मामले को लेकर शनिवार सुबह थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं की अध्यक्षता में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मामले की जांच शुरू की गई और चोरी गए ट्रैक्टर-ट्राली के बारे में जानकारी जुटाई गई। गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही की और ट्रैक्टर-ट्राली को औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के ओबरा से बरामद किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को अपने कब्जे में लिया और इस संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने इस सफलता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस की तत्परता और तेज कार्रवाई के कारण ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद किया गया है और चोरों की पहचान के लिए जांच जारी है।

# बिहार के चार सीट समेत महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में एनडीए की शानदार जीत पर जश्न में डूबे कार्यकर्ता

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए एक सुनहरा दिन साबित हुआ, जिसमें महाराष्ट्र में भारी बहुमत से जीत हासिल की गई, बिहार की चार सीटों पर एनडीए की शानदार जीत दर्ज की गई और उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन ने भी बड़ी जीत प्राप्त की। इस खुशी के मौके पर रोहतास जिला भाजपा इकाई ने पोस्ट ऑफिस चौक पर आतिशबाजी और लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इज़हार किया। इस अवसर पर भाजपा के कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। विधायक मुरारी गौतम, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, जिला महामंत्री विजय सिंह, अशोक साह, जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह, जिला मंत्री रामायण पासवान, जिला प्रवक्ता संजय कश्यप, गुप्तेश्वर गुप्ता, सतनारायण पासवान, वकील खरवार, शरतचंद्र संतोष, कपिलेश्वर कुमार, संतोष कुमार, डॉ. शिवनाथ चौधरी, राजेंद्र प्रसाद, परमेश्वर सिंह, राकेश केशरी, दिनेश साहू, रजनीश तिवारी, मंटू सिंह, सुनील कुशवाहा, सनी चौरसिया सहित भाजपा के तमाम कार्यकर्ता इस मौके पर उपस्थित थे। विधायक मुरारी गौतम और पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश में एनडीए की भारी जीत ने यह साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता द्वारा भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह जीत आम जनता की जीत है। खासकर बिहार उपचुनाव में एनडीए की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया कि डबल इंजन की सरकार, प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार की जनता ने महागठबंधन का सफाया कर दिया और एनडीए की जीत दिलाई। जिला महामंत्री विजय सिंह ने बिहार उपचुनाव में एनडीए की चारों सीटों पर जीत पर प्रधानमंत्री मोदी जी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल जी, चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी, उपेन्द्र कुशवाहा जी, सम्राट चौधरी जी, विजय सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार की जनता अब विकास चाहती है, विनाश नहीं। इसलिए जनता ने एनडीए को जनादेश देकर राज्य में विकास की दिशा में कदम बढ़ाया है। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और खुशी के गीत गाकर इस जीत का जश्न मनाया। साथ ही, एनडीए की जीत को बिहार के भविष्य के लिए एक नया दिशा और नई उम्मीद के रूप में देखा। यह जीत इस बात का संकेत है कि बिहार में विकास की राजनीति को जनसमर्थन मिल रहा है और जनता का विश्वास एनडीए पर कायम है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह जीत न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश में एनडीए के नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया को और मजबूत करेगी। कार्यकर्ताओं ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में भी ऐसे ही सफल चुनावी परिणामों की उम्मीद है, जो देश की प्रगति और समृद्धि के रास्ते खोलेंगे।

# टीईटी ने सीपीआर देकर बचाई बुज़ुर्ग यात्री की जान

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

एकबार फिर चलती ट्रेन में टीटीई ने 'भगवान' बनकर एक यात्री की जान बचाई है। छपरा में यात्रा के दौरान अचानक अचेत हुए बुजुर्ग की जान बचाने के लिए भारतीय रेल के टीटीई राजीव कुमार और मनमोहन ने पूरी जान लगा दी। चलती ट्रेन में बुजुर्ग को सीपीआर और माउथ-टू-माउथ ऑक्सीजन सपोर्ट देने की वजह से उनकी जान बच गई। दरअसल अमृतसर से हाजीपुर जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस (15708) के जनरल कोच में एक बुजुर्ग दंपत्ति यात्रा कर रहे थे। अचानक 70 वर्षीय बुजुर्ग की तबियत बिगड़ी और वो अचेत हो गए। तभी उनकी पत्नी चिल्लाते हुए मदद की गुहार लगाने लगी। महिला को देख टीटीई राजीव कुमार और मनमोहन कुमार मौके पर पहुंचे। बुजुर्ग की स्थिति को देख बिना समय गवाएं वो CPR और माउथ-टू-माउथ ऑक्सीजन सपोर्ट देना शुरू किया। करीब 5 मिनट तक लगातार कोशिश के बाद यात्री की स्थिति में सुधार दिखना शुरु हो गया। जिसके बाद बुजुर्ग ने अपनी आंखें खोली और उठकर बैठ गए। जिसके बाद कोच में मौजूद सवारियों ने कहा कि टीटीई साहब भगवान का दूत बनकर आए हैं। ट्रेन के छपरा पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने उनका इलाज किया और सिविल अस्पताल रेफर कर दिया।

# यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पुणे और दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पुणे और दानापुर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 01481/01482 का परिचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन पुणे से 24.11.2024 को तथा दानापुर से 26.11.2024 को परिचालित किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे। गाड़ी सं. 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल 24.11.2024 को पुणे से 19.55 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेषनों पर रूकते हुए 26.11.2024 को 01.00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 02.10 बजे बक्सर तथा 03.23 बजे आरा रूकते हुए 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 01482 दानापुर-पुणे स्पेषल 26.11.2024 को दानापुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर 07.10 बजे आरा, 08.00 बजे बक्सर एवं 10.45 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 27.11.2024 को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी।

# मारपीट के आरोप में युवक गिरफ्तार

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)**। स्थानीय थाना पुलिस ने शनिवार को मारपीट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी दी कि यह गिरफ्तारी थाना कांड संख्या 479/24 के तहत की गई है। आरोपित, कुंड गांव निवासी स्वर्गीय भगवान सिंह का पुत्र राजा कुमार है। उन्होंने बताया कि राजा कुमार का खुद का आपराधिक इतिहास रहा है। इस मामले की शुरुआत तब हुई, जब दिनारा निवासी लवकुश सेठ के पुत्र विकास कुमार ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट की लिखित शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने राजा कुमार को आरोपित पाया और उसे हिरासत में ले लिया।

# नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी के गंभीर मामले में आरोपी को दो वर्ष सश्रम कारावास

निज संवाददाता | भभुआ (कैमूर)

विशेष न्यायाधीश की अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी के गंभीर मामले में आरोपी को दो वर्ष सश्रम कारावास और पंद्रह हजार रुपये का जुर्माना देने की सजा सुनाई है। यह फैसला एडीजे षष्ठम सह पाक्सो अधिनियम के विशेष न्यायाधीश आशुतोष कुमार उपाध्याय ने सुनाया। अदालत ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि अगर आरोपी ने अर्थदंड की राशि जमा नहीं की तो उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस फैसले को लेकर जिले में न्याय प्रक्रिया की सख्ती की सराहना हो रही है। पाक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक शशि भूषण पांडेय ने बताया कि यह घटना 4 जुलाई 2018 की है, जब पीड़िता अपने घर में अकेली सो रही थी। इसी दौरान गांव का ही आरोपी चुपके से उसके घर में दाखिल हुआ और उसने लड़की के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने की कोशिश की। पीड़िता ने पूरी हिम्मत के साथ उसका विरोध किया और जोर-जोर से चिल्लाने लगी।

पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी घबराकर वहां से भाग खड़ा हुआ। यह मामला तब और संगीन हो गया जब पुलिस ने उसकी शिकायत दर्ज की और आरोपों की सख्ती से जांच की गई। इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी अदालत के सामने रखी और कुल आठ गवाहों की गवाही करवाई गई। गवाहों ने स्पष्ट तौर पर अदालत के सामने घटना की पुष्टि की और आरोपी के अपराध में संलिप्तता को लेकर कोई संदेह नहीं छोड़ा। अदालत ने सभी साक्ष्यों और गवाहों की गवाही के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश सबूतों ने अदालत को यह यकीन दिलाया कि आरोपी ने यह घिनौना अपराध किया था और उसे सजा मिलनी चाहिए। अदालत का फैसला आने के बाद पीड़िता और उसके परिवार में न्याय की भावना जगी है। इस निर्णय को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी या शारीरिक उत्पीड़न के मामलों में कानून सख्ती से कार्रवाई करेगा।

# रबी महाअभियान की कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नौहट्टा (रोहतास) (नि. सं.)**। स्थानीय ई- किसान भवन में शनिवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश रंजन की अध्यक्षता में रबी महाअभियान की प्रखंडस्तरीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रबी फसल के उत्पादन को लेकर सही जानकारी और मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों को गेहूं के बीज के वितरण और इसके उपयोग के तरीके से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश रंजन ने किसानों से कहा कि जो किसान रबी फसल के लिए गेहूं बीज लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं, वे अब बीज उठाव के लिए संबंधित केंद्रों पर जा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने गेहूं में उर्वरक डालने की सही मात्रा के बारे में विस्तार से बताया, ताकि फसल की उत्पादकता को अधिकतम किया जा सके। कृषि यंत्रों की आवश्यकता वाले किसानों को ऑनलाइन आवेदन करने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें आवश्यक कृषि उपकरण समय पर मिल सकें।

# अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर चार उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ एक जांच दल का किया गया गठन

- बकायेदारों पर दंडित राशि लगाने की कार्रवाई
- बिजली चोरी करने वालों को चेतावनी

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा आनंद कुमार के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। इस जांच दल ने अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने के आरोप में चार उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह कार्रवाई उस समय की गई जब विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटने का अभियान शुरू किया, लेकिन कुछ उपभोक्ताओं ने बिना बकाया राशि और रिकनेक्शन शुल्क जमा किए ही अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करना शुरू कर दिया। जांच के दौरान, ग्राम शिओबहार के अक्षरी लाल साह पर 43,923 रुपए, जागेश्वर साह पर 39,681 रुपए, लाल बाबू सिंह पर 20,716 रुपए और विजय कुमार सिंह पर 20,534 रुपए की दंडित राशि लगाई गई है। इन उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपभोग किया जा रहा था।

सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने बकाया राशि और रिकनेक्शन शुल्क को जमा करने के बाद ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास करके बिजली की चोरी कर रहे हैं, उन्हें तत्काल सुधार कर लेना चाहिए। इसके अलावा, जो लोग बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हुए हैं, वे कनेक्शन ले लें, अन्यथा पकड़े जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह अभियान विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को बिजली चोरी के खिलाफ सख्त संदेश देने और सभी को कानूनी दायरे में लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सहायक विद्युत अभियंता ने यह भी कहा कि अवैध रूप से बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी उपभोक्ता नियमों का उल्लंघन न करे। साथ ही, विभाग की तरफ से यह चेतावनी दी गई है कि सभी उपभोक्ता अपनी बिजली की कनेक्शन स्थिति और बिलिंग स्थिति को सही रखें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सके।

# विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज क्षेत्र में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की स्थापना, 12225 उपभोक्ता जुड़े

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज क्षेत्र में 12225 से ज्यादा उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अपना लिया है। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के तहत आने वाली पांच शाखाओं में स्मार्ट प्रीपेड मीटर की जिम्मेदारी इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को दी गई थी। इस एजेंसी द्वारा विभिन्न प्रखंडों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित किए गए हैं। इनमें बिक्रमगंज में 3112, सूर्यपुरा में 628, दिनारा में 4283, दावथ में 1295 और संझौली में 2907 स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड की ओर से उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक और ऑडियो रीले के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि कैसे स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत और रिचार्ज की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही, प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं के सवालों का उत्तर भी दिया जा रहा है ताकि वे इस नए मीटर के सभी लाभों का सही तरीके से उपयोग कर सकें। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को विशेष रूप से बिहार ऊर्जा स्मार्ट मीटर एप के उपयोग के बारे में भी बताया जा रहा है। इस एप के माध्यम से उपभोक्ता अपनी रोज़ की बिजली खपत, रिचार्ज का स्टेटस और बैलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान भी इस एप के जरिए किया जा सकता है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली ऑफिस के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है, और उनकी समस्याओं का समाधान तुरंत ऑनलाइन हो जाता है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत सभी सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों/कर्मचारियों के आवास में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य आम उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर के प्रति विश्वास बढ़ाना है, ताकि वे इस तकनीक को आसानी से अपनाएं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें एक पुश बटन भी लगाया गया है, जिसे उपभोक्ता महीने में एक बार उपयोग कर सकते हैं। यह बटन विशेष रूप से तब काम आता है जब उपभोक्ता रिचार्ज करना भूल जाते हैं। यदि बिजली का बैलेंस समाप्त हो जाए और रिचार्ज के बाद बिजली तुरंत बहाल न हो, तो इस बटन को 20 सेकंड तक दबाकर रखने से बिजली तुरंत चालू हो जाती है। इस सुविधा से उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलती है और बिजली की आपूर्ति में कोई रुकावट नहीं होती। इस प्रकार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए न केवल सुविधाजनक है बल्कि बिजली की खपत और प्रबंधन को भी अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



### जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति और एकल उपयोग प्लास्टिक से संबंधित जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक आयोजित

# बैठक में जिलाधिकारी ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता | नवादा



नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति और एकल उपयोग प्लास्टिक से संबंधित जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों, गंगा नदी के संरक्षण और एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर चलाए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जो जिले के पर्यावरणीय सुधार और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सबसे पहले नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में पौधा रोपण को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में पेड़-पौधे लगाए जाएं ताकि न केवल नदी का संरक्षण हो, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से गंगा नदी के आसपास की सफाई और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से काम करने की बात कही। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी को पर्यावरणीय मानकों और विधि-सम्मत प्रावधानों के अनुसार वाहनों के परिचालन की निगरानी करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि वाहनों का परिचालन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सही तरीके से किया जाए ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को यह निर्देश दिया गया कि वह वृक्षारोपण के लिए विशेष अभियान चलाएं और स्थानीय नागरिकों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। सड़क किनारे वृक्षारोपण की आवश्यकता पर जोर देते हुए, डीएम ने कार्यपालक पदाधिकारी से कहा कि वे सड़क किनारे की खाली जगहों की पहचान करें और वहां पेड़-पौधे लगाए जाएं। इसी तरह, जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि सभी प्रधानाध्यापकों के माध्यम से स्कूलों में वृक्षारोपण सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए, ताकि वे पर्यावरण के महत्व को समझ सकें और इस दिशा में योगदान कर सकें। डीएम ने निर्माण कार्यों को लेकर भी कुछ अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े निर्माण कार्य खुले में न किए जाएं, बल्कि इन्हें ढककर ही किया जाए ताकि धूल और अन्य प्रदूषक तत्वों से बचाव किया जा सके। इसके अलावा, उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को यह निर्देश दिया कि चाय स्टालों और होटलों में कोयला का उपयोग कम करने के लिए जागरूकता फैलाएं और प्रदूषण की रोकथाम के लिए कोयले के स्थान पर अन्य पर्यावरण-मित्र ईंधन का उपयोग करने को प्रोत्साहित करें। एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ अभियान को और तेज करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे प्लास्टिक उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करें और प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को लेकर जनता में जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। बैठक में अपर समाहर्ता श्री चंद्रशेखर आजाद, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रेष्ठ कुमार कृष्णा, जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडे, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक में उठाए गए कदमों को लेकर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया और जिले के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाने का वादा किया। यह बैठक पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश साबित हुई और जिले में पर्यावरणीय सुधार के कार्यों को गति देने के लिए सभी अधिकारियों को एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया गया।

## डीएम-एसपी ने किया संयुक्त ब्रीफिंग

निज संवाददाता | नवादा

नवादा समाहरणालय स्थित सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में पैक्स चुनाव-2024 के पहले चरण को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में चुनाव की सुरक्षा और संचालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई और चुनाव को शांति और निष्पक्षता से संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बैठक में बताया कि नवादा जिले में पैक्स चुनाव-2024 कुल चार चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण का मतदान 26 नवंबर 2024 (मंगलवार) को होगा, इसके बाद 29 नवंबर 2024 (शुक्रवार), 1 दिसंबर 2024 (रविवार) और 3 दिसंबर 2024 (मंगलवार) को बाकी चरणों का मतदान होगा। पहले चरण में पांच प्रखंडों में चुनाव होंगे, जो कि गोविंदपुर, कौआकोल, मेसकौर, रजौली और सिरदला हैं। इस चरण में कुल 64 पैक्स, 71 भवन और 187 बूथ होंगे, जहां पर कुल 1 लाख 14 हजार 54 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला पदाधिकारी ने यह भी बताया कि मतदान की प्रक्रिया को शांति से संपन्न कराने के लिए कुल 29 सेक्टर दंडाधिकारी, 5 सुपर जोनल दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## जनता दरबार में आए आठ मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार एवं राजस्व कर्मचारी नंदन कुमार भी मौजूद रहे।सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जमीन से संबंधित विवाद के 8 मामले जनता दरबार में पहुंचे थे।जनता दरबार में आये सभी 8 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है।इस बार जनता दरबार में अमावां गांव की सिया देवी का विवाद सुरेंद्र सिंह,सिमरकोल गांव की अनिता देवी का विवाद मनोज कुमार,गागन खुर्द गांव के किशुन यादव का विवाद राजकुमार यादव, टकुआटांड़ की उषा देवी का विवाद रंजीत मालाकार व नारायण शर्मा का विवाद ओमप्रकाश विश्वकर्मा, हाथोचक गांव के रामबालक यादव का विवाद कुलेश्वर यादव, भोला बिगहा गांव के संजय कुमार का विवाद दशरथ पंडित एवं गंगा बिगहा गांव की उर्मिला देवी का विवाद उमेश प्रसाद सिंह से था। उक्त सभी 8 मामलों में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में मामला ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है। प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया। जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया।साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें, बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

## 15 पंचायतों के 37 बूथों पर होगा पैक्स चुनाव के लिए मतदान, प्रशासनिक तैयारियां पूरी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)




आगामी 26 नवंबर को रजौली प्रखंड क्षेत्र में पैक्स चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होगा। इस चुनाव के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सभी मतदान केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। प्रखंड के 15 ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 25313 मतदाता मतदान करेंगे, जिनमें से जोगियामारण पंचायत के तीन मतदान केंद्रों पर 1576 मतदाता मतदान नहीं करेंगे क्योंकि वहां पैक्स अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हो चुका है। नगर पंचायत और 15 ग्राम पंचायतों के 37 मतदान केंद्रों पर कुल 23797 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि इन मतदान केंद्रों में 13 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं, जबकि सिरोडावर, सवैयाटांड़ और धमनी पंचायतों में तीन मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील माने गए हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी की है और शांति बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। 26 नवंबर को मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा।

बीडीओ संजीव झा ने कहा कि चुनाव में अधिकतम पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर निगरानी रखी जाएगी और मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। चुनाव के बाद 27 नवंबर को रजौली इंटर स्कूल के प्रांगण में मतगणना का कार्य किया जाएगा। मतगणना के बाद, विजयी पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, जिससे यह प्रक्रिया औपचारिक रूप से पूरी होगी। प्रशासन ने मतगणना को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए विशेष निगरानी सुनिश्चित की है। प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के मुताबिक, मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न होने की उम्मीद जताई जा रही है। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा मतदान प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी, ताकि कोई भी गड़बड़ी न हो और सभी मतदाता अपना मत सही तरीके से दे सकें। इस चुनाव को लेकर मतदाताओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है और वे अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए तैयार हैं।

### पैक्स अध्यक्ष पद पर शीतल कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित

वारिसलीगंज (नवादा) (नि. सं.)। वारिसलीगंज वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत बाघीवरडीहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष शीतल प्रसाद का जलवा बरकरार रह गया। वे लगातार चौथी बार पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं।बता दें की पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन वापसी के अंतिम दिन पंचायत के अन्य दो अभ्यर्थी बब्लू प्रसाद पिता महेंद्र प्रसाद एवं मीना देवी के द्वारा अंतिम समय में नामांकन वापस लिये जाने के बाद शीतल प्रसाद लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। इनके निर्विरोध निर्वाचित होने पर इनके समर्थकों में काफ़ी उत्साह देखा गया। इन्होंने कहा की पंचायत के किसानों की समस्याओं का निदान हमारी प्राथमिकता में हमेशा रहती है। किसी किसान को किसी प्रकार की समस्या होती है तो जानकारी मिलते ही हर समय सुख और दुःख में सदैव खड़ा रहने का प्रयास करता रहा हूँ। मुझे लगता हैं की आज उसी का परिणाम है की पंचायत के सभी लोगों लोगों ने मुझे भरपूर प्यार और समर्थन दिया है जिसके लिये आजीवन आभारी रहूंगा।इन्होंने मुखिया प्रतिनिधि सोनू कुशवाहा सहित पंचायत के दर्जनों लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए जीत का श्रेय पंचायतवासियों को समर्पित किया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा



जिले की हिसुआ पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी किसी लूट की योजना बना रहे थे, जो पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण विफल हो गई। इस संदर्भ में हिसुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपियों के खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस समय की है जब पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक हिसुआ थाना क्षेत्र में स्थित गया-नवादा मुख्य मार्ग पर चोरी और छिनतई की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और दोनों युवकों को एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद, आरोपियों से पूछताछ की गई और उनकी पहचान की गई, जिनका नाम गौरव कुमार (22 वर्ष) और पवन कुमार (20 वर्ष) बताया गया। गौरव कुमार का घर बड़ही बिगहा थाना हिसुआ में है, जबकि पवन कुमार का निवास स्थान बंडाचक थाना नरहट, नवादा जिला है। इस संबंध में हिसुआ थाना कांड संख्या 708/24 दिनांक 23/11/24 के तहत धारा (4)/317(5)/336(3)/11(2) BNS 2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ चोरी, लूटपाट और छिनतई के आरोपों के साथ-साथ अन्य आपराधिक मामलों में भी कार्रवाई की है। पुलिस ने कहा कि ये आरोपी पहले भी कई गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं, जिनमें हिसुआ थाना में दर्ज आर्म्स एक्ट, बाइक चोरी और लूटपाट जैसे मामले शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि इन आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन मामलों में हिसुआ थाना कांड संख्या 15/18, दिनांक 12.09.18 के तहत धारा 394/34 भा०द०वि०, कांड संख्या 365/18, दिनांक 26.12.18 के तहत धारा 461/379/411/34 भा०द०वि०, कांड संख्या 172/20, दिनांक 07.06.20 के तहत धारा 341/323/504/506/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में भी उनकी संलिप्तता रही है। इस बार भी पुलिस ने उनके खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस सफलता से अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है कि पुलिस किसी भी अपराध को हल्के में नहीं लेगी और जो भी अपराधी समाज में अशांति फैलाने की कोशिश करेगा, उसे कड़ी सजा दिलवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, और पुलिस उनकी अन्य आपराधिक गतिविधियों की जांच कर रही है।

### न्यायालय परिसर में आयुष्मान कार्ड बनाने की हुई शुरुआत

नवादा (नि.सं.)। जिला विधि सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार झा ने व्यवहार न्यायालय परिसर में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अब राशनकार्ड धारक, 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग, तथा बिहार सरकार के जॉब कार्डधारक व्यवहार न्यायालय परिसर में आकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्डधारक को एक वर्ष के भीतर 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज कराने का लाभ मिलेगा, जो सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का हिस्सा है। सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्डधारकों को इलाज में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर, जिला जज ने नगर निवासी राजीव रंजन और बब्बन पांडेय को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। उद्घाटन से पहले सिविल सर्जन डॉ. नीता अग्रवाल ने पुष्प गुलदस्ता देकर जिला जज का स्वागत किया।

## बिहार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की जीत होने पर मनाया गया जश्न

### बेलागंज जदयू चुनाव प्रभारी अफरोजा खातुन ने लड्डू बांटकर मनाया जश्न

- एनडीए की विजय पर कार्यकर्ताओं का जश्न
- बेलागंज में अफरोजा खातुन की मेहनत रंग लाई
- विधायक मनोरमा देवी का मुख्यमंत्री और अफरोजा को धन्यवाद

निज संवाददाता | नवादा

बिहार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए के चारों प्रत्याशियों ने शानदार जीत हासिल करते हुए महागठबंधन को करारा झटका दिया। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही एनडीए कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने पूरे जिले में जश्न मनाना शुरू कर दिया। इस जीत को लेकर एनडीए के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी और सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। जश्न के इस अवसर पर बेलागंज जदयू चुनाव प्रभारी अफरोजा खातुन ने भी अपनी टीम के साथ खुशी मनाई। उन्होंने जीत के जश्न में मिठाई बांटने के साथ-साथ समर्थकों से मिलकर उन्हें धन्यवाद दिया। जदयू के इस शानदार प्रदर्शन के बाद अफरोजा खातुन का उत्साह देखते ही बनता था। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में जदयू की शानदार जीत के बाद अफरोजा खातुन का योगदान महत्वपूर्ण रहा, खासकर अल्पसंख्यक मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में लाने में उनकी कड़ी मेहनत ने ही यह जीत संभव की। बता दें कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र, जो वर्षों से राजद का गढ़ माना जाता था, अब जदयू के लिए एक नई पहचान बन गया है। जदयू की उम्मीदवार मनोरमा देवी ने इस बार जीत का स्वाद चखा और पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरीं। यह जीत न केवल पार्टी के लिए, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अफरोजा खातुन की कड़ी मेहनत का परिणाम है। विधायक मनोरमा देवी ने अपनी जीत के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अफरोजा खातुन को फोन करके उन्हें आभार व्यक्त किया और बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों और अफरोजा खातुन की मेहनत ने एक असंभव सी स्थिति को संभव कर दिखाया। उनका कहना था कि यह जीत पार्टी की एकजुटता और उनके द्वारा किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। इस जीत के बाद जदयू कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया है और वे अब आगामी चुनावों में और अधिक मेहनत और ताकत के साथ तैयार हैं। बेलागंज में जदयू की जीत को लेकर स्थानीय स्तर पर भी खुशी का माहौल है और लोग अब इस जीत को ऐतिहासिक मानते हुए जश्न मना रहे हैं।

## 91.8 लीटर विदेशी शराब के साथ एक स्कार्पियो जब्त, पुलिस ने पांच धंधेबाज को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली ( नवादा )



थाना क्षेत्र के फुलवरिया डैम के रास्ते से शराब ढ़ोने वाले एक स्कार्पियो को पुलिस ने जब्त किया है।जब्त स्कार्पियो से 91.8 लीटर विदेशी शराब को जब्त किया गया।वहीं मौके से पांच शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती जंगली रास्तों का उपयोग कर शराब की खेंप को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जाता है।हालांकि पुलिस बलों की तत्परता से शराब धंधेबाजों के मंसूबों पर पानी भी फेरा जाता रहा है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में शराबबंदी के नियमों के पालन हेतु पुलिस बलों की सहायता से सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की जा रहीव है।इसी बीच शुक्रवार की रात्रि को फुलवरिया डैम के रास्ते से होकर शराब की खेंप आने की सूचना मिली।गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित पीएसआई रौशन कुमार को सशस्त्र बलों के साथ भेजा गया।छापेमारी के दौरान डैम के रास्ते से तेजी से एक स्कार्पियो एनएच-20 की तरफ भागते हुए पाया गया।जिसका पीछा कर पुलिस बलों ने करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप पकड़ लिया।स्कोर्पियो संख्या डब्लूबी02जेड7259 से कुल 91.8 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है।वहीं स्कोर्पियो में सवार रहे कुल पांच शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान वारसलीगंज थाना क्षेत्र के रसणपुर गांव निवासी नंदू पासवान के पुत्र मनीष कुमार,नरेश पासवान के पुत्र सन्दीप कुमार व बहादुर शाह के पुत्र विष्णु कुमार,मुरलाचक गांव निवासी राजकुमार रविदास के पुत्र अमन कुमार एवं ठेरा गांव निवासी जितेंद्र सिंह के पुत्र आनंद कुमार के रूप में हुई है।साथ ही कहा कि गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं सभी गिरफ्तार लोगों का स्वास्थ्य जांच अनुमंडलीय अस्पताल में करवाने के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## 25 पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार चुनाव में आजमा रहे हैं अपनी किस्मत

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

नारदीगंज में प्राथमिक कृषि शाख सहयोग समिति (पैक्स) चुनाव पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित हो गया है। वही प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य को भी प्रतीक चिन्ह मिलते ही चुनावी राजनीति तेज हो गई है। उम्मीदवार घर घर जाकर मतदाताओं को रिझाने में लग गए हैं। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने कहा डोहरा व पेश पंचायत में नाम वापसी के बाद पैक्स अध्यक्ष पद एक एक उम्मीदवार रहे। ऐसे में अब आठ पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद पर चुनाव होना है। इस चुनाव में विभिन्न पैक्सों के 25 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है।पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ओड़ो में दो,नारदीगंज में दो,कोसला में चार, परमा में चार, हंडिया में दो, कहुआरा में चार, मसौढा में दो और इचुआकरना पंचायत में पांच चुनाव में हैं। इसमें सर्वाधिक उम्मीदवार इचुआकरना में पांच उम्मीदवार हैं। वही प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य भी चुनावी अखाड़े में किस्मत आजमा रहे है। कई सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सभी उम्मीदवारों को हिंदी वर्णमाला के अनुसार चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को मोतियों का माला, ब्लैक बोर्ड, ईंट, किताब व अन्य चुनाव चिन्ह मिला है।तो प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य को विभिन्न कोटि के अलग चुनाव चिन्ह मिला है। सदस्य में सामान्य को स्लेट, चम्मच, स्टूल, टेबल लैम्प व अन्य,पिछड़ा को गुड़िया,चापाकल, कुर्सी व अन्य, अति पिछड़ा को छत का पंखा, नारियल, चारपाई व अन्य,अनुसूचित जाति/जनजाति को वायुयान, कुल्हाड़ी व अन्य चुनाव चिन्ह मिला है।चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार प्रसार में उम्मीदवार लग गये हैं।इस प्रखंड में तीसरे चरण में आगामी 29 नवम्बर को पैक्स चुनाव बैलेट पेपर पर होगा।मतदाता बैलेट पेपर पर अपने चहेते उम्मीदवार को स्वस्तिक चिन्ह लगाकर वोट देंगे।पैक्स अध्यक्ष व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के उम्मीदवारों का अलग अलग रंग का बैलेट पेपर होगा।प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के विभिन्न कोटि के उम्मीदवारों का भी अलग अलग रंग का बैलेट पेपर होंगे।

## मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण में लगे बीएलओ, 2025 विस चुनाव की तैयारी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य शनिवार से शुरू हो गया है। इस पुनरीक्षण में मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य दो दिवसीय प्रक्रिया के रूप में सभी मतदान केंद्रों पर चल रहा है। प्रशासन ने इस कार्य में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) की मदद ली है, जो मतदाता सूची में सुधार और अपडेट करने का कार्य कर रहे हैं। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार और प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया और बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के प्रयास करें। इसके साथ ही उन्हें यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी मतदाता अपने नाम को सही तरीके से सूची में देखें और जरूरी सुधार कराएं। इसके अतिरिक्त, विशेष शिविर नारदीगंज डिग्री कॉलेज और नारदीगंज महाविद्यालय में आयोजित किए गए, जहां मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य को और तेज किया गया। इस दौरान बीएलओ ने मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र छह, नाम हटाने के लिए प्रपत्र सात और नाम संशोधन के लिए प्रपत्र आठ भरवाए। मौके पर मतदाताओं ने अपने नाम जोड़ने के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज की फोटो, मोबाइल नंबर (अगर मतदाता का नहीं हो तो अभिभावकों का मोबाइल नंबर), और ईमेल आईडी भी प्रपत्र के साथ संलग्न किए। इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने अपनी पूरी मेहनत और जिम्मेदारी से कार्य किया। मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में मतदान केंद्र 56 पर बीएलओ कुमारी पूजा, बूथ संख्या 34 पर बीएलओ गीता शर्मा, और अन्य कई बीएलओ जैसे मनोज रविदास, रामनंदन प्रसाद, विद्याभूषण कुमार ने अपने-अपने केंद्रों पर समर्पण के साथ कार्य किया। इस कार्य के द्वारा प्रशासन ने मतदाता सूची को पूरी तरह से अपडेट और सटीक बनाने का लक्ष्य रखा है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में सभी पात्र मतदाता अपना वोट डाल सकें।

## कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा अनावरण समारोह को सफल बनाने को लेकर जदयू की बैठक

निज संवाददाता | वारिसलिगंज



वारिसलिगंज। नगर परिषद क्षेत्र के सूर्य मंदिर परिसर में स्थित स्वामी सहजानंद स्मारक भवन में आगामी 1 दिसंबर को होने वाले कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा अनावरण और जदयू के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से जदयू प्रखंड और नगर मंडल की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राय ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव चंद्रमौली शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह वारिसलिगंज प्रखंड प्रभारी अशोक मेहता ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि नवादा गांधी इंटर विद्यालय मैदान में आयोजित इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। अशोक मेहता ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण, जदयू के सामाजिक न्याय और समानता के संकल्प को दर्शाता है और यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन, कार्यकर्ताओं में जोश भरने और जनता के बीच पार्टी की सशक्त उपस्थिति स्थापित करने का अवसर है। नगर अध्यक्ष रणविजय प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सम्मेलन में भाग लेने को लेकर लोगों को प्रेरित करें और कार्यक्रम के प्रति आम जनता में जागरूकता बढ़ाएं। बैठक में उपस्थित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम की महत्ता समझाएंगे और उन्हें अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे। इस अवसर पर प्रखंड के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिनमें महेश भाई पटेल, राम पति सिंह, मंटू रविदास, भोला शंकर पांडेय, पप्पू चौधरी, और मो. इरफान जैसे प्रमुख लोग शामिल थे, ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इन नेताओं ने अपने वक्तव्यों में कर्पूरी ठाकुर के विचारों और उनकी सामाजिक न्याय की भावना को याद करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जैसे महापुरुषों की प्रेरणा से ही पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। बैठक के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी, जहां पंचायतों के अन्य महत्वपूर्ण लोगों को भी जोड़ा जाएगा ताकि कार्यक्रम में जनसहभागिता को अधिकतम स्तर तक पहुंचाया जा सके। इस सम्मेलन के माध्यम से जदयू अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एकजुट करके संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम उठाने का प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होगा वीकेएसयू में दीक्षांत समारोह

**आरा**। वीकेएसयू का छठा दीक्षांत समारोह दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में पुराने कैम्पस में होगा। दीक्षांत की तैयारी विश्वविद्यालय ने शुरु कर दी है। आवेदकों से समारोह में शामिल होने के लिए 1500 रुपए का चालान मांगा गया है। इसके लिए दो दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में 10, 11 अथवा 12 को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह कराने के लिए राजभवन को प्रस्ताव भेजा गया है। इस बार दीक्षांत में सत्र 2016 से 2023 तक के पीजी के टॉपर को गोल्ड मेडल देने का निर्णय लिया गया है। वहीं पीएचडी डिग्री वाले शोधार्थी जो 31 अक्टूबर 2024 तक पीएचडी किए है, उन्हें पीएचडी की उपाधि मिलेगी। कुलसचिव डॉ रणवजिय कुमार ने बताया कि वैसे छात्र-छात्राएं जो डिग्री प्राप्त करने के लिए पूर्व में शुल्क जमा किए है। उनको दुबारा शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

### मानसिक आरोग्यशाला में 70 वर्षीय विक्षिप्त महिला की मौत

**कोईलवर**। मानसिक आरोग्यशाला कोईलवर में इलाज के क्रम में एक 70 वर्षीय अज्ञात विक्षिप्त व शारीरिक रूप से कमजोर महिला की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि उक्त महिला को सिवान जिले के महाराज गंज पुलिस ने 23 अगस्त 2024 को लाकर मानसिक आरोग्यशाला कोईलवर में भर्ती कराया था। वह शारीरिक रूप से कमजोर व विक्षिप्त थी। शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। प्रबंधन ने इसकी सुचना कोईलवर थाना को दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच शव को साथ लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। अस्पताल प्रबंधन ने शव का दाह संस्कार कराया।

### दो लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आरा**। उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को बक्सर-पटना फोरलेन पर रतनपुर सनदिया ओवरब्रिज के पास गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच के क्रम में पिकअप के तहखाने में छिपाकर रखी गई दो लाख मूल्य की शराब को जब्त कर दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों तस्कर बक्सर के दीपक यादव और मंतोष कुमार यादव है। सहायक उत्पाद आयुक्त रजनीश ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर यूपी से पटना जा रही दो लाख की विदेशी शराब जब्त करते हुए दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार दोनों तस्कर को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

### दुर्घटना में उदवंतनगर के दो युवक घायल

**आरा**| चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक जख्मी हो गए। जख्मी दोनों युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव के निवासी 26 वर्षीय आनंद यादव पिता रणजी यादव और 20वर्षीय राहुल कुमार पिता पशुपति सिंह है।जख्मी दोनों युवक किसी काम से चरपोखरी जा रहे थे।उसी क्रम में गड़हनी के पास सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गए।घटना के बाद दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

### खेलने के क्रम में आहर में डूबने से बच्चे की मौत

**आरा**। तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव के पास खेलने के क्रम में आहर में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक मोहित कुमार था। वह करथ गांव के निवासी टेलु डोम का पुत्र था और आंगनबाड़ी में पढ़ता था। मोहित के चाचा महेंद्र डोम ने बताया कि गुरुवार की शाम मोहित गांव के कुछ बच्चों के साथ खेलने के लिए आहर के किनारे चला गया। वहां खेलने के दौरान वह आहर में गिर पड़ा और डूब गया। साथ में खेल रहे बच्चों ने घटना की सूचना हमलोगों कोदिया। सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंच स्थानीय लोगों की।मदद से शव को।पानी से बाहर निकाल लिया गया। जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दिया गया।सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को।सदर अस्पताल भेज शव का पोस्टमार्टम कराया। परिवार में मां रीना देवी, भाई सूरज कुमार और शिवा कुमार है।

### पांडेय पट्टी में राम कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

**बक्सर**|पांडेय पट्टी ठाकुरबाड़ी में राम कथा का आयोजन हो रहा है| जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। स्थानीय निवासी और आसपास के क्षेत्रों के लोग इस आयोजन से भक्ति रस में डूब रहे हैं। नेहनिधि श्रीमन नारायण दास भक्ति माली महाराज की जन्मस्थली पर यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। श्रद्धालुओं ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राम कथा से भक्ति और अध्यात्म की धारा प्रवाहित हो रही है। राम कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश पर परिवादी को मिला 553 लाख का चेक

**बक्सर**। जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश पर शुक्रवार को एलआईसी के द्वारा परिवादी को साढ़े पांच लाख रुपए का चेक दिया। परिवादी ने एलआईसी के खिलाफ सेवा में त्रुटि का मामला आयोग में दर्ज कराई थी। आयोग ने एलआईसी के विरुद्ध फैसला सुनाया था। जिला उपभोक्ता आयोग के अधिवक्ता विष्णु द्विवेदी ने बताया कि संतोष कुमार ने अपनी पत्नी के नाम पर एलआईसी से बीमा खरीदा था। बीमा खरीदने के कुछ समय के बाद उनकी पत्नी की मौत तबीयत खराब होने के कारण हो गई। संतोष कुमार ने एलआईसी में भुगतान के लिए सारा कागजात जमा किया था। एलआईसी के द्वारा बीमा खरीदने के दौरान बीमारी छुपाने की बात कह



पैसा देने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने मामले को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज कराई थी। विपक्षी ने यह कहकर कि परिवादी की पत्नी पूर्व से कैंसर से ग्रसित थी तथा रोग को छिपाकर उक्त पॉलिसी को लिया गया था। ऐसे में विपक्षी ने परिवादी के दावे को निरस्त कर दिया था। कोई विकल्प नहीं पाते हुए परिवादी ने अपने उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दर्ज कराई थी। सुनवाई में विपक्षी की सेवा में त्रुटि पाते हुए फैसला सुनाया गया। आयोग के आदेश पर एलआईसी ने परिवादी को 5 लाख 52 हजार 960 रुपए का चेक दिया।

### मतदान केंद्र बदलने को लेकर सचिव ने डीएम से 24 घंटे में मांगा जवाब

**बक्सर**। जिले के चौसा प्रखंड के रामपुर कला पैक्स मतदान केंद्र बदलने की मांग को लेकर पिछले दिनों जहां पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी ने जिला प्रशासन पर निष्पक्षता नहीं बरतने का आरोप लगाया था। वहीं इस संदर्भ में पैक्स सदस्यों के द्वारा बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को पत्र भी प्रेषित किया गया था। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव पुरुषोत्तम पासवान ने इस पर संज्ञान लिया है और जिला पदाधिकारी जिला निर्वाची पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल को रामपुर कला पैक्स मतदान केंद्र को सगरा गांव से हटाकर रामपुर गांव में करने के संदर्भ में 24 घंटे में जवाब देने को कहा है। सचिव ने प्रेषित पत्र में कहा है कि रामपुर कला पैक्स के मतदान केन्द्र के संबंध में मदन मोहन राय, नवीन कुमार राय एवं अखिलेश्वर राय रामपुरा कला पैक्स से आपत्ति प्राप्त हुई है। परिवादियों द्वारा आपत्ति की गयी है कि वर्तमान मतदान केन्द्र में शांति पूर्ण भयमुक्त एवं बिना पक्षपात के मतदान संभव नहीं है। ऐसे गंभीर आरोप की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा स्वंय नहीं करके सांख्यिकी पर्यवेक्षक से करायी गयी है। जाँच प्रतिवेदन संदिग्ध प्रतीत होता है। पैक्स अध्यक्ष के आवास से मतदान केन्द्र की दूरी मात्र 2-3 मीटर की दूरी पर है। मतदान के दिन बाहर से असामाजिक तत्वों को बुलाकर हथियार के बल पर बूथ कैपचरिंग की शिकायत भी की गयी है। निर्वाचन प्राधिकार के सचिव का कहना है कि परिवादी की बहुत ही वास्तविक मांग है कि पैक्स रामपुर का मतदान केन्द्र रामपुर पंचायत के मुख्यालय ग्राम रामपुर के किसी विद्यालय में रखा जाय। दिनांक 20 नवंबर को रामपुर कला पैक्स के अखिलेश्वर राय द्वारा भी एक परिवाद पत्र दिया गया है।

# पलंग, सोने के चेन के लिए बहू की हत्या

निज संवाददाता। आरा

♦ आरा में लाठी-डंडों से विवाहिता की पिटाई, फिर तकिया से मुंह दबाकर की थी हत्या; 5 महीने बाद सास-ससुर अरेस्ट

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र में 5 जून को एक महिला की हत्या हुई थी। कहा गया था कि महिला के पति, सास-ससुर की ओर से पलंग और सोने की चेन की लगातार मांग की जा रही थी। जब मायके पक्ष में डिमांड पूरी करने में असमर्थता जताई, तो पति, सास-ससुर ने महिला की पहले लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की। इसके बाद तकिए से मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। अब 5 महीने बाद पुलिस ने आरोपी सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पति की तलाश जारी है। पुलिस ने महिला के ससुर और सास को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना पीरो गांव के वार्ड नंबर आठ में इसी साल 5 जून को हुई थी। मृतका की पहचान महात्मा पासवान की 24 साल की पत्नी पूजा कुमारी के रूप में हुई थी। मृतका के पिता सुरेंद्र पासवान उर्फ सुरेंद्र राम ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी पूजा के पति महात्मा



पासवान, सास राधिका देवी और ससुर बबन राम समेत अन्य ने वारदात को अंजाम दिया था।

**19 नवंबर 2021 में हुई थी पूजा की शादीः** मृतका के पिता सुरेंद्र पासवान के मुताबिक, उन्होंने अपनी बेटी की शादी 19 नवंबर 2021 को पीरो गांव के रहने वाले ललन राम उर्फ बबन के बेटे महात्मा पासवान से की थी। दोनों की शादी बिहिया स्थित मंदिर में हुई थी। इस दौरान दहेज का लेन-देन भी हुआ था। सुरेंद्र के मुताबिक, शादी के बाद जब पूजा प्रेग्नेंट हुई तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पूजा के पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य उससे कहते थे कि हमारे पास पास इतने पैसे नहीं हैं कि हम बच्चे का पालन-पोषण कर पाएं। लगातार ससुराल वालों से दहेज की डिमांड की जाने लगी। दहेज न मिलने पर पूजा को जान से मारने की धमकी भी दी जाने लगी। कुछ दिनों बाद पूजा की सास और ससुराल वालों की ओर से पलंग एवं सोने की चैन की मांग की जाने लगी।

**4 जून को पति ने लाठी-डंडों से की थी पूजा की पिटाईः** मृतका के पिता के आरोपों के मुताबिक, 4 जून की रात उसके पति महात्मा पासवान ने लाठी-डंडों से जमकर पूजा की पिटाई की थी।

## बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ ससुराल जाने के दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हादसे में दूसरा घायल

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के पेउर गांव के पास शुक्रवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक का इलाज सहार रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक सहार थाना क्षेत्र के अनुआ गांव वार्ड नंबर-9 निवासी हरी चरण सिंह का 25 वर्षीय बेटा राहुल कुमार है। गुजरात के राजकोट में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। जख्मी उसी गांव के निवासी राम बदन सिंह का 25 वर्षीय पुत्र सिकंदर कुमार है। दोनों दोस्त थे। मृतक के पिता हरी हरण सिंह ने बताया कि वह दशहरा में राजकोट से वापस गांव आया था। शुक्रवार को उसके दोस्त सिकंदर के ससुराल में किसी लड़की का छेका था। जिसको लेकर शुक्रवार को उनका बेटा राहुल कुमार अपने दोस्त सिकंदर के साथ अजीमाबाद थाना क्षेत्र के कमरियां गांव उसके ससुराल गया था। शुक्रवार की देर रात जब दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे।

**पेउर गांव के पास हादसाः** पेउर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बेटे राहुल कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त सिकंदर कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज सहार रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां कुंती देवी, पत्नी सुमन कुमारी व एक बेटा दीपू और एक बेटी रिया है।

## पीएम की दोस्ती अडानी को आकाश तक ले गई

निज संवाददाता। आरा

बिजनेस मैन गौतम अडानी पर अमेरिका में 2000 करोड़ रिश्वत देने का आरोप लगा है। आरोप लगने के बाद से ही राहुल गांधी समेत तमाम विपक्ष के नेता भाजपा और गौतम अडानी पर हमलावर हैं। इसी बीच भोजपुर जिले से सांसद सुदामा प्रसाद ने भी गौतम अडानी समेत भाजपा के बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इसी प्रकार से उनकी पूंजी बढ़ी है। एक साधारण गुजरात का व्यापारी है, लेकिन उसका भाग्य यही है कि वह भारत के प्रधानमंत्री के दोस्त हैं। इसीलिए दिन दुगनी और रात चौगुनी छलांग लगाकर वे आकाश तक पहुंच गए। अमेरिका में 2000 करोड़ घुस देकर प्रोजेक्ट लेने का प्रयास किया। नतीजा केनिया, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने अपना करार रद्द करना शुरू कर दिया। बांग्लादेश और श्रीलंका ने पहले ही साफ कह दिया है कि हम इतनी महंगी बिजली नहीं खरीदेंगे। यह भ्रष्टाचार का मामला नहीं है तो क्या है। कोयला का खान झारखंड में और बिजली



पावर प्लांट बैठे हैं कहीं और। कोयला ऑस्ट्रेलिया से मंगाते हैं। ऑस्ट्रेलिया से कोयला आएगा यहां के पावर प्लांट को चलाने के लिए, तो ये भ्रष्टाचार है।

**10 साल में 155 लाख करोड़ का कर्ज कियाः** मोदी सरकार ने 16 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया है, यह लोग कर्ज लेने में माहिर हैं। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तब देश के पास 55 लाख करोड़ का कर्ज था और आज 205 लाख करोड़ का कर्ज है। केवल 10 साल में 155 लाख करोड़ का कर्ज इन लोगों ने लिया है। यह लोग राष्ट्रवादी बनते हैं। यह लोग हमेशा हिंदू-मुस्लिम, हिंदुस्तान- पाकिस्तान करते रहते हैं। सुदामा प्रसाद ने कहा कि इस बार संसद में यह मुद्दा जरूर उठेगा।

## 26 नवंबर को देशव्यापी किसान चेतावनी रैली

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में किसानों के अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 नवंबर को जिला मुख्यालयों पर चेतावनी रैली का आह्वान किया है। इस रैली के माध्यम से किसानों ने केंद्र सरकार को वादाखिलाफी के खिलाफ तीन महीने का अल्टीमेटम देने का निर्णय लिया है। बता दें कि यह निर्णय बनारपुर पंचायत भवन पर किसान पंचायत के बैठक में लिया। किसान पंचायत में बक्सर में थर्मल पॉवर प्रभावित किसान, एनएच-319A में जिन किसानों की जमीन जा रही है, वैसे किसानों ने भाग लिया है। इनका कहना है कि जान दे देंगे, लेकिन, एनएच में अपनी जमीन नहीं देंगे। किसानों ने 20 मार्च को बक्सर के बनारपुर, कोचाढी और मोहनपुरवा में हुए पुलिसिया अत्याचार के दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकार उनकी सभी लंबित मांगों को पूरा करे। इस बारे में 26 नवंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर एक बड़ी



चेतावनी रैली का आयोजन होगा।

**खाद सब्सिडी में कटौती से संकटः** किसान नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि खाद सब्सिडी में भारी कटौती के कारण पूरे बिहार में डीएपी खाद की भारी कमी और हाहाकार मचा हुआ है। सरकार से किसानों ने मांग की है कि जमीन के दाम में हर साल 10% वृद्धि मानकर मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

**चौसा कांड और अन्य घटनाओं पर कार्रवाई की मांगः** चौसा के बनारपुर पंचायत भवन में आयोजित किसान पंचायत में किसान नेता दिनेश कुमार ने जानकारी दी। इन्होंने कहा कि सरकार सर्किल रेट में हर साल 10% वृद्धि की घोषणा किसान आंदोलन की बड़ी जीत है। किसान नेता ने कहा कि चौसा कांड में दोषी अधिकारियों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। किसान नेता अशोक तिवारी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं की भी अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गई है।

**किसानों की अन्य प्रमुख मांगें:** 1. किसानों से बिना सहमति के भूमि अधिग्रहण पर रोक, 2. बाजार दर से चार गुणा मुआवजे का भुगतान, 3. चौसा, कैमूर, बिहटा सहित अन्य इलाकों में जमीन की

♦ बक्सर में किसानों ने कहा-जान दे देंगे, लेकिन NH निर्माण में नहीं देंगे जमीन

कीमत नए सिरे से निर्धारित करना, 4. दोषी अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई।

**किसान पंचायत में नेताओं का आह्वानः** किसान पंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता रामप्रवेश सिंह, नंद कुमार राम, शिवजी तिवारी, और अन्य नेताओं ने 26 नवंबर को बक्सर कूच और जिला मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन का आह्वान किया। नेताओं का कहना है कि संगठित, अनवरत और जुझारू आंदोलन ही सरकार को किसानों की मांगें मानने के लिए मजबूर करेगा। किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे अपनी जमीन को कॉर्पोरेट कंपनियों को सस्ते दामों पर बेचने की सरकार की साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। किसानों ने कहा, "हम अपनी जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे।"

## नुआंव गांव पहुंची पंचकोशी परिक्रमा, भक्तों ने की पूजा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर का मशहूर पंचकोशी परिक्रमा का चौथा पड़ाव शनिवार को नुआंव गांव पहुंच चुका है। जिसे हनुमान का ननिहाल भी कहा जाता है। यहां श्रद्धालुओं ने मूली-सत्तू को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की है। साधु संतो के साथ पहुंचे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने अंजनी सरोवर की परिक्रमा की है। ऐसी मान्यता है कि नुआंव में उद्दालक ऋषि का आश्रम हुआ करता था। जहां माता अंजनी के साथ बचपन में हनुमान रहा करते थे। यहां भगवान राम पंचकोशी परिक्रमा के दौरान अगहन महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को पहुंचे थे। जिन्हें उद्दालक ऋषि अपने यहां मूली-सत्तू को भोजन के रूप में दिया। ये आज इस जगह के लिए प्रसाद और लोगों के लिए तीर्थ स्थल की तरह हो गया है। पंचकोशी परिक्रमा समिति की देखरेख में बसांव पीठाधीश्वर के नेतृत्व में सन्त समाज की यात्रा निकाली गई है। यहां भक्तों के लिए प्रसाद के साथ भजन कीर्तन की व्यवस्था की



गई है। अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि ऐसा बताया जाता है, उद्दालक मुनी का आश्रम यहां हुआ करता था। उनके आश्रम में ही माता अंजनी रहती थी।

**संतो ने अंजनी सरोवर की परिक्रमा कीः** आश्रम के पास स्थित सरोवर की पहचान अंजनी सरोवर से है। गांव वालों ने यहां माता अंजनी का मंदिर भी बनवाया है। यहां श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। सरोवर

♦ बक्सर में मूली-सत्तू को प्रसाद के रूप में किया ग्रहण, अंजनी सरोवर की परिक्रमा की

के आस-पास मेला भी लगाया गया है। जहां बच्चों ने खूब मजे किए। श्रद्धालु ने जमकर खरीदारी भी की है। वहां पंचकोशी परिक्रमा समिति के संतो ने अंजनी सरोवर की परिक्रमा की। अगले दिन मेले का पड़ाव चरित्रवन पहुंचेगा, जहां अगहन महीने की नवमी तिथि को महर्षी विश्वामित्र का आश्रम हुआ करता था। वहां लिट्टी चोखा का प्रसाद भगवान ने ग्रहण किया था। परंपरा त्रेता युग से चली आ रही है। बक्सर के चरित्रवन के कोने-कोने में जहां लिट्टी चोखा का प्रसाद बना कर श्रद्धालु भोग लगाएंगे, तो वही पूरे शाहबाद के घर में यह व्यंजन बनता है, जो अपने आप में अनोखा है। जिसके कारण इस पंचकोशी यात्रा को विश्व प्रसिद्ध कहा जाता है।

## तरारी विधानसभा उपचुनाव रिजल्ट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा उपचुनाव में NDA प्रत्याशी और भाजपा नेता विशाल प्रशांत ने प्रचंड जीत हासिल की है। प्रचंड इसलिए क्योंकि इस सीट पर पिछले 9 साल से माले का कब्जा था और इस सीट को माले का गढ़ माना जाता है। इस बार एनडीए उम्मीदवार विशाल प्रशांत, माले उम्मीदवार राजू यादव और जनसुराज पार्टी से उम्मीदवार किरण सिंह चुनावी मैदान में उतरी थीं। लेकिन पहली बार चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक सुनील पांडे के पुत्र विशाल पांडे ने अपना परचम लहरा दिया है। जीत के बाद भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत ने कहा कि ये अच्छी बात है कि तरारी में भाजपा का कमल खिला है। ये कमल हमेशा खिलता रहेगा। जैसा कि हमारे डिप्टी सीएम ने कहा है कि क्षेत्र की जनता के लिए खजाना खुलेगा, वो खजाना हमारे



विधानसभा के हर वोटर के दरवाजे तक पहुंचेगा।

**पहली बार लड़ रहे थे विधानसभा चुनावः** सुनील पांडे के पुत्र विशाल प्रशांत पहली बार तरारी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे थे। इंटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद विशाल प्रशांत सामाजिक सेवा में अपनी रुचि बधाई और जनता के बीच रहना शुरू किया। वहीं भाजपा द्वारा टिकट मिलने के बाद से ही विशाल प्रशांत तरारी विधानसभा क्षेत्र के गांव में जा जाकर लोगों से जनसंपर्क करना शुरू कर दिया था। जिसका परिणाम अब इस चुनाव में विशाल प्रशांत को मिला है।

## बक्सर में 6 घंटे से रोड जाम

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर शहर में शनिवार की सुबह से सड़क जाम है। शहर में बाइपास की जगह कोचस से आने वाले भारी वाहन चरित्रवन और पुलिस चौकी के रास्ते ज्योति चौक पहुंचते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था गड़बड़ा जाती है। सुबह चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस के न रहने पर स्थिति बदतर हो जाती। स्कूल जाने बच्चों और उनके अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार रात बक्सर एसपी शुभम आर्य ने बक्सर गोलंबर स्थित चेकपोस्ट का निरीक्षण कर जाम की समस्या का जायजा लिया था। निरीक्षण के दौरान एसपी ने यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क जाम को कम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण कार्य के चलते वहां से गुजरने वाले वाहन बिहार-यूपी



सीमा पर स्थित बक्सर जिले में रुक जाते हैं, जिससे स्थानीय सड़कों पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है।

**स्थायी समाधान की मांगः** एसपी के अनुसार भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को थोड़ा संयम बरतने की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। चरित्रवन, पुलिस चौकी और ज्योति चौक के पास सुबह और शाम के समय ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है, जिससे न केवल आमजन, बल्कि स्कूल बसें और एम्बुलेंस भी प्रभावित होती हैं।

## गया से शुरू NCC साइकिल रैली पहुंची बक्सर

निज संवाददाता। बक्सर

गया से आरा तक आयोजित 30 बिहार बटालियन की साइकिल रैली शनिवार को बक्सर जिला मुख्यालय पहुंची। इस रैली का नेतृत्व 30 बिहार बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रितेश रंजन कर रहे हैं। रैली में बिहार और झारखंड निदेशालय के जवान, एनसीसी कैडेट्स और अधिकारी शामिल हैं। बक्सर पहुंचने पर रैली का जोरदार स्वागत किया गया। यह रैली 19 नवंबर को गया से शुरू हुई थी और 24 नवंबर को आरा स्थित 5 बिहार बटालियन के मुख्यालय में समाप्त होगी। इस दौरान टीम 270 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जो गया, औरंगाबाद, सासाराम और बक्सर होते हुए आरा पहुंचेगी। रैली में 42 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल धर्मेंद्र मलिक, एक एएनओ (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर), दो पीआई (परमानेंट इंस्ट्रक्टर),




और बारह एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

**एनसीसी कैडेट्स ने रैली को दी सलामीः** बक्सर पहुंचने से पहले रैली के सदस्यों ने ऐतिहासिक चौसा युद्ध स्थली का दौरा किया। जिला मुख्यालय पर पहुंचने के बाद स्थानीय एनसीसी कैडेट्स ने रैली को सलामी दी और गर्मजोशी से स्वागत किया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में जागरूक किया। बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और नागरिकों को सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति प्रेरित करना है। साइकिल रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित

♦ रैली का जोरदार तरीके से स्वागत, नागरिकों को जागरूकता का दिया संदेश

वातावरण के लिए छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। बक्सर के लोगों ने रैली के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। एनसीसी कैडेट्स ने अपने सीनियर्स से मुलाकात कर उनकी यात्रा के अनुभवों को सुना और उनसे प्रेरणा ली। इस अभियान के तहत दिए गए संदेशों ने लोगों को पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होने का अवसर प्रदान किया।24 नवंबर को आरा में इस रैली के समापन के साथ यह अभियान एक यादगार यात्रा के रूप में दर्ज होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 300 करोड़ की स्मार्ट सड़कों का मेंटेनेंस भूली एजेंसी, नतीजा- डेढ़ साल में ही उखड़ने भी लगी

**भागलपुर**। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में स्मार्ट रोड नेटवर्क का काम किया गया। इसके तहत करीब 300 करोड़ रुपए की लागत से 30 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण डेढ़ साल पहले किया गया। निर्माण एजेंसी को पांच तक तक उन सड़कों का मेंटेनेंस करना है। लेकिन मेंटेनेंस नहीं करने की वजह से अब स्मार्ट सिटी की सड़कें बदहाल होने लगी हैं। कहीं गिट्टी-अलकतरे की परत ऊखड़ने लगी है तो कहीं गड्ढे हो गए हैं। कुछ जगहों पर आधी-अधूरी सड़क बनाकर ही छोड़ दी गई। इसके साथ ही सड़क हादसे रोकने के लिए लगाई गई रेडियम लाइट भी खराब होने लगी हैं। साथ ही सोलर स्ट्रीट लाइट भी कुछ जगहों पर खराब हो गई है। जबकि अब ठंड की दस्तक हो गई है। ऐसी स्थिति में अगर सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई और रेडियम लाइट को दुरुस्त नहीं कराया गया, तो हादसे की आशंका बनी रहेगी।

### केबल कटने से पीरपैंती में 28 घंटे बत्ती गुल, परेशान रहे लोग

**नारायणपुर**। 33 हजार केबल तार कटने से प्रखंड 28 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे प्रखंड की आधी से अधिक आबादी अंधेरा रही। कहलगांव फीडर से पीरपैंती पीएसएस को बिजली आपूर्ति के लिए 33 हजार फीडर का केबल अनादीपुर आरओबी के पास कट गया था। इससे पीरपैंती के लक्ष्मीपुर, श्रीनगर, पीरपैंती बाजार, सलेमपुर के अलावा पूरे दियारा इलाके में बिजली बाधित रही। बिजली नहीं रहने से नल-जल योजना की बोरिंग के मोटर नहीं चले और लोगों को पानी की दिक्कत हुई। वहीं छात्रों की पढ़ाई बाधित हो गई। लोगों के मोबाइल डिस्चार्ज हो गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता शुभम कुमार ने बताया कि अनादीपुर के पास रेलवे की ओर नाला का निर्माण कराने के दौरान 33 हजार केबल को काट दिया गया था। इस कारण बिजली बाधित रही। गुरुवार सुबह 10 बजे से शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे तक बिजली कटी रही। 33 केवी तार को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### नारायणपुर में ट्रेन से गिरकर बंगाल के यात्री की मौत

**नारायणपुर**| कटिहार-बरौनी रेलखंड पर नारायणपुर स्टेशन के समीप शुक्रवार को ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर भवानीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। मृतक की जेब से पुलिस ने आधार कार्ड बरामद किया। जिसके आधार पर उसकी पहचान पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर के नया बाजार निवासी दिलीप बर्मन के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भिजवा दिया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### अब सरकारी बस के ड्राइवर व कंडक्टर ड्रेस कोड में होंगे

**भागलपुर**। तिलकामांझी स्थित सरकारी बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। विभाग की ओर से इसकी रिपोर्ट तैयार कर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को प्रस्ताव भेजा गया है। असिस्टेंट रीजनल मैनेजर अमित कुमार श्यामला ने बताया कि मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद कार्यालय के अलावे वर्कशाप और स्टैंड परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बीते दिनों निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया था। तब उन्होंने कर्मियों, चालकों व कंडक्टर को ड्रेस कोड में रहने का निर्देश दिया था। रीजनल मैनेजर ने बताया कि भागलपुर परिवहन प्रमंडल के 45 ड्राइवर, 43 कंडक्टर के अलावे कुल 151 कर्मियों को ड्रेस दिया जाएगा।

### बिजली चोरी में तीन पर कंपनी ने किया केस दर्ज

**टेटिया बंबर**। बिजली चोरी कर उपयोग करने के खिलाफ विभाग द्वारा चलाए गए छापेमारी अभियान के कम में गंगटा थाना में दो लोगों पर एवं टेटिया बंबर थाना में एक व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। हवेली खड़गपुर के जेई अमित कुमार ने कहा कि गंगटा पंचायत के बेढ़ाटांड़ निवासी मंजू देवी एवं चरित्र प्रसाद सिंह को बिजली चोरी कर उपयोग करते हुए पाया गया। दोनों के खिलाफ गंगटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही 68000 एवं 17000 रुपए जुर्माना भी किया गया है। वहीं दूसरी ओर टेटिया बंबर जेई रंजीत कुमार ने टेटिया थाना क्षेत्र के खपड़ा निवासी शंभू दास को बिजली चोरी का उपयोग करते पाया। उसके खिलाफ टेटिया बंबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### एसिड अटैक पीड़िता को मिली मुआवजे की राशि

**मुंगेर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पहल पर एसिड अटैक पीड़िता को मुआवजे की राशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। 14 मार्च 2024 को जिले के शामपुर थाना के गौरी निवासी 65 वर्षीय एक वृद्ध महिला तेजाब हमले की शिकार हो गई थी। पैनल अधिवक्ता शिव शंकर बनर्जी ने उनकी स्थिति से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्कालीन सचिव को अवगत कराया। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया कि तेजाब हमले में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। जिसका प्राथमिक इलाज सदर अस्पताल में होने के बाद बेहतर इलाज करने में आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इलाज के लिए निजी अस्पताल गई। आर्थिक तंगी के कारण इलाज में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राधिकार के सचिव दिनेश कुमार ने मामला को गंभीरता से लिया। परिणामस्वरूप मुआवजा की राशि मिल गई। पीड़िता ने श्यामपुर थाना कांड संख्या 11/24 में दिए बयान में बताया कि उस दिन वह अपने बहू के विदाई के लिए अपने पुत्र के साथ उसका ससुराल गई थी। संबंधियों ने मारपीट कर पुत्र की हत्या कर दी। उसी दौरान मृतक के मां पर तेजाब से हमला किया। बचाने के क्रम में वह गंभीर रूप से झुलस गई थी।

### टेटिया बंबर में चुनाव चिह्न का किया गया वितरण

**टेटिया बंबर**। प्रखंड में आगामी 29 नवंबर को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर शुक्रवार को पैक्स अध्यक्ष व सदस्य उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी निशा राय ने बताया कि प्रखंड के पांचों पैक्स में 15 पैक्स अध्यक्ष व सदस्य के कुल 81 नामांकन कराए गए थे, सभी वैद्य पाए गए। एक अध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं बाकी सबों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है।

### टीएमबीयू के स्टोर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भागलपुर**। टीएमबीयू के स्टोर में गुरुवार को दिनदहाड़े चोरी करने घुसे आरोपित को विवि पुलिस ने जेल भेज दिया है। उसकी पहचान तातारपुर थाना क्षेत्र के सराय निवासी शाहरुख के रूप में हुई है। विवि के गार्ड ने स्टोर के पीछे से चोरी करने के लिए प्रवेश किए आरोपित का दबोचा था। इसके बाद उसे विवि पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस मामले में विवि के स्टोर प्रभारी के बयान पर आरोपित के विरूद्ध केस दर्ज हुआ है। आरोपित स्टोर से पंखा और यूपीएस लेकर भागा था। इधर टीएमबीयू के इलाके में फिर से शोहदों की बदमाशी बढ़ गई है।

### 30 नवंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी पर विमर्श

**टेटिया बंबर**। आगामी 30 नवंबर को जदयू के जिला सम्मेलन को लेकर प्रखंड जदयू कार्यकर्ताओं की एक बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तारापुर विधानसभा प्रभारी संजय राम उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 30 नवंबर को होने वाले जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का शानदार ढ़ंग से सफल बनाया जाएगा। लोक सभा चुनाव में भी टेटिया बंबर के साथियों ने कड़ी मेहनत कर गठबंधन प्रत्याशी को भारी बढ़त दिलाई। अब मिशन 2025 का आगाज हो चुका है। एक बार फिर से बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार को बहुमत दिलाने के लिए अपनी पूरी शक्ति झोंक देना है। पार्टी के सर्वमान्य नेता सह राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के साथियों को 2025 में 220 सीटों का टारगेट दिया है। हम सभी इस टारगेट को पूरा करने के लिए तैयार हैं। इसी क्रम में जिलावार कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू हुआ है और आगामी 30 नवंबर को टाउन हाल मुंगेर के मैदान में मुंगेर जिला का कार्यकर्ता सम्मेलन होना निर्धारित हुआ है। वही विधानसभा प्रभारी संजय राम ने भी अपनी बातें रखी।

# मीटिंग में क्या कीजिएगा, बाहर जाइए, भागलपुर में डीडीसी ने लगा दी फटकार

## सवाल का जवाब नहीं दे पाए अस्पताल प्रभारी



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों के साथ डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह ने बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों पर एक-एक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से जानकारी ली गई। जब पीरपैंती रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. गणेश खंडेलिया की बारी आई तो उनसे डीडीसी ने पूछा...आपके प्रखंड में कितनी पंचायतें हैं? कितनी आशा कार्यकर्ता हैं?... ऐसे ही कई सवाल पूछे गए, लेकिन प्रभारी एक का भी जवाब नहीं दे पाए। फिर डीडीसी ने फटकार लगाते हुए कहा जब आपको यह भी पता नहीं है तो मीटिंग में रहकर क्या कीजिएगा... बाहर जाइए। फिर शाहकुंड के प्रभारी डॉ. जयप्रकाश सिंह से भी इसी तरह के सवाल पूछे गए। पहले तो उन्होंने भी चुप्पी साध ली। हालांकि बाद में वे सोचकर जवाब देने लगे। इस पर उनसे कहा गया कि आप क्या प्रतीक्षा कर रहे थे कि आपको भी बाहर कर दें...मीटिंग में इसी तरह से कई और प्रभारियों को डीडीसी ने फटकार लगाई। हालांकि बैठक में सब शांत रहे।

**सिविल सर्जन से की मुलाकातः** बैठक खत्म होने के बाद डीडीसी के खिलाफ सभी प्रभारी एकजुट होकर सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद से मिले। उन्हें डॉक्टरों ने कहा कि हमलोगों के साथ अमर्यादित तरीके से डीडीसी पेश आए हैं। आपकी मौजूदगी में यह सब होता रहा और आप चुपचाप सुनते रहे। हमलोगों की कोई इज्जत है या नहीं। डॉक्टरों ने अपना आक्रोश सीएस के सामने निकाला। कहा कि अगर यही स्थिति रही तो हमलोगों को भी सोचना होगा। हालांकि सीएस ने सभी को समझा-बुझाकर घर भेज के दिया।

**मीटिंग अच्छे हुई- डीडीसीः** जब पीरपैंती के चिकित्सा पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में गए थे, मीटिंग में नहीं थे। वहीं, कहलगांव, शाहकुंड समेत अन्य प्रभारियों से बात की गई तो उनलोगों ने बताया कि इस मामले में रणनीति बनाएंगे और आगे पहल करेंगे। वहीं, डीडीसी ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है, मीटिंग अच्छे से हुई है।

# मालवाहक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, चार घायल



**दोनों वाहनों को पुलिस ने किया जब्त, हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार**

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को यात्रियों से भरी ई- रिक्शा में मालवाहक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में चार लोगों को चोट लगी है। जिसमें एक की स्थिति गंभीर है। घायल खंजरपुर के रहने वाले एक शॉप का मैनेजर सकीना खातून (28) हैं। जिन्हें ट्रैफिक पुलिस की मदद से इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मालवाहक वाहन सजावट का सामान लेकर घंटाघर की तरफ से तिलकामांझी की ओर जा रहा था। इसी दौरान ई-रिक्शा तिलकामांझी के तरफ से कचहरी की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कोर्ट गेट के सामने मालवाहक वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मालवाहक का चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। ई- रिक्शा पर हादसे के वक्त 5 से 6 लोग सवार थे।

**20 मिनट तक यातायात प्रभावितः** लोगों ने घटना की जानकारी ट्रैफिक पुलिस को दी। जिसके बाद कचहरी चौक पर तैनात सिपाही और पदाधिकारी ने घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भेजा। वही, दोनों वाहनों पुलिस ने जब्त कर यातायात थाना लाया है। ई- रिक्शा चालक को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। हादसे के बाद करीब 20 मिनट तक यातायात में रुकावट आई।

# ऑटो और ई-रिक्शा के बीच टक्कर, एक की मौत

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के सफियाबाद थाना क्षेत्र के फरदा सर्वोदय टोला के पास शुक्रवार को ऑटो और ई-रिक्शा के बीच टक्कर होने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घटना में घायल एक बुजुर्ग का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। मृतक की पहचान खगड़िया आवास रोड निवासी नित्यानंद प्रसाद यादव का 30 साल का बेटा अजीत कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल मृतक के चाचा बालमिकी यादव है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल से ऑटो और ई-रिक्शा को जब्त कर लिया है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि अजीत कुमार अपने चाचा बालमिकी के साथ बारात में शामिल होने के लिए लखीसराय जिला के मेदनी चौकी देवघरा जा रहे थे। इस दौरान चाचा-भतीजा फरदा सर्वोदय टोला के पास ऑटो से उतर रहे थे। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद अजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। इसके साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम कराने के लिए भेज दिया। घटना को लेकर सफियाबाद थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने कहा कि घटना स्थल से ऑटो और ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। चालक फरार है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हवाई अड्डा के निर्माण को लेकर सांसद से स्थानीय नाराज, जनसंसद संगठन के संरक्षक बोले- अजय मंडल के आवास का करेंगे घेराव

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सुल्तानगंज में प्रस्तावित हवाई अड्डा निर्माण को लेकर विवाद छिड़ गया है। सांसद अजय मंडल ने गोराडीह में हवाई अड्डा बनाने की बात कही है। इस पर सुल्तानगंज के स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सुल्तानगंज में ही हवाई अड्डा बनना चाहिए। शनिवार को जनसंसद संगठन के संरक्षक अजीत कुमार ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान इन्होंने सांसद अजय मंडल को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सांसद विकास कार्य में बाधा डालते हैं, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। सुल्तानगंज में हवाई अड्डा निर्माण के मुद्दे पर अजीत ने प्रतिक्रिया दी। इन्होंने कहा कि "अगर अजय मंडल ने विकास कार्य में टांग अड़ाया, तो हम सांसद के आवास का घेराव करेंगे।" अजीत कुमार ने सांसद अजय मंडल को स्पष्ट किया कि सुल्तानगंज के विकास के लिए हवाई अड्डा बेहद आवश्यक है। इसका विरोध करना इलाके के लोगों के हित में नहीं है।

**सांसद से विकास में योगदान देने की अपीलः** अजीत कुमार ने हवाई अड्डा के निर्माण पर बांका सांसद और सुल्तानगंज विधायक से अपील की है। इन्होंने कहा कि वे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पक्ष में मुखर हो और स्थानीय विकास में योगदान दें। अजीत कुमार का मानना है कि हवाई अड्डा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा, पर्यटन का विस्तार होगा, नागरिक सेवा का विस्तार होगा और सुल्तानगंज को एक नया पहचान देगा। अजीत कुमार ने कहा कि विकास कार्य के खिलाफ किसी भी प्रकार का विरोध नहीं करें। अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। सुल्तानगंज में हवाई अड्डा सर्वे को लेकर जिला अधिकारी को धन्यवाद दिया।

# ट्रक एसोसिएशन के सदस्यों ने लगाया 4 थानेदार पर आरोप, भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शुक्रवार को बिहार ट्रक ओनर एसोसिएशन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। जिसमें ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक सिंह ने जिले के चार थानेदार पर गंभीर आरोप लगाया है। लगाए गए अगंभीर आरोप में अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त पुलिस पदाधिकारी शामिल हैं। अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि अवैध खनन व परिवहन को लेकर जब वरीय अधिकारी को सूचना देते हैं तो थानेदार टारगेट करते हैं। साथ ही सूचना देने वाले ट्रैक चालक को खोज कर उनके अंडरलोड वाहन को पकड़ कर डराते धमकाते हैं।

**ट्रक एसोसिएशन ने किया आंदोलन का ऐलानः** सजोर थानेदार और जगदीशपुर थानेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कजरेली हबीबपुर समेत दर्जनों इलाके में अवैध बालू परिवहन हो रहा है। लेकिन पुलिस की लाख सख्ती के बावजूद भी परिवहन बंद नहीं हो रहा है। इस बात को बताते हुए उन्होंने भ्रष्ट थानेदार और अधिकारियों के संपत्ति की जांच कराने की भी मांग की है। बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और खनन मंत्री विजय कुमार सिंह के नई खनन नीति को संशोधन को लेकर सचिव भानु शंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि हमलोगों का पिछले कई वर्षों से मांग था कि जो ओवरलोड के नाम पर खनन विभाग के द्वारा ट्रक मालिक और चालक को परेशान किया जाता था। जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने कानून में संशोधन किया है। बता दें कि ट्रक एसोसिएशन के सदस्यों ने आंदोलन का भी ऐलान किया है। कहा कि वो भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ सड़क पर भी उतर सकते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उमेश प्रसाद, राजा प्रसाद यादव, पंकज सिंह, राकेश कुमार यादव, आलोक पवन कुमार सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

# सिर्फ 7.36% छात्रों का बना अपार आईडी, एचएम पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर शिक्षा विभाग की योजनाओं की डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह ने समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि अतिरिक्त वर्गकक्ष के 198 लक्ष्य के विरुद्ध 11 पूरा और 30 में काम चल रहा है। 143 के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। डीडीसी ने निर्देश दिया गया कि टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी कर अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण पूरा कराएं। बैठक में बताया गया कि 5 नवसृजित स्कूल भवन में दो पूरा कर लिया गया। शेष 3 को जल्द पूरा करने को कहा गया। जिले के विभिन्न स्कूलों में 122 लक्ष्य के विरुद्ध 89 शौचालय का निर्माण पूरा कर लिया गया है। 33 में अधूरा है। डीडीसी ने कहा कि इसे जल्द पूरा कराएं। भवन की मरम्मत के लिए 408 लक्ष्य के विरुद्ध 244 को पूरा कर लिया गया है। 131 में काम चल रहा है। डीडीसी ने निर्देश दिया कि सभी जगहों पर जल्द काम पूरा कराएं। बैठक में डीईओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि जिले में 490 स्कूलों में डीप बोरिंग के विरुद्ध 129 का काम पूरा कर लिया गया है। 361 में काम चल रहा है। डीडीसी ने निर्देश दिया कि सभी जूनियर इंजीनियर प्रखंडवार डीप बोरिंग की भौतिक स्थिति संबंधी रिपोर्ट सप्ताहभर के अंदर उपलब्ध कराएं। साथ ही पीएचईडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। अपार आईडी सिर्फ 7.36 प्रतिशत छात्र-छात्राओं का जिले में सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों द्वारा पूरा किया गया है। इस पर डीडीसी ने नाराजगी जताई। साथ ही निर्देश दिया गया कि सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों का अपार आईडी से संबंधित स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा निर्माण करवाया जाए। इस काम को नहीं करनेवाले स्कूल के प्रधानाध्यापक को चिह्नित कर जरूरी कार्रवाई की जाए।

# लोगों को लगा-जमालपुर में हुआ रेल हादसा, मालदा डिवीजन पर जुटी भीड़

निज संवाददाता। मुंगेर





हादसे के शिकार यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने की दी ट्रेनिंग

मालदा डिवीजन अंतर्गत जमालपुर जंक्शन के पास दौलतपुर यार्ड में रेल हादसे के स्वरूप का मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह डेमो मालदा डिवीजन के डीआरएम की मौजूदगी में आयोजित हुई जिसमें एनडीआरएफ टीम के अलावा स्वास्थ्य कर्मी रेल अधिकारी रेल पुलिस स्वास्थ्य कर्मी के अलावा बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे। जिस जगह पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, उस जगह पर किस तरह डिब्बे पर डिब्बा चढ़ने के बाद और डिब्बे के अंदर घायल यात्रियों को किस तरह से निकाला जाता है, इसका पूरा मॉक ड्रिल किया गया और गैस कटर से डिब्बे को काटकर यात्री के रूप में कागज का बनाया गया। पुतला को डिब्बे के अंदर से निकाला और उसमें यह दिखाया गया कि घायल यात्री को किस तरह सुरक्षित उसे अस्पताल तक पहुंचाया जाता है और सीपीआर दिया जाता है। हालांकि ये मॉक ड्रिल रेलवे की ओर से किया गया था, लेकिन आसपास के लोगों को लगा कि रेल हादसा हो गया है। इसके बाद यह जानकारी आगे की तरह शहर में फैल गई और घटनास्थल पर देखते ही देखते लोगों की काफी संख्या में भीड़ जुट गई थी। मौके पर मौजूद डीआरएम ने बताया कि घटना के बाद कितना जल्द हमारे रेलवे के अधिकारी सहित कर्मियों के द्वारा बचाव कार्य में लगा सकते हैं और कितना जल्द जो घायल यात्री है, उसे डिब्बे के अंदर से निकलकर जान बचाने के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता है इसका मॉक ड्रिल किया गया। बता दें कि भारतीय रेल जहां एक ओर पूरे विश्व का सबसे बड़ा रोजगार देने वाला संस्थान है, वहीं इसके यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी वह कितना गंभीर रहते हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मालदा रेल मंडल प्रशासन द्वारा जमालपुर यार्ड में पैसेंजर ट्रेन के डीरेल होने का मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एनडीआरएफ, मेडिकल, रेलवे, फायर ब्रिगेड, पुलिस प्रशासन, डॉक्टरों का पैनल, एंबुलेंस समेत लगभग 55 एजेंसियों ने भाग लिया और रिस्पांस टाइम चेक किया गया कि रेलवे में दुर्घटना होने पर कितनी देर में सभी एजेंसियां सक्रिय हो जाती है।

**जमालपुर भागलपुर पैसेंजर ट्रेन को किया डिरेलः** इस दौरान जमालपुर से भागलपुर को जा रही पैसेंजर ट्रेन को डिरेल कर दिखाया गया। जिसमें हादसे में कुल 40 लोग घायल हुए हैं। सूचना आग की तरह फैल गई और एनडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। रेलवे की टीमों ने कटर से कोच को काटकर घायलों को बाहर निकाला। थोड़ी ही देर में राहत वैन भी वहां पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। मॉक ड्रिल लगभग दो घंटे तक चली और इसमें संबंधित विभागों का रिस्पांस टाइम जांचा गया। ताकि भविष्य में अगर ऐसी कोई घटना होती है तो उसे समय पर कंट्रोल किया जा सके। मॉक ड्रिल में मलबा हटाना, प्रभावित डिब्बों से घायल और फंसे हुए यात्रियों को निकालना, चिकित्सा उपचार, घायलों को अस्पताल पहुंचाना, यात्रियों को खाद्य पदार्थ की आपूर्ति, अनुग्रह राशि का भुगतान, यात्रियों के सामान व उसकी सुरक्षा, भीड़ को नियंत्रित करना आदि शामिल था।

**क्या कहते हैं डीआरएमः** मौके पर मौजूद डीआरएम मनीष गुप्ता ने कहा कि यह अभ्यास ऐसी वास्तविक घटनाओं के समय किए गए वास्तविक ऑपरेशनों की प्रतिकृति है। ऐसे मॉक ड्रिल से बचाव कार्यों में शामिल विभिन्न विभागों के बीच संचार कौशल के साथ साथ समन्वय का भी विकास होता है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं को सतर्क रहें और ट्रेन के पटरी से उतरने या दुर्घटना जैसी किसी भी आपात स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें। कहा कि मॉक ड्रिल की योजना रेलवे के विभिन्न विभागों और अन्य एजेंसियों के बीच संचार और समन्वय में खामियों का पता लगाने के लिए किया गया था। ताकि निवारक उपाय किए जा सकें।

# सड़क जाम से मुक्ति के लिए नगर निगम का निर्णय बेगूसराय में 26 नवम्बर से बदलेगा ट्रैफिक रूल

## गलत रुट से चलने पर लगेगा जुर्माना





**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में नगर निगम ने मुख्य बाजार और सड़कों पर जाम से मुक्ति दिलाने, यातायात को सुलभ बनाने तथा आमलोगों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा, टेम्पू, छोटे चार पहिया वाहन आदि का परिचालन वन-वे कर दिया गया है। डीएम तुषार सिंगला द्वारा किया गया ट्रैफिक मैनेजमेंट के पहल का असर 26 नवम्बर से दिखना शुरू होगा।

डीएम तुषार सिंगला के निर्देश के आलोक में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में बाजार क्षेत्र में सहुलियत, जाम की समस्या से निजात दिलाने, यातायात सुलभ बनाने के लिए सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक के लिए व्यवस्था बनाई गई थी। इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा ,इसको लेकर अधिकारी सड़क पर उतर गए हैं।

### 26 नवम्बर से नई व्यवस्था होगी लागू

नई व्यवस्था के 26 नवम्बर से पटेल चौक से हीरालाल चौक तक, कचहरी चौक से शिवाजी चौक-माणिक शाह चौक (मस्जिद चौक)-कॉलेजिएट स्कूल होते हुए पटेल चौक तक तथा नगर निगम चौक से नबाव चौक-कैंटीन चौराहा होते हुए वीआईपी रोड में मीरा नर्सिंग होम चौक तक के सड़क को आवागमन के लिए वन-वे करने का निर्णय लिया गया है। इस एकतरफा पथों के वैकल्पिक मार्ग के रूप में हीरालाल चौक से पटेल चौक जाने वाले वाहन कचहरी चौक से शिवाजी चौक-माणिक शाह चौक (मस्जिद चौक)-कॉलेजिएट स्कूल होते हुए पटेल चौक तक (एकतरफा), पावर हाउस चौक एवं स्टेशन चौक से गांधी चौक होते हुए विवेकानंद चौक तक (दोतरफा) तथा एनएच-31 से काली स्थान चौक की ओर आने वाले वाहन ट्रैफिक चौक, आंबेडकर चौक, कचहरी चौक, नगर थाना होते हुए नगर निगम चौक तक (एकतरफा) के सड़क का उपयोग किया जा सकेगा। बैठक में उक्त वन-वे नियमों का अनुपालन कराने के लिए नगर निगम, जिला परिवहन विभाग, अनुमंडल पदाधिकारी, यातायात प्रभारी और नगर थाना की संयुक्त आदेश के माध्यम से धावा दल गठित करने का निर्णय लिया गया है।

गठित किए गए धावा दल द्वारा विविध पथों और स्थलों का औचक निरीक्षण कर निर्णय के अनुपालन की स्थिति, अतिक्रमण हटाने, परिवहन विभाग के नियमानुसार जुर्माना वसूली आदि का कार्य निरंतर रूप से किया जाएगा।

### अस्थायी ठहराव का विकास और साईनेज-बोर्ड लगाने का निर्णय

इसके अलावा टेम्पू एवं ई-रिक्शा के अस्थायी ठहराव के लिए काली स्थान चौक, खातोपुर चौक, कचहरी रोड में रंजीत होटल के पास, बाघा गुमटी शौचालय के पास तथा निजी बस पड़ाव में नगर निगम के द्वारा अस्थायी ठहराव का विकास और साईनेज-बोर्ड लगाने का कार्य कराने का निर्णय लिया गया है। विविध पथों में परिचालित ई-रिक्शा एवं टेम्पू का नगर निगम, जिला परिवहन कार्यालय एवं यातायात पुलिस के संयुक्त दल द्वारा सूची बनाते हुए बार कोड के साथ कलर कोडिंग-स्टीकर लगाने का निर्णय लिया गया है। बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम द्वारा तथा सदर अनुमंडल सहित अन्य अनुमंडलों में कलर कोड प्लेट-स्टीकर संबंधित नगर निकाय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। सभी अनुमंडलों का नंबर 0001 से शुरू होगा। नगर निगम एवं सभी अनुमंडलों में चलने वाले टेम्पू एवं ई-रिक्शा बार कोड सहित स्टीकर एवं प्लेट का निर्धारित कर दिया गया है। बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र में भूरा, सदर अनुमंडल क्षेत्र में नीला, तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र में गुलाबी, बलिया अनुमंडल क्षेत्र में पीला, मंझौल अनुमंडल क्षेत्र में हरा तथा बखरी अनुमंडल क्षेत्र में उजला निर्धारित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शुद्ध पानी के लिए संस्था कर रही काम

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर परिषद के चिह्नित किए गए वार्ड में यूके की संस्था वाटर एड, जल सुरक्षा पर काम कर रही है। जिला समन्वयक राहुल कुमार एवं प्रखंड समन्वयक नरेंद्र कुमार ने बताया कि नगर परिषद की ओर से वार्ड 19, 21, 25 का एनओसी मिला है। यहां क्लोरिनेटर लगाया जा रहा है। ताकि लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए मिल सके। नगर परिषद के ईओ मृत्युंजय कुमार ने बताया कि महादलित बस्ती को प्राथमिकता दी जा रही है।

### विधि व्यवस्था डीएसपी ने की कांडों की समीक्षा

**भागलपुर, एजेंसी।** डीएसपी विधि व्यवस्था चंद्रभूषण ने शुक्रवार को सुल्तानगंज थाने में लंबित कांडों की समीक्षा की और कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान अनुसंधानकर्ता से उनके पास उपलब्ध लंबित कांडों का बारी-बारी से समीक्षा किया। साथ ही अनुसंधानकर्ता को कांड निष्पादन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएसपी सह थानाध्यक्ष प्रिय रंजन सहित अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों के बीच हो रहा बीज वितरण

**भागलपुर, एजेंसी।** किसानों के हित में शुक्रवार को ई-किसान भवन में अनुदानित दर पर बीज वितरण का कार्य किया गया। बीज वितरण कार्य से जुड़े रंजन दुबे ने बताया कि अब तक अनुदानित दर पर मटर, गेहूं, सरसों, मसूर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक मसूर का बीज 883 किसानों के बीच, गेहूं का बीज 195 किसानों के बीच, सरसों का बीज 69 किसानों के बीच वितरण किया गया।

### उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच स्टेट टीम ने की

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र भवानीपुर के स्वास्थ्य संबंधी गुणवत्ता की जांच शुक्रवार को स्टेट से आयी टीम ने की। जांच की शुरुआत टीम ने भवानीपुर मुखिया ममता कुमारी, सरपंच शंकर रजक, पीएचसी प्रभारी डॉ. विनोद कुमार, सीएचओ मनोहर राम सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में समुदाय के साथ खुला मीटिंग कर किया। स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

### टिकारी : पैक्स चुनाव से आठ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया

**गया, एजेंसी।** पैक्स चुनाव को लेकर शुक्रवार को नाम वापसी के बाद अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। अध्यक्ष पद से नामांकन दाखिल करने वाले छह अभ्यर्थी समेत आठ अभ्यर्थी ने चुनाव से नाम वापस ले लिया। निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ नीरज आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपसपुर पैक्स से अभ्यर्थी रेशमी देवी, अमाकुआं पैक्स से बलिराम यादव, मउ पैक्स से संदीप कुमार मिश्रा व संजीव कुमार मिश्रा, डीहुरा पैक्स से जयमन्ती देवी व खनेटु पैक्स से रमेश कुमार ने अध्यक्ष पद से उम्मीदवारी वापस लिया। वहीं जलालपुर पैक्स से सदस्य अभ्यर्थी बेबी देवी व महमन्ना पैक्स से साकेत कुमार वर्मा ने सदस्य पद से अपनी उम्मीदवारी वापस ली। नाम वापसी के बाद सभी अभ्यर्थी को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। पैक्स को लेकर मतदान आगामी 29 नवंबर को होगा। पैक्स चुनाव को लेकर टिकारी में 59 मतदान केंद्र बनाये गये है। प्रखण्ड के सभी तेईस पैक्स में कुल 34 हजार 707 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

### जनता दरबार में 52 मामलों की सुनवाई

**दरभंगा, एजेंसी।** डीएम राजीव रौशन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में परिवादियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र निष्पादन का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। डीएम ने जनता दरबार में 52 से अधिक मामलों की सुनवाई की और कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि शिकायतों के निष्पादन में सर्वोच्च प्राथमिकता दें।इस अवसर पर डीडीसी चित्रगुप्त कुमार, अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास, राकेश रंजन, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, पूजा कुमारी, आईटी सहायक आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नालंदा में मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 2 की मौत, 16 घायल

**बिहार, एजेंसी।** नालंदा में एनएच-20 पर हुए सड़क हादसे में दो महीने की मासूम बच्ची सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 16 बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मजदूरों से भरा एक पिकअप नालंदा से गोरखपुर ईंट की भट्ठी में काम करने के लिए जा रहे थे। तभी पिकअप अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। घटना में 30 साल के बोध मांझी और 2 महीने की आंचल कुमारी की मौके पर ही जान चली गई। घटना शनिवार सुबह बेना थाना क्षेत्र के सिरनामा गांव के पास की है।

## राज्यपाल ने दिया रेडक्रॉस को सहयोग का आश्वासन

**दरभंगा, एजेंसी।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शुक्रवार को राजभवन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की दरभंगा शाखा के पदाधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने सबसे पहले कार्यकारी चेयरमैन डॉ. बीबी शाही की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। डॉ. शाही ने राज्यपाल का सभी सदस्यों की तरफ से अभिवादन किया। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पहले जब वे दरभंगा आये थे तो उस दौरान उन्होंने रेडक्रॉस के सदस्यों से मिलकर उनकी विषम परिस्थिति को जाना और कार्यालय के लिए भूमि आवंटन करने के लिए दरभंगा डीएम को निर्देश दिया।

डीएम ने एक सप्ताह में लगभग आठ कट्ठा भूमि लक्ष्मीपुर में रेडक्रॉस के कार्यालय के लिए आवंटित किया। इसके लिए उन्हें साधुवाद दिया गया। उन्होंने निजी सहायक रोहित ठाकुर का भी आभार व्यक्त किया। इसके लिए राज्य प्रतिनिधि डॉ. रामबाबू खेतान गत आठ वर्ष से प्रयासरत थे। डॉ. खेतान ने उन्हें दरभंगा रेडक्रॉस के कार्यों से विस्तार से अवगत कराया। राज्यपाल ने भवन निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करने की बात कही।

## मंदिर में हुई शादी

# शादी में कम गहने लाने पर बाराती को बंधक बनाया: मुजफ्फरपुर में 4 दिन के बाद पुलिस ने मुक्त करवाया



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के बरियापुर थाना क्षेत्र के राजापाकड़ गांव में दूल्हा ,उनके पिता और भाई को दुल्हन पक्ष के लोगों ने शादी में गहना कम लाने से नाराज लोगों ने शादी तोड़कर बंधक बना लिया।घटना की सूचना पर पुलिस सभी को मुक्त करवाया।जिसके बाद दूल्हा दुलहन से पुलिस ने बातचीत किया तो दोनों शादी के लिए राजी थे।जिसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को थाना परिसर के मंदिर में परिवार वाले के सहमति से दोनों की शादी हुई। पूरा मामला 18 नवंबर का है। पीरापुर गांव से प्रमोद महतो के पुत्र कालू कुमार की बारात बरियारपुर थाना क्षेत्र के राजापाकड़ गांव में मुन्ना महतो की बेटी मनिता कुमारी से शादी के लिए पहुंची थी। जयमाला का कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कन्या निरीक्षण के दौरान जेवरात कम देखकर दुल्हन के परिजन भड़क गए। परिजन बेटी की शादी दूल्हा से करने से इनकार कर दिया। उसके बाद शादी में खर्च की राशि की मांग करते हुए दूल्हा, दूल्हे के पिता और भाई को बंधक बनाकर रख लिया। सामाजिक पंचायत के बाद भी दुल्हन पक्ष के लोग मानने से इनकार करते रहे।

### चार दिनों से बारातियों को बनाया था बंधक

21 नवंबर की रात दूल्हा पक्ष ने घटना की सूचना बरियारपुर पुलिस को दी। दूल्हा पक्ष ने पुलिस को एक आवेदन भी दिया, जिसमें बताया गया कि वह राजापाकड़ गांव में मनिता कुमारी से शादी करने के लिए बारात लेकर आया था। दुल्हन पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। दो लाख रुपए की मांग कर दूल्हा, पिता और भाई को बंधक बना लिया। चार दिनों से बंधक बनाकर घर में रखा गया है। बरियारपुर थानाध्यक्ष चांदनी कुमारी सवारियां ने बताया कि दूल्हा पक्ष की ओर से कई दिनों बाद बंधक बनाकर रखने की सूचना दी गई। पुलिस ने सबसे पहले बंधक बनाकर रखे गए दूल्हा, उसके पिता और भाई को मुक्त कराया। उसके बाद दोनों पक्ष के लोगों को समझा बुझाकर शादी के लिए तैयार किया गया। दोनों पक्ष की उपस्थिति में बरियारपुर भगवती स्थान मंदिर में शुक्रवार को शादी कराई गई। शादी के बाद दुल्हन को ससुराल भेज दिया गया है।

06

गया में प्रेमी जोड़े का शव मिला, आंखें डैमेज थीं:सुसाइड और मर्डर दोनों एंगल से हो रही जांच, 2 दिन से लापता थे दोनों

गया, एजेंसी।

गया में तालाब किनारे नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव मिला है। दोनों की आंखें डैमेज हैं। बताया जा रहा कि दोनों दो दिन से लापता थे। परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतकों की पहचान नीतीश कुमार (17) और रुपा कुमारी (15) के रूप में हुई है। गांव वालों की माने तो दोनों के बीच 2 साल से अफेयर था। ये भी बताया जा रहा है कि उनकी आंखें फोड़ी गई हैं। गांव वालों ने शव पुलिस को देने से मना कर दिया था। काफी समझाने के बाद लोगों ने शव पुलिस को सौंपे हैं। स्थिति को देखते हुए एसएसपी आशीष भारती ने एसपी सिटी प्रेरणा और बोधगया एसडीपीओ सौरभ जायसवाल को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। स्न्नस्रुऔर तकनीकी टीम भी जांच कर रही है। घटना मोहनपुर थाना क्षेत्र के सोनडीहा गांव की है।

अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल हॉस्पिटल भेजा है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, दूसरी तरफ प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने बताया कि %घटना की जांच हर एंगल से शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि जांच में किसी तरह की लापरवाही नहीं होगी। दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।%

# पुत्र मोह में ट्रेन से कूद गई बिलासपुर की महिला, मौत

**गया, एजेंसी।** पुत्र मोह में एक महिला ट्रेन से कूद गई। उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला को लगा कि उसका तीन साल का बेटा ट्रेन से बाहर कूद गया है, जबकि उसका बेटा ट्रेन में था। यह हृदय बिदारक घटना गया-कोडरमा रेल सेक्शन के गुरपा और पहाड़पुर स्टेशन के बीच चरकापत्थर गांव के पास शुक्रवार की हुई। बच्चे को नहीं देख विचलित हो गई थी नीतू घटना को लेकर महिला का पति रविरंजन कुमार ने बताया कि कोडरमा से ट्रेन के खुलने के बाद जब ट्रेन गुरपा और पहाड़पुर के बीच से गुजर रही थी। तब उसकी पत्नी नीतू रंजन (32) को ऐसा लगा कि उसका तीन साल का पुत्र ट्रेन की बोगी से बाहर कूद गया है, जबकि बच्चा बोगी में ही मौजूद था।

उसकी पत्नी जब बच्चे को नहीं देखा तो वह विचलित हो गई। वह बिना खोजबीन किए पुत्र के मोह वश में पुत्र को बचाने के ख्याल से चलती ट्रेन से बाहर कूद गई। ट्रेन को पहाड़पुर स्टेशन पर वैक्यूम लगाकर रोका गया। रविरंजन वहां बच्चे के साथ ट्रेन से उतर गया और स्टेशन पर आरपीएफ को घटना की जानकारी दी। महिला का पति रविरंजन कुमार ने रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी को बताया कि वह मूल रूप से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर विनोबानगर का रहने वाला है। वर्तमान में वह गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर का अस्थाई निवासी है। वह ट्रेन संख्या 07255 अप हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन से अपनी पत्नी नीतू रंजन व तीन साल के पुत्र के साथ बिलासपुर से गया तक सफर कर रहा था। रविरंजन, उसकी पत्नी व बच्चा ट्रेन के कोच संख्या बी-01 में बर्थ नंबर 51 और 52 पर यात्रा कर रहे थे। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि घटना की खबर मिलते ही वह गुरपा और पहाड़पुर स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार व बल सदस्य हरि मोहन मीणा को तत्काल खोजबीन के लिए भेजा गया। खोजबीन के दौरान महिला का शव गुरपा-पहाड़पुर स्टेशन के बीच रेल किलोमीटर संख्या 430/11-13 पर लाइन के किनारे पड़ा मिला। इसकी जानकारी महिला के पति रविरंजन कुमार को दी गई। साथ ही घटनास्थल गुरपा थाना क्षेत्र में पड़ने के कारण इसकी सूचना गुरपा पुलिस को भी दी गई। सूचना पर गुरपा थानाध्यक्ष अजय कुमार भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद जांच पड़ताल कर महिला के शव को गुरपा थाना लाया गया। यहां सारी कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल भेज दिया गया।

# नालंदा में नदी को बनाया कचरे का डंपिंग यार्डः कूड़े की ढ़ेर में आग लगाने से स्थानीय लोगों को सांस लेने परेशानी, स्वास्थ्य के लिए समस्या



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड में पंचाने नदी को कचरे का डंपिंग यार्ड बना दिया गया है। जो केवल पर्यावरण के लिए लिए ही नहीं बल्कि स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय निवासी राजू कुमार और विवेक कुमार ने बताया कि पिछले कई महीनों से कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है, जिससे निकलने वाला धुआं हमारे लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है। कूड़े की डंपिंग से क्षेत्र के सभी लोग कड़ी परेशान हैं। लोगों ने बताया कि लगातार कूड़ा डंप के साथ उसके ढेर में आग लगा दिया जाता है। जिससे निकलने वाली धुंआ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**नदी में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई :** कचरे का डंपिंग यार्ड को लेकर गिरियक नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान में वार्ड नंबर 1 में एक चिह्नित स्थान पर कचरा डंप किया जा रहा है। नदी में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पर्यावरण विद राजीव कुमार ने बताया कि नदी में कूड़े की डंपिंग न केवल जल प्रदूषण का कारण बन रही है, बल्कि स्थानीय परिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचा रही है। यह स्वच्छ भारत अभियान के मूल उद्देश्य के भी विपरीत है। बता दें कि अधिकारियों की दैनिक आवाजाही के बावजूद भी किसी की नजर इस लापरवाही पर नहीं पड़ रही है। बरसात के दिनों में यह कूड़ा पानी के साथ बह जाती है। जिससे अनेक बीमारियों की समस्या होती है।

## रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने 139 अधिकारियों का वेतन रोका :सेवा पुस्तिका विभाग को उपलब्ध नहीं कराने पर कार्रवाई



**पटना, एजेंसी।** बिहार में लैंड सर्वे के बीच राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग(रेवेन्यू डिपार्टमेंट) ने बड़ी कार्रवाई की है। 139 अधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है। सेवा पुस्तिका विभाग में जमा नहीं करने पर राजस्व सेवा के अधिकारियों का वेतन रोका गया है।

**विभाग ने 5 बार भेजा रिमाइंडर :** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आदेश का सबसे ज्यादा असर पूर्वी चंपराण में हुआ है। यहां 11 अफसरों का वेतन रोक दिया गया है। इसका अलावा राजधानी पटना में 8 अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन अफसरों को 5 बार रिमाइंडर भेजा गया था। इसके बाद भी विभाग को सेवा पुस्तिका नहीं भेजा। जिसके बाद राजस्व विभाग कड़ा कदम उठाया है। इसमें अंचलाधिकारी से लेकर राजस्व अधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुदेशक, प्रभारी पदाधिकारी बंदोबस्त, अपर समाहर्ता, भू-हदबंदी स्तर के अधिकारी शामिल हैं।



## सर्जरी के दौरान एनेस्थेसिया विशेषज्ञों की जिम्मेवारी महत्वपूर्ण : उपमुख्यमंत्री

**पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सर्जरी के दौरान एनेस्थेसिया विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी होती है। वे शुक्रवार को ज्ञान भवन में आयोजित आईएसएकॉन-2024 के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। 71वें वार्षिक सम्मेलन में इंग्लैंड, अमेरिका, दक्षिण कोरिया, ईरान, रोमानिया सहित 16 देशों के एनेस्थेसिया और क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के मुख्य सलाहकार सह नेशनल को-ऑर्डिनेटर डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवा चिकित्सकों को एनेस्थेसिया के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और तकनीकों से परिचित कराना है। 24 नवंबर तक मुख्य कॉन्फ्रेंस चलेगा, जिसमें विश्वभर के चिकित्सक अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करेंगे। सम्मेलन के उद्घाटन से पहले एम्स पटना, आईजीआईएमएस, एनएमसीएच सहित प्रमुख निजी अस्पतालों मेदांता और बिग अपोलो में वर्कशॉप आयोजित की गई। सम्मेलन में डॉ. समरेन्द्र प्रताप सिंह को आईएसए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, डॉ. राजगोपाल को एपी सिंगल लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और डॉ. माधुरी कुर्दी भोपाल को एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक बासुकी, डॉ. गौतम शाह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. उमेश कुमार भदानी, डॉ. प्रकाश के दुबे, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. निशांत सहाय, डॉ. विभा कुमार उपस्थित रहे।

# नालंदा में 36 मिल्क पार्लर खुलने से रोजगार का अवसर : 28 फरवरी तक आवेदन करने का मौका




दूध उद्योग को मिलेगी नई दिशा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले में नालंदा डेयरी की एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत मार्च 2025 तक जिले में कुल 36 मिल्क पार्लर स्थापित किए जाएंगे। यह पहल सात निश्चय-टू योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य न केवल दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाना है, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करना है। जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नालंदा डेयरी के सीईओ मोहम्मद मजीदउद्दीन के अनुसार, इस परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में मिल्क पार्लर की स्थापना की जाएगी। कुछ स्थानों पर यह कार्य पूरा भी हो चुका है। चंडी इंजीनियरिंग कॉलेज और हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में पार्लर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। मार्केटिंग इंचार्ज नीरज कुमार ने बताया कि पार्लर के लिए 14 मीटर लंबी और 13 फीट चौड़ी जगह निर्धारित की गई है। जिस पर 10 फीट लंबी व 9 फीट चौड़ी प्रीफैब्रिकेटेड संरचना बनाई जाएगी। चयनित संचालकों को 350 लीटर क्षमता के दो डीप फ्रीजर उपलब्ध कराए जाएंगे।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं:** प्रति पार्लर निर्माण लागतः लगभग 4 लाख रुपए है। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक है। आवेदक की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष रखी गई है। महिला आवेदकों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। पहले चरण में कल्याण बिगहा, राजगीर, चंडी, सरमेरा, रहुई, पैठना डेंटल कॉलेज, अस्थावां पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं राजगीर गौतम विहार में बनकर तैयार होगा।

### आवेदक कैसे करें अप्लाई

इच्छुक आवेदक सुधा डॉट कूप वेबसाइट से आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में कार्यकुशलता के आधार पर चयन किया जाएगा। यह पहल न केवल दूध और दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति को सुगम बनाएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह क्षेत्र में डेयरी उद्योग के विकास को नई दिशा प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में लग्न शुरू होते ही चढ़ने लगे सोने-चांदी के भाव, 6 दिनों में कितनी हुई बढ़ोतरी

**रांची, एजेंसी।** त्योहारों के बाद सोना और चांदी के भाव में लगातार गिरावट आ रही थी। लेकिन 16 नवंबर से शुरू हुए लग्न के साथ ही सोने और चांदी के भाव चढ़ने लगे हैं। लग्न के दौरान इनकी मांग बढ़ जाती है। इस कारण भी कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। रांची में छह दिनों में ही सोने की कीमत में 700 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के भाव में 2,000 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हो चुकी है।15 नवंबर को सोने का भाव 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो 21 नवंबर को बढ़ कर 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। जबकि, चांदी का भाव 92,000 रुपये से बढ़ कर 94,000 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है।सोने और चांदी की कीमत बढ़ने के कारण लोग लाइटवेट गहनों पर अधिक फोकस कर रहे हैं। लोगों की मांग को देखते हुए ब्रांडेड और स्थानीय दुकानदार लाइटवेट के नये-नये डिजाइन लग्न को देखते हुए बाजार में लाये हैं।

### शादी कर भाग रहे युवक-युवती को परिजनों ने पकड़ा

**धनबाद, एजेंसी।** प्रेम विवाह कर भाग रहे युवक-युवती को गुरुवार की रात परिजनों ने सरायढेला के स्टीलगेट में पकड़ लिया। इसके बाद बीच सड़क पर घंटों हंगामा हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची सरायढेला पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गयी। पूछताछ के बाद युवक-युवती को छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार युवक निरसा व युवती बंगाल की रहने वाली है। दोनों ने अपने घर से भागकर विवाह रचा लिया। गुरुवार को युवक को जानने वाले किसी ने दोनों को सरायढेला में देख लिया और इसकी सूचना उनके परिजनों को दे दी। आनन फानन में पहुंचे युवक के परिजन उसे जबरन घर ले जाना चाहते थे। युवक इसके लिए तैयार नहीं था। इसे लेकर स्टीलगेट में हंगामा हुआ।

### ओरमांझी में अपराधियों ने 2 युवकों को मारी गोली, हालत गंभीर

**रांची, एजेंसी।** रांची जिले के ओरमांझी में बाइक सवार अपराधियों ने जमीन करोबार से जुड़े 2 युवकों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया घटना शुक्रवार देर शाम को ओरमांझी के बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास हुई गोली से घायल युवकों का नाम आजाद अंसारी और जावेद अंसारी है दोनों को स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, आजाद और जावेद रांची के एक बड़े जमीन कारोबारी के लिए काम करते हैं ओरमांझी में जमीन कारोबारी का एक बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा है आजाद और जावेद उसी प्रोजेक्ट से लौट रहे थे, तभी बाइक सवार अपराधियों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी आजाद के पैर में और जावेद के पेट में गोली लगी है पुलिस को बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से घटना में शामिल अपराधियों के सुराग हासिल हुए हैं जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंगचुरो बंद रहा, अभिभावकों में आक्रोश

**गिरिडीह , एजेंसी।** तिसरी प्रखंड का उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंगचुरो गुरुवार को बंद रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक स्कूल आए और हाजिरी बनाकर वापस चले गए। इसके चलते बच्चों को भी बिना पढ़े ही लौट जाना पड़ा। शिक्षकों की लापरवाही के खिलाफ विद्यालय कमेटी के अध्यक्ष सुबोध कुमार समेत सचिन कुमार पप्पू कुमार, शंकर कुमार यादव, दिलीप कुमार, उपेंद्र, रतन राय, लक्ष्मण राय, ब्रह्मदेव तुरी आदि ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों ने विद्यालय के दो सहायक शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया कि विद्यालय में पांच शिक्षक हैं, जिनमें तीन शिक्षक इलेक्शन पर ड्यूटी गए हैं। दो शिक्षकों के रहने के बावजूद गुरुवार को विद्यालय में ताला लटका रहा। तिसरी के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंजीत कुमार ने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक ऑनलाइन सीएल पर थे। यदि विद्यालय बंद था तो इसकी जांच की जाएगी।

# केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली ही परीक्षा में चूके चौहान, फेल हो गया सीएम हिमंत का भी फॉर्मूला

**रांची, एजेंसी।** केंद्र में कृषि मंत्री बनने के बाद मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था, जबकि उनके साथ सह प्रभारी के तौर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को लगाया था। इन चुनावी नतीजों से साफ हो गया है कि केंद्र में जाने के बाद शिवराज चौहान अपने पहले ही टास्क में चूक गए है, जबकि हिमंत बिस्व सरमा का हार्डकोर हिंदुत्व कार्ड भी यहां काम नहीं कर सका है।



झारखंड में एक बार फिर हेमंत सोरेन की अगुवाई में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती दिख रही है। रुझानों में भाजपा गठबंधन काफी पिछड़ती दिख रहा है। जबकि इंडिया गठबंधन बहुमत के आंकड़े को पार कर चुका है। अगर हेमंत सोरेन राज्य में दोबारा सरकार बनाने में कामयाब रहते हैं तो उनके लिए ये बड़ी उपलब्धि होगी। लेकिन भाजपा को अपनी रणनीति पर फिर विचार करना पड़ेगा। पार्टी ने चुनाव की जिम्मेदारी जिन दो अहम कंधों पर सौंपी थी। वे दोनों ही अपना करिश्मा नहीं दिखा सके है।

केंद्र में कृषि मंत्री बनने के बाद मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश का प्रभारी बनाया गया था, जबकि उनके साथ सह प्रभारी के तौर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को लगाया था। इन चुनावी नतीजों से साफ हो गया है कि केंद्र में जाने के बाद शिवराज चौहान अपने पहले ही टास्क में चूक गए है, जबकि हिमंता बिस्वा सरमा का हार्ड कोर हिंदुत्व कार्ड भी यहां काम नहीं कर सका है।

भाजपा को इन चुनावों में स्थानीय नेताओं को दरकिनार करना महंगा पड़ा। पार्टी नेतृत्व ने शुरु से ही स्थानीय नेताओं को दरकिनार कर पूरी जिम्मेदारी इन दोनों नेताओं को सौंप दी थी। चुनावी कामकाज संभालने के बाद से ही दोनों नेताओं ने पार्टी के अंदर राजनीतिक हस्तक्षेप शुरू कर दिया था। इससे स्थानीय नेता नाराज थे। दोनों नेताओं ने पार्टी हाईकमान को विश्वास में लेते हुए अन्य पार्टियों के कई नेताओं को न केवल भाजपा शामिल करवाया बल्कि उन्हें विधानसभा चुनाव का टिकट भी दिलवाया। इन सारे फैसलों से स्थानीय और प्रदेश बीजेपी नेताओं दूर रखा गया। लेकिन अनुशासित पार्टी और चुनाव सिर पर रहने के कारण कहीं से कोई खास विरोध का स्वर नहीं गूंजा।

झारखंड भाजपा के नेताओं का कहना है कि, विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के पहले से ही शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा शर्मा का झारखंड आने का सिलसिला शुरू हो गया था। अंतिम कुछ दिनों के दौरान तो हिमंता ने रांची में होटल में रुकने की जगह एक मकान ही अपना कैंप ऑफिस बना लिया था। टिकट वितरण, चुनाव प्रचार और अन्य चुनावी रणनीति तैयार करने में भी शिवराज चौहान और हिमंत बिस्वा शर्मा ही प्रभावी रहे। शुरु से भाजपा के नेता ये मानकर चल रहे थे कि हम सरकार में आ रहे है। लेकिन यह आत्मविश्वास पार्टी को भारी पड़ा।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की राजनीति बिलकुल अलग है। दोनों अपनी राजनीति के जरिए राज्यों में कमाल कर चुके हैं। शिवराज चौहान हिंदुत्व के साथ साथ सोशल इंजीनियरिंग के लिए जाने जाते है। जबकि हिमंता बिस्व शर्मा हार्ड कोर हिंदुत्व की राह पर चलते हैं। लेकिन इन दोनों नेताओं की खूबियों पर हेमंत सोरेन का आदिवासी, मुस्लिम और यादव का समीकरण भारी पड़ा। भाजपा ने यहां भी % बंटेंगे तो कटेंगे % का नारा दिया, लेकिन ध्रुवीकरण नहीं हुआ। यहां %हिन्दू-मुस्लिम% से ज्यादा सोरेन का आदिवासी अस्मिता का दांव चला गया। बीजेपी ने बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। लेकिन हेमंत सोरेन ने भाजपा पर काटो-बांटो की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए %बेटी-माटी-रोटी% का नारा दिया, जो चुनाव में काम कर गया है।

इन दोनों दिग्गज नेताओं को झारखंड की जिम्मेदारी देकर बीजेपी ने यह मैसेज देने की कोशिश है थी कि अब पार्टी बदल रही है। पार्टी हिंदुत्व के कोर एजेंडे में सोशल इंजीनियरिंग का मिश्रण चाहती है। इन दोनों को साथ ही लेकर पार्टी चुनाव जीतना चाहती है।

## गिरिडीह में घर में घुसा अनियंत्रित ट्रक, चालक की मौत



**गिरिडीह, एजेंसी।** जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांडेय-जामताड़ा मार्ग में बेलाटांड़ के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार सिमेन्ट लोडेड ट्रक सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसा। इससे दो घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक चालक की दबकर मौत हो गई है। हालांकि, इस दौरान घर के लोग बाल - बाल बच गये। घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक के शव को बाहर निकाला। इस संबंध में अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद चालक का शव ट्रक के स्टीयरिंग में फंस गया था। जेसीबी के माध्यम से टूटे मकान के मलबे को हटाकर चालक के शव को निकाला गया। शव की शिनाख्त धनबाद के भागा निवासी विकास यादव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृत चालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## लातेहार में लाखों रुपये का डोडा बरामद

**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार-डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के दुड़ंगी गांव के पास एक ट्रक से पुलिस ने 857 किलोग्राम अफीम का डोडा बरामद किया। घटना शुक्रवार की दोपहर की है। बरामद डोडा की कीमत लाखों में बताई जा रही है। इस संबंध में डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि दुड़ंगी पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक की छानबीन आरंभ की। हालांकि, पुलिस के आने के पहले ही ट्रक का चालक और खलासी वहां से फरार हो गया था। जब ट्रक की जांच की गई तो उसमें कई बोरियां पाई गयी। इसके ऊपरी सतह पर बैगन भरे हुए थे लेकिन जब बैगन को हटाकर देखा गया तो बोरियों में अफीम का डोडा भरा हुआ था। बरामद डोडा 857 किलोग्राम पाया गया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने डोडा और ट्रक को जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रक उत्तर प्रदेश की बताई जा रही है। पुलिस फरार हुए चालक और खलासी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## ग्रामीणों ने पकड़ा आठ फीट का अजगर, वन विभाग को सौंपा



**सरायकेला, एजेंसी।** चांडिल प्रखंड के काशीडीह गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने लगभग आठ फीट का अजगर को पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया अजगर सांप गांव में घुस गया था, जिसे ग्रामीणों ने स्कूल और डाक घर के सामने से पकड़ा

**ग्रामीणों ने काफी मेहनत के बाद सांप को पकड़ा :** इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर को जंगल से निकलकर एक अजगर सांप चांडिल प्रखंड के काशीडीह गांव में घुस गया था गांव के बंद स्कूल के सामने एक युवक ने सांप को देखा और अन्य ग्रामीणों को इसकी सूचना दी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हुए और सांप को पकड़ने का जुगाड़ लगाते रहे देखते ही देखते सांप तेजी के साथ एक पेड़ पर चढ़ गया ग्रामीणों ने काफी मेहनत के बाद सांप को पकड़कर एक बोरे में रख लिया इसके बाद लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी

**अजगर के लौटने को लेकर आशंकित हैं ग्रामीण :** अजगर सांप के गांव में घुसने और ग्रामीणों द्वारा सांप को सुरक्षित पकड़े जाने की सूचना मिलने के बाद वनकर्मी काशीडीह पहुंचे और अजगर को अपने कब्जे में लिया वन विभाग ने ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए अजगर को वापस जंगल में छोड़ दिया वहीं ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि अजगर कहीं वापस गांव पहुंचकर जान व माल को नुकसान ना पहुंचाए।

# मंगसीर बदी महोत्सव के दूसरे दिन निकली दादीजी की भव्य शोभायात्रा

**रांची, एजेंसी।** राणी सती मंदिर कमेटी के तत्वाधान में चार दिवसीय मंगसीर बदी महोत्सव दूसरे दिन शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई सुबह दस बजे गाजे-बाजे के साथ दादीजी पालकी पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया श्री राणी सती मंदिर विद्यालय के 125 बच्चे दादीजी की पताकाएं लेकर चल रहे थे सैकड़ों महिलाएं माथे पर कलश लेकर, जबकि 21 युवा कांवर लिये हुए थे कांवर में पूजन सामग्री थी शोभायात्रा में आगे-आगे दादीजी के त्रिशूल लिए 21 भक्त चल रहे थे, पालकी के पीछे पंज प्यारे और आगे रथ पर विराजमान दादीजी थीं दादीजी के 71 निशान को भी शामिल किया गया था जगह-जगह भक्तों ने दादीजी को पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि का आशिर्वाद मांगा



श्री राणी सती विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपर बाजार में शिव शक्ति की झांकी प्रस्तुत कीइसमें भगवान शिव व माता पार्वती को भक्तो को आशीर्वाद देते दिखाया शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय और बाहर से आये कलाकारों ने हिस्सा लिया भजन गायक पवन शर्मा, मनीष सोनी और राजा ने भजनों की गंगा बहाई प्रधान पुजारी देव कुमार जी संग मंदिर कमेटी के न्यासी रतन जालान, भानु जालान,अध्यक्ष सतीश तुलस्यान,मंत्री गजानंद अग्रवाल, चन्द्र कांत झुनझुनवाला, श्याम अग्रवाल,कमल खेतावत, प्रदीप नारसरिया, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान,प्रकाश पोद्दार, तरुण सर्राफ, शोभित तुलस्यान, सुमित, पवन लोहिया, शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे थे

स्थानीय भजन मंडली से आगे सती मंदिर के विद्यार्थियो की टोली थी अंत में भजनों पर झूमते हुए धर्म ध्वज लिए महिला श्रद्धालु चल रही थीं शोभायात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, भक्तों का कारवां भी लंबा होता गया शोधायात्रा रातु रोड, हरमू रोड, गाड़ीखाना चौक, कार्टसराय रोड, जेजे रोड, जैन मंदिर होते हुए शहीद चौक, सुभाष चौक से गांधी चौक, नॉर्थ मार्केट रोड होकर कमलाकांत रोड होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई

विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच पीने का पानी, टॉफी, आईसक्रीम आदि का वितरण किया गया महोत्सव के तिसरे दिन शनिवार को मंदिर में दादी मां के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा सुबह सात बजे मां की विशेष पूजा की जायेगी इसके बाद दर्शन-पूजन शुरू होगा रतन जालान अपनी पत्नी के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित करेंगे सुशील नारसरिया व श्याम अग्रवाल की देखरेख में 501 महिलाएं मंगला पाठ करेंगी इस विशेष मौके पर मंदिर कमेटी की और से हजारों भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा

## नेताजी सुभाष मेडिकल अस्पताल में एक माह में 70 गंभीर मरीजों का सफल ऑपेरशन संपन्न

**सरायकेला, एजेंसी।** नेताजी सुभाष अस्पताल में एक माह पूर्व ऑपेरशन थियेटर की शुरुआत हुई थी इस एक माह में 70 गंभीर मरीजों का सफल ऑपेरशन हुआ है यह जानकारी नेताजी सुभाष मेडिकल अस्पताल की एमडी विभा सिंह और चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने शुक्रवार को दी।

उन्होंने बताया कि नेताजी सुभाष ग्रुप के मेडिकल कॉलेज अस्पताल आदित्यपुर का शुभारंभ होने से गरीब तबके के मरीजों को सुपर हॉस्पिटेलिटी का लाभ मिल रहा है यहां प्रबंधन ने ओपीडी फ्री कर रखा है जिसके वजह से यहां प्रतिदिन 1100 के करीब मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं।

पटना के बिहटा में 650 बेड का नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल पूर्व से ही संचालित हो रहा है वहां पांच सौ छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं वहां अब पीजी की पढ़ाई शुरू हो चुकी है चेयरमैन एमएम सिंह का कहना है कि यह अस्पताल गरीबों के लिए खुला है यहां कम खर्चे में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है इसी कड़ी में नेताजी सुभाष ग्रुप आदित्यपुर में 650 बेड के नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शुरुआत की है पर्याप्त संख्या में डाक्टरों के अलावा प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ भी अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# गोल बिल्डिंग के पास से युवक उठाया , मारपीट कर हाथ-पैर तोड़े

**धनबाद, एजेंसी।** सरायढेला थाना क्षेत्र के बालाजी पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की दोपहर की एक युवक के साथ मारपीट की गई। मारपीट के बाद युवक को कार में जबरन बैठाकर ले गए। घटना के बाद पीड़ित युवक के परिजनों में सरायढेला थाना में जमकर हंगामा किया। मारपीट में घायल युवक पुलिस लाइन निवासी सिकंदर अंसारी को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

ना में हंगामा कर रहे परिजनों ने को-ऑपरेटिव कॉलोनी मुरली नगर के रहने वाले अमर सिंह के पुत्र जिशु सिंह सहित 10-15 युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बताया कि दो माह पूर्व जिशु के पिता अमर सिंह के साथ किसी ने मारपीट की थी। इसके बाद सिंकदर ने ही मध्यस्थता कर मारपीट करनेवालों से माफी मंगवाई थी। उस मारपीट में उनका कोई रोल नहीं था, बल्कि सिकंदर ने ही शांति समझौता कराया था।

बताया कि शुक्रवार की दोपहर को सिंकदर अपने रियल स्टेट के काम के लिए कार से निकला। बालाजी पेट्रोल पंप के पास पार्टी को लेकर साइट पर जाना था। इससे पूर्व जिशु सिंह कार से वहां पहुंचा। उसके साथ बाइक से कई अन्य युवक थे। पहले तो सिंकदर को पकड़ कर वहीं पर बुरी तरह पीटा। इसके बाद कार में जबरन बैठाकर कोयला नगर ले गए। वहां पर पिटाई की। इसके बाद अपने कॉलोनी मुरली नगर ले गया, जहां 15 लोगों ने मिलकर उसको पीटा। पैर-हाथ तोड़ दिए। सिर पर वार कर जख्मी कर दिया। सूचना पाकर उसका भाई समीर बचाने गया, लेकिन वहां उसके साथ भी बुरी तरह मारपीट की गई। हंगामा मचा रहे परिजनों ने आरोप लगाया कि जिशु मनबढ़ू व अपराधी किस्म का लड़का है। दो दिन पूर्व ही पुलिस लाइन में रुई दुकानदार के साथ मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने हमलावरों के पक्ष से एक युवक को हिरासत में लिया है।

## निजी अस्पतालों को मरीज के लिए टाइम स्लॉट जारी करने का निर्देश

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने जिले के सभी नर्सिंग होम, क्लीनिक, हॉस्पिटल और ओपीडी क्लीनिकों को ऑनलाइन अथवा फोन से अपॉइंटमेंट अथवा जनरल रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था करने को कहा है ताकि मरीजों को अनुमानित टाइम स्लॉट दिया जा सके। इससे उन्हें लंबे इंतजार से राहत मिलेगी। बता दें कि यश भगवानी नामक व्यक्ति ने सिविल सर्जन से शिकायत की है। इसमें उन्होंने अपना दर्द बयां करते हुए कहा है कि उन्हें अपनी गर्भवती पत्नी को दिखाने के लिए चार घंटे इंतजार करना पड़ा। इस शिकायत पर संज्ञान लेने लेते हुए सिविल सर्जन ने पत्र जारी कर सभी निजी अस्पताल के संचालकों को ऑनलाइन अथवा फोन से अपॉइंटमेंट अथवा जनरल रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। अपने निर्देश में सिविल सर्जन ने कहा है कि इससे इलाज के लिए मरीज लंबी प्रतीक्षा से बच सकेंगे। अधिक समय तक प्रतीक्षा करने से मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभार पड़ने की आशंका बनी रहती है।

# फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से 20 हजार रुपए की शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज, एजेंसी।** आरपीएफ की टीम ने बुधवार की रात बड़हरवा रेलवे स्टेशन पर फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से करीब 19780 रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब तस्करी के लिए ले जाई जा रही थी। आरपीएफ ने धंधे में लिप्त एक युवक साहेब अंसारी को गिरफ्तार किया है। बड़हरवा पोस्ट के आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठित कर न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन से फरक्का एक्सप्रेस में जांच अभियान चलाया गया। ट्रेन जब बनिडगा रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी, जेनरल बोगी में सवार एक युवक तीन बैग के साथ संदिग्ध स्थिति में दिखा।

आरपीएफ टीम ने उसके पास जाकर पूछताछ की, युवक ने अपना नाम साहेब अंसारी बताया। बैग की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी शराब की बोतलें भरी मिलीं। ट्रेन के बड़हरवा स्टेशन पर रुकते ही टीम ने शराब जब्त करते हुए युवक को




गिरफ्तार कर लिया। उसे बड़हरवा आरपीएफ पोस्ट ले जाया गया। वहां मामला दर्ज कर साहिबगंज जिला उत्पाद विभाग को जानकारी दी गई। जब्त शराब में प्रीमियम स्ट्रांग बियर, अल्ट्रा प्रीमियम व्हिस्की, प्रीमियम व्हिस्की, किंगफिशर प्रीमियम व्हिस्की व किंगफिशर व्हिस्की की बोतलें शामिल हैं। शराब की कीमत करीब 19780 रुपये आंकी गई।

# नगर निगम क्षेत्र में शनिवार को जलापूर्ति रहेगी बाधित, सभी मेजर लीकेज होंगे दुरुस्त

**सरायकेला, एजेंसी।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में शनिवार 23 नवंबर को पाइप लाइन जलापूर्ति बाधित रहेगी इस दौरान कल सभी मेजर लीकेज को दुरुस्त करने के कार्य किये जायेंगे प्रशासक रवि प्रकाश ने लीकेज के जांच के निर्देश दिए हैं इस संबंध में एक सूचना नगर निगम कार्यालय से जारी की गई है

**मुख्य जलापूर्ति की फीडर लाइन में लीकेज :** बताया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र की ओर से आने वाले मुख्य जलापूर्ति की फीडर लाइन में लीकेज पाया गया है जिसकी मरम्मत के लिए एजेंसी द्वारा कल युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा इस मौके पर पदाधिकारी की भी मौजूदगी रहेगी ताकि कार्य को शीघ्र संपन्न किया जा सके हालांकि नमी होने के कारण कार्य में बाधा हो रही है जिस कारण पूरी रात पंपिंग बंद रहेगी एवं कल इस कार्य को संपन्न करने के लिए जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी



**विभिन्न वार्डो में टैंकर से होगी जलापूर्ति :** वहीं वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में टैंकर द्वारा जलापूर्ति करवाई जाएगी वहीं प्रशासक ने अन्य मुख्य पाइपलाइन फीटरों को लीकेज की जांच करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर उनकी जानकारी में कहीं भी पाइपलाइन लीकेज हो उसकी जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं नगर निगम के सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नया जलापूर्ति कार्य को संपन्न करने का अनुमानित टारगेट अगस्त 2025 तक दिया गया है जिसका कार्य इनदिनों द्रुत गति से चल रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मोटापे की दवाएं

संसार में मोटापा एक बड़ी समस्या ही नहीं, बल्कि एक बड़े रोग की तरह फैल रहा है और ऐसे में, मोटापे की दवा खोजने में लगे वैज्ञानिकों का सम्मान सुखद व स्वाभाविक है। वैसे तो मोटापे की दवा खोजने के अभियान में अनेक वैज्ञानिकों का योगदान रहा है, पर उनमें से तीन वैज्ञानिकों को इस वर्ष के प्रतिष्ठित लास्कर पुरस्कार के लिए चुना गया है। सबसे कामयाब मोटापा-विरोधी दवाओं को विकसित करने में शामिल इन तीन वैज्ञानिकों के बारे में माना जा रहा है कि इन्हें चिकित्सा का नोबेल भी मिलेगा। आमतौर पर लास्कर पुरस्कार जीतने वाले वैज्ञानिक को ही नोबेल दिया जाता है। ये तीन सम्मानित वैज्ञानिक हैं- जोएल हेबेनर, स्वेतलाना मोजसोव और लोते बेजरे नुडसन। इनके द्वारा निर्मित दवा दरअसल ग्लूकागन- जैसे पेप्टाइड 1 (जीएलपी-1) नामक हार्मोन की नकल करती है, इससे रक्त-शर्करा के स्तर को कम करने और भूख नियंत्रित करने में मदद मिलती है। क्लिनिकल-अनुसंधान श्रेणी में लास्कर से सम्मानित इन तीनों वैज्ञानिकों को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की राशि मिलेगी। वास्तव में, बायोमेडिकल वैज्ञानिक जीएलपी-1 अनुसंधान की बढ़ती मान्यता से उत्साहित हैं। इसका मकसद शुरुआत में मधुमेह का इलाज करना था और मधुमेह के इलाज की तलाश में मोटापे की दवाएं हाथ लगी हैं। गौर करने की बात है कि मोटापा के मोर्चे पर वैज्ञानिक लंबे समय से काम कर रहे हैं। शल्य क्रिया के अलावा कुछ दवाएं भी उपलब्ध हैं, जो मोटापे को घटाने में मदद कर सकती हैं। मोटापे के खिलाफ नई कामयाबी से यह पता चला है कि जीएलपी-1 आधारित दवाएं सिर्फ मोटापे और मधुमेह का इलाज नहीं करती हैं। वे हृदय रोग, किडनी रोग के इलाज में भी मददगार हो सकती है। इन दवाओं का इस्तेमाल स्लीप एपनिया में भी हो सकता है। इधर, स्लीप एपनिया के मामले बढ़ रहे हैं, मतलब, सोते समय सांस रुक-रुककर चलने की शिकायत बढ़ रही है। वास्तव में, एक अच्छी दवा जब बनती है, तो उसका व्यापक प्रयोग या उपयोग सामने आता है। जीएलपी-1 आधारित दवाओं पर और काम करने की जरूरत है, ताकि ज्यादा सुरक्षित दवाएं लोगों तक पहुंच पाएं। वास्तव में, मोटापे पर दुनिया के अनेक वैज्ञानिक काम कर रहे हैं और तरह-तरह के शोध सामने आ रहे हैं। यह भी पता चला है कि प्रोटीन और शर्करा के एक नेटवर्क का संचय, जिसे बाह्य कोशिकीय मैट्रिक्स कहा जाता है, इंसुलिन को भूख नियंत्रित करने वाले न्यूरॉन्स तक पहुंचने से रोकता है, इससे मोटापे को बल मिलता है।

# भारत में रोजगार के संदर्भ में बदलना होगा अपना नजरिया

(प्रह्लाद सबनानी)

आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य सुश्री शमिका रवि द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए एक रिसर्च पेपर में, आंकड़ों के साथ, कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस रिसर्च पेपर में भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के सम्बंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथ साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं तथा कई राज्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। सबसे अधिक विकास आज अविकसित क्षेत्रों में हो रहा है। आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे हैं। विकास के कई नए क्षेत्रों का निर्माण हुआ है। पिछड़े हुए इन राज्यों में गति पकड़ रहा विकास, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और भी अधिक वृद्धि दर्ज करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अतुलनीय विस्तार हुआ है, जिसके चलते अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियां भी अपने संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी प्रदेशों में कुछ कम्पनियों ने इस सम्बंध में अच्छी पहल की है। प्राचीन भारत में ग्रामीण क्षेत्र ही आर्थिक विकास के मजबूत केंद्र रहे हैं। इससे इन क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर भी इनके आसपास के इलाकों में मिल जाते हैं और इन्हें शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। दूसरे, सामान्यतः देश के विभिन्न राज्यों की वित्तीय स्थिति में भी मजबूती आई है। कुछ राज्यों के बजटीय घाटे में अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। परंतु, साथ ही कुछ राज्यों जैसे, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, आदि प्रदेशों में आज बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय हो रही है जिसे शीघ्र ही सम्हालने की आवश्यकता है क्योंकि एक तो इन राज्यों में विकास दर कम होती जा रही है दूसरे इन राज्यों द्वारा मुफ्त योजनाओं को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, बगैर यह ध्यान दिए कि इन बढ़े हुए खर्चों के लिए क्या उनके बजट में कुछ गुंजाइश भी है। इस प्रकार के बढ़े हुए खर्चे इन राज्यों के बजट पर अंततः दबाव बढ़ाते हैं। आज देश में कुछ राज्यों में ब्याज के भुगतान, प्रशासन सम्बंधी खर्चों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान करने में ही पूरे बजट की राशि समाप्त हो जाती है। प्रदेश में विकास कार्य करने के लिए कुछ भी राशि बचती ही नहीं है बल्कि कुछ राज्यों को तो इन मदों पर भुगतान करने हेतु भी ऋण लेना होता है जो बजट पर और अधिक दबाव को बढ़ाता है। पूंजीगत खर्चे इन राज्यों में कम ही हो पा रहे हैं जिससे इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय भी कम है और ये राज्य विकास की दर को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। दिल्ली में पिछले 10 वर्ष पूर्व तक पूंजीगत मदों पर बजट का एक बहुत बड़ा भाग खर्च होता था परंतु पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। पंजाब की स्थिति भी बहुत खराब हो गई है केवल 20 वर्ष पूर्व तक पंजाब देश में सबसे अमीर राज्यों की श्रेणी में शामिल था परंतु आज इसके आसपास के राज्य, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा, भी पंजाब से आगे निकल गए हैं। इन राज्यों में उद्योगों को स्थापित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। पंजाब से उद्योग निकलकर हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा में चला गया है। मध्यप्रदेश एवं बिहार कृषि के क्षेत्र में बहुत भारी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं परंतु उद्योग के कम मात्रा में होने के चलते इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से कम है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी दो अलग अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18 वर्ष से 59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है। अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72 से 73 प्रतिशत की बीच रही है। बंगलादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है। परंतु भारत में श्रम की भागीदारी 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आश्य ऐसे नागरिकों से है जो रोजगार तलाश रहे हैं लेकिन उन्हें रोजगार मिल नहीं रहा है। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत ही है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा बहुत परिवर्तन होता रहता है। परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर यह 0.9 से 1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं। इसलिए आज देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के लिए व्यवसाय को बढ़ाना होगा, विकास को बढ़ाना होगा। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं करा सकती है। इस हेतु, निजी क्षेत्र को आगे आना ही होगा।

*केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के संस्थानों के रोजगार के अवसर निर्मित करने की कुछ सीमाएं हैं। आज भारत में 30 वर्ष के अंदर की उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर 12 प्रतिशत है, जबकि देश में कुल बेरोजगारी की दर 3.1 प्रतिशत है। अतः देश के युवाओं में बेरोजगारी की दर अधिक दिखाई देती है। देश के युवाओं में कौशल का अभाव है।*

# बच्चे के लिए इस तरह चुनें नर्सरी स्कूल

क्या आप चाहते हैं कि आपके बच्चे का एडमिशन एक बढ़िया स्कूल में हो? उस स्कूल में न केवल पढ़ाई का स्तर ऊंचा हो, बल्कि खेलकूद और दूसरी एक्टिविटीज में भी बच्चे को पूरा मौका मिले? कोई भी अभिभावक इन सवालों का जवाब 'ना' में नहीं देगा। हमारे देश में बढ़िया स्कूल को उज्ज्वल भविष्य की नींव माना जाता है। यही वजह है कि जहां आईआईटी और आईआईएम में दाखिले के लिए कड़ा कॉम्पिटीशन होता है, वहीं नर्सरी में एडमिशन की दौड़ भी कम कड़ी नहीं होती। पिछले साल दिल्ली के 1700 से अधिक स्कूलों में डेढ़ लाख से अधिक बच्चों का एडमिशन हुआ। द्वारका में तो जिन स्कूलों में 150-200 सीटें थीं, वहां दो-दो हजार आवेदन आए। इसी से अंदाजा लगा सकते हैं कि एक-एक सीट के लिए कितनी कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और कितने सारे अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए पसंद का स्कूल नहीं मिला होगा। एडमिशन एक जंग की तरह है और इसकी तैयारी फॉर्म भरने से भी महीनों पहले से होने लगती है। अभिभावक जान-पहचान वालों से स्कूलों के बारे में पता करना शुरू कर देते हैं। नर्सरी स्कूल चुनने के लिए उन्हें कुछ पॉइंट्स को ध्यान में रखना चाहिए, जिससे उनकी तलाश आसान हो जाएगी। स्कूल जितना पास हो, उतना ही अच्छा। इससे आपका भी समय बचेगा और बच्चे का भी। बच्चे को थकान कम महसूस होगी। ट्रांसपोर्ट खर्च बचेगा। शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार, स्कूल के पास रहने वाले बच्चों को एडमिशन में प्राथमिकता मिलती है। यह जांचना बेहद जरूरी है कि हर साल कितनी फीस देनी पड़ेगी। अपनी इनकम का ख्याल रखते हुए ही स्कूल का चुनाव करें। महंगे स्कूल शुरुआत में कुछ वक्त अच्छे लगते हैं, लेकिन फिर उनकी फीस के कारण घर का बजट बिगड़ने लगता है। यह फीस भी हर साल बढ़ती जाती है। साथ में, पढ़ाई से जुड़े दूसरे खर्चे भी होते हैं। याद रखिए, जरूरी नहीं कि ज्यादा फीस देने पर पढ़ाई भी अच्छी मिले। स्कूल चुनते समय पता करें कि वहां पढ़ाई कैसी होती है, उसकी रेपुटेशन कैसी है। इसके लिए आसपास के लोगों से राय ले सकते हैं। अगर ऐसे अभिभावक से परिचय हो, जिनके बच्चे उस स्कूल में पढ़ रहे हों या पढ़ चुके हों, तो उनसे जरूर पूछना चाहिए।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव: कांग्रेस और आप के बीच आवागमन शुरू

(अशोक गुप्त)

वैसे इस आवागमन में कुछ अस्वाभाविक नहीं है क्योंकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों एक जैसी पार्टियां हैं। आम आदमी पार्टी बनी तो उसने कांग्रेस की जमीन हथियार कर ही अपना झोंपड़ा बनाया। यह बात और है कि उस झोंपड़ी को धीरे-धीरे शीश महल में बदल दिया। दिल्ली विधानसभा के चुनाव पास आ रहे हैं तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में आवागमन शुरू हो गया है। कोई कांग्रेस से आम आदमी पार्टी में जा रहा है तो कोई आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में जा रहा है। आज ही खबर आई है कि कांग्रेस नेता वीर सिंह धींगान ने कांग्रेस का हाथ झटक कर आम आदमी पार्टी का हाथ थाम लिया। उसी के नीचे दूसरी खबर छपी थी कि आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी इशराक खान कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। वैसे कुछ दिनों से ऐसी खबरें बिला नागा रोज आ रही है, ऊपर कांग्रेस से आम आदमी पार्टी में जाने की खबर और नीचे आम आदमी पार्टी से कांग्रेस में जाने की खबर। वैसे पिछले नगर निगम चुनाव से पहले भी कुछ ऐसा ही हुआ था। हमारे क्षेत्र से कांग्रेस के पुराने चुनाव हारे विधायक सुभाष मल्होत्रा टिकट मिलने के आश्वासन पर आम आदमी पार्टी में आ गए तो आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने टिकट न मिलने की संभावना के कारण कांग्रेस का हाथ थाम लिया। दोनों को टिकट मिल गए पर फायदा कुछ नहीं हुआ। चुनाव परिणाम आया तो सीट बीजेपी जीत गई। वैसे इस आवागमन में कुछ अस्वाभाविक नहीं है क्योंकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों एक जैसी पार्टियां हैं। आम आदमी पार्टी बनी तो उसने कांग्रेस की जमीन हथियार कर ही अपना झोंपड़ा बनाया। यह बात और है कि उस झोंपड़ी को धीरे-धीरे शीश महल में बदल दिया। जो लोग परंपरा से कांग्रेस को वोट दिया करते थे, झुग्गी वाले, रिक्शा वाले, अवैध कॉलोनी वाले, पैसे लेकर वोट बेचने वाले, वे सब आम आदमी पार्टी में शिफ्ट हो गए। इन वर्गों के वोट कांग्रेस से हटकर आम आदमी पार्टी में चले गए तो कांग्रेस का दीवाला निकल गया और आम आदमी पार्टी की दुकान चल गई। दुकान को और अच्छा चलने के लिए आम आदमी पार्टी ने इन तबके के लोगों को विशेष रूप से लुभाने के लिए बिजली और अपनी कुछ सीमा तक मुफ्त पानी देने का वादा कर दिया तो उनकी दुकान और अच्छे से चल गई। उधर महिला वोटरों को लुभाने के लिए बस यात्रा फ्री कर दी, फिर भले ही सरकार का दीवाना निकलता हो तो निकले। लीपा पोती करके गाड़ी भले ही खिंच रही हो पर दिल्ली वालों को ना तो नई सड़क मिल पाई, ना प्रदूषण काबू हुआ। पानी का तो हाल ही बेहाल है। कभी आया तो कभी नहीं आया, आया भी तो कभी-कभी गंदा भी आता रहा. अब जल बोर्ड का घाटा कौन भरेगा। दोनों पार्टियों में एक और चीज भी मिलती-जुलती रही वह यह कि दोनों पार्टियों की एक ही नीति रही, जैसे भी हो, सत्ता में आओ और उसके लिए गरीबों व अल्पसंख्यकों को पटाओ और अपना सॉलिड वोट बैंक बनाओ। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर हल्ला बोलकर आम आदमी पार्टी ने अपना नई दुल्हन का चिकना चुपड़ा चेहरा दिखाया और कांग्रेस के वोटरों को अपना दीवाना बना लिया। अब काठ की हांडी कितनी देर तक चढ़ती, भ्रष्टाचार का शोर मचाकर सत्ता में आए खुद भ्रष्टाचारी बन बैठे। कांग्रेस को तो फिर भी पुराना अनुभव था, इसलिए सब कुछ कर करके भी पकड़े नहीं जाते थे पर नए लोगों को इतना अनुभव नहीं था, इसलिए जल्दी ही पकड़ में आ गए। अब हालात यह है कि जनता की नजर में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक जैसी पार्टियां हो चुकी हैं। जिसे कांग्रेस में टिकट मिलने की संभावना नजर नहीं आती, वह आम आदमी पार्टी में चला जाता है और जिसे आम आदमी पार्टी में टिकट मिलना मुश्किल लग रहा हो, वह कांग्रेस में आ जाता है। वैसे आवागमन जीवन का नियम है। कोई आता है तो कोई जाता है। यह आवागमन चलता रहेगा आगामी चुनाव तक। उसके बाद तो चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि किधर पलड़ा अधिक भारी होता है, जिसका पलड़ा भारी हुआ, उस ओर गमन तेज हो जाएगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5561

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5560

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5561

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | ■ |
| | ■ | | ■ | 5 | 6 | | 7 |
| 8 | 9 | | 10 | ■ | 11 | | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. टेस्ट मैचों में विश्व का सर्वाधिक रन स्कोर बनाने वाला वेस्टइंडीज का क्रिकेटर (अप्रैल 2004, 400 रन)(5)
5. शिकवा, उपलंभ, उलाहना (4)
8. फहराना, कंप युक्त गति होना (4)
11. व्यंग्यपूर्ण या छल भरी बात (3)
12. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (3)
15. यूनानी रीति से चिकित्सा करने वाला (3)
16. पश्चिमी अफ्रीका का एक देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
17. पडौसी, प्रतिवेशी, हमसाया (4)
19. बुनियाद, जड़, नींव, आदि कारण (2)
20. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
21. किसी त्यौहार व विशेष पर्व के अवसर पर लगा लोगों का जमघट या समूह (2)
23. मिथ्या संवाद या झूठी खबर (2)
24. परवरिश करना, भरण-पोषण करना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्व का एक मात्र देश जिससे भूमध्य रेखा और मकर रेखा दोनों की गुजरती है (3)
2. विलास चेष्टा, नाज-अदा, चोचला (3)
3. पुंज (2)
4. काबिल, योगय (3)
6. पैदल यात्रियों का समूह या दल (3)
7. करीने से काटना या कतरना (4)
9. जिद, दुराग्रह, दृढ प्रतिज्ञा, अटल संकल्प (2)
10. ठीक सामने की स्थिति को यह कहते है (6)
13. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
14. ब्राह्मण, पुरोहित (2)
15. बयार, पवन, वायु, समीर (2)
16. मिलावट, अनुचित मेल, गड्मगड्ड (4)
18. नृत्य में एक प्रकार की गति (3)
22. उपस्थित करना, ले आना (2)

### वर्ग पहेली 5560 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दि | रा | गां | धी | ■ | स्वा | न |
| त | न | ■ | व | ■ | आ | ग | म |
| जा | मा | ■ | ■ | आ | ज | त | क |
| म | न | भा | व | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | ■ | टा | ■ | बा | ज | ■ | रा |
| सा | ग | ■ | ज | न | म | ■ | म |
| त | ज | ■ | रि | ■ | घ | ना | ■ |
| ■ | ब | का | या | ■ | ट | न | ■ |

# आज का राशिफल

**मेष**
आज कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृष**
आज लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मिथुन**
आज कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**तुला**
आज प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक**
आज शत्रुभय, चिंताए, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु**
आज जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**कर्क**
आज अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह**
आज व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कन्या**
आज का परिश्रम कल लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर**
आज धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
आज वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन**
आज कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### झांसी-खजुराहो राजमार्ग पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, चार घायल



**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी-खजुराहो राजमार्ग पर एक कार के ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित एक ऑर्केस्ट्रा ग्रुप का हिस्सा थे और मऊरानीपुर शहर में प्रस्तुति देने के बाद झांसी लौट रहे थे। उल्दन थाने के प्रभारी दिनेश कुरील ने बताया कि श्री राम महाविद्यालय के पास एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में शबनम (28) और मिनी (24) नामक दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक मनीष राजपूत (35) की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। थाना प्रभारी कुरील ने बताया कि अन्य यात्री - काजल उर्फ ??रिया (23), मुस्कान (21), रवींद्र (24) और अजय सिंह (35) इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसा संदेह है कि वाहन चलाते समय चालक को झपकी आ गई और वाहन ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### पश्चिम बंगाल : आग लगने से आठ झुग्गियां जलकर खाक



**कोलकाता, एजेंसी।** दक्षिण कोलकाता के कंकुलिया में शुक्रवार शाम आग लग जाने के कारण कम से कम आठ झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दमकल की सात गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर लगी, जिसमें किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जाना अभी बाकी है।

### गुजरात के जीएसटी विभाग ने 3.53 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात राज्य जीएसटी विभाग ने सात वाणिज्यिक संस्थाओं की तलाशी के दौरान 3.53 करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये कंपनियां वास्तविक आय को छिपा रही थीं, बिना चालान के बिक्री कर रही थीं और कर देनदारी को कम करके दिखा रही थीं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राज्य में उपभोक्ताओं के साथ लेनदेन करने वाली संस्थाओं (बी2सी) द्वारा माल और सेवा कर (जीएसटी) की चोरी की आशंका में 16 नवंबर को सात परिसरों में तलाशी ली गई थी।

### आखिर आप ने पंजाब में अमन अरोड़ा को ही क्यों बनाया प्रदेश अध्यक्ष

**चंडीगढ़, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब में अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान की जगह पर अब राज्य सरकार में ही नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री अमन अरोड़ा को कमान दी गई है। अमन अरोड़ा खत्री हिंदू हैं और उन्हें पार्टी ने शहरी मतदाताओं को लुभाने के लिए कमान सौंपी है। माना जाता है कि पंजाब में शहरी मतदाताओं में खत्री हिंदू, वैश्य और ब्राह्मणों की अच्छी संख्या है। इसके अलावा यूपी, बिहार जैसे राज्यों से आए प्रवासियों की बड़ी आबादी है। ऐसे में हिंदू प्रदेश अध्यक्ष देने से इस वर्ग को लुभाया जा सकता है। अब तक सीएम भगवंत मान ही प्रदेश अध्यक्ष थे, जिनकी जगह अमन अरोड़ा को मिल गई है। खुद भगवंत मान ने ही इस बदलाव का ऐलान किया।

# पंजाब में जमीन अधिग्रहण पर बवाल, पुलिस और किसानों में हुई भिड़ंत, कई जख्मी

**जालंधर, एजेंसी।**
भारतमाला परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण के मामले को लेकर बठिंडा के गांव दुन्नेवाला में पुलिस और किसानों में खूनी संघर्ष हो गया। अधिग्रहण की गई जमीन का कब्जा छुड़ाने के लिए आए किसानों को खदेड़ने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पर पड़े। इस भिड़ंत में कई किसान जख्मी हुए हैं और पांच पुलिस वालों को भी चोटें लगी हैं। घायलों को सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



एक दिन पहले जिला प्रशासन ने गांव दुन्नेवाला, शेरगढ़ और भगवानगढ़ में आठ किलोमीटर में जमीन का कब्जा लिया था। प्रशासन ने किसानों को 47 लाख रूपये मुआवजा दिया था लेकिन किसान इस जमीन का 70 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा मांग रहे हैं। अधिग्रहण के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा के नेता जोगिंदर सिंह उगराहा सैंकडो किसानों के साथ गांव दुन्नेवाला में प्रशासन की ओर से कब्जे में ली गई जमीन से कब्जा हटाने के लिए आए थे। प्रशासन और पुलिस ने किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी बात पर अडे रहे। देखते ही देखते किसानों और पुलिस में टकराव शुरू हो गया। पुलिस ने किसानों पर लाठीचार्ज करते हुए उन पर आंसू गैस के गोले छोड दिए। भडके किसानों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। इस घटना में कई किसान और पांच पुलिस कर्मी जख्मी हो गए।

किसानों की प्रशासन के साथ मीटिंग रही बेनतीजा गांव दुन्नेवाला को पुलिस छावनी में तबदील कर दिया गया है। डीआईजी हरचरन सिंह भुल्लर और एसएसपी अमनीत कौंडल भी मौके पर मौजूद रहे। एसएसपी अमनीत कौंडल ने बताया कि पांच पुलिस कर्मी जख्मी हुए है, जिनको उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। वहीं, प्रशासन का कहना है कि मुआवजा सरकारी निर्देशों के अनुसार तय किया गया है लेकिन किसानों का कहना है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण उनकी सहमति के बिना किया गया और उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। देर शाम को किसानों की पांच सदस्यीय कमेटी की प्रशासन के साथ मीटिंग बुलाई गई थी लेकिन इस में भी कोई हल नहीं निकला जिसके बाद किसानों ने वहीं पर धरना लगाने का ऐलान कर दिया। पंजाब में नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट नहीं हो पा रहे पूरे पंजाब में नेशनल हाईवे के चल रहे प्रोजेक्ट जमीन अधिग्रहण के कारण पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इसको लेकर तीन महीने पहले केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को आदेश दिए गए थे कि नेशनल हाईवे के प्रोजेक्टों को जल्द पूरा करने के लिए जमीन अधिग्रहण किया जाए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तो पंजाब में नेशनल हाईवे के सात प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। भूमि अधिग्रहण के बाद इसमें लॉ एंड ऑर्डर की दिक्कत आ रही है। नितिन गडकरी ने इसको लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिख चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा चलता रहा तो प्रोजेक्ट को बंद करना पड़ेगा।

# 'जीवित हिंदुओं 24 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान आओ', यति नरसिंहानंद ने की यह अपील

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद स्थित शिवशक्ति धाम डासना मंदिर के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी करते हुए हिंदू समुदाय से दिल्ली में होने वाले मुस्लिम समुदाय के एक धरने में हनुमान चालीसा का पाठ करने का अनुरोध किया। उन्होंने सम्पूर्ण हिंदू समाज से शाहीन बाग और किसान आन्दोलन वाली गलती ना दोहराते हुए 24 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में तौकीर रजा के विरोध में अनवरत हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपील की।

कई मामलों में फंसे विवादास्पद धर्मगुरू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि हिंदू समाज को शाहीन बाग आंदोलन की गलती नहीं दोहरानी चाहिए और इस्लामिक जिहादियों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में वक्फ संशोधन विधेयक के मुद्दे पर मौलवी तौकीर रजा ने मुस्लिम सम्मेलन बुलाया है। यति नरसिंहानंद ने कहा, अगर अब भी हमने जिहादियों का विरोध नहीं किया तो बांग्लादेश, पाकिस्तान, कश्मीर, अफगानिस्तान, ईरान, अरब की तरह हम सब कुछ खो देंगे और भारत से भी खत्म हो जाएंगे। वीडियो में यति नरसिंहानंद कहते हैं, जितने भी जीवित हिंदू इस देश में हैं, वो सभी 24 नवंबर को रामलीला मैदान में पहुंचे। मैं भी वहां पहुंचूंगा और हम सभी सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। 1008 हनुमान चालीसा, हम सभी लगातार अनवरत हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। अगर मौलाना तौकीर रजा धरने को अनिश्चितकालीन धरने में बदलते हैं तो हम भी अपनी हनुमान चालीसा को तब तक पढ़ते रहेंगे जब तक ये दिल्ली में जमे रहेंगे। आगे उन्होंने कहा, हिंदुओं ये आपकी मर्जी है कि आप हमारा साथ दो या ना दो। लेकिन ये समझ लो अब इन जिहादियों के सामने अड़कर खड़े रहने के अलावा तुम्हारे पास कोई भी रास्ता नहीं बचा है। अगर तुम इनसे डर गए तो तुम्हारा वही हाल होना है जो अभी बांग्लादेश में हिंदुओं का हो रहा है, पाकिस्तान में लगभग हिंदुओं हो चुका है, अफगानिस्तान में हो चुका है, कश्मीर में हो चुका है, ईरान में हो चुका है। पूरी दुनिया में जो हिंदुओं का जो हाल हो चुका है।

## किश्तवाड़ में नागरिकों पर अत्याचार? जांच में जुटी सेना, उमर अब्दुल्ला बोले- उम्मीद है कोई ढिलाई नहीं होगी

**किश्तवाड़, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को किश्तवाड़ जिले में सेना द्वारा आम नागरिकों पर अत्याचार के आरोपों की पारदर्शी जांच की मांग की और कहा कि अगर सैनिकों के खिलाफ सबूत हैं, तो इसमें शामिल लोगों का 'कोर्ट मार्शल' किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यहां एक समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मुझे उम्मीद है कि सेना कोई ढिलाई नहीं दिखाएगी और पारदर्शी तरीके से जांच करेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर घटना में शामिल सैनिकों के खिलाफ सबूत हैं, तो उनका 'कोर्ट मार्शल' किया जाना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा, ''अगर इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सबूत हैं, तो उनका तुरंत 'कोर्ट मार्शल' किया जाना चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।''

सेना ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान नागरिकों के साथ किये गए कथित दुर्व्यवहार की जांच शुरू की है। खबरों के मुताबिक, 20 नवंबर को मुगल मैदान इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान कुछ



सैनिकों पर पांच नागरिकों की पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने एक्स पर एक बयान में कहा, ''किश्तवाड़ सेक्टर में आतंकवादियों के एक समूह की गतिविधि की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर 20 नवंबर को राष्ट्रीय राइफल्स द्वारा एक अभियान शुरू किया गया था।'' बयान में कहा गया है कि अभियान के दौरान नागरिकों के साथ कथित दुर्व्यवहार की कुछ खबरें हैं। सेना ने अपने बयान में कहा, ''तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।'' इसमें कहा गया है कि आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

## छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री नेताम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। वह एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वापस रायपुर लौट रहे थे। बेमेतरा जिले में उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के वक्त उनके काफिले में एक गाड़ी घुस गई। छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। मंत्री के साथ ही उनके अन्य साथी भी घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब कृषि मंत्री नेताम एक कार्यक्रम के बाद वापस रायपुर लौट रहे थे। उसी दौरान बेमेतरा जिले में मंत्री की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त काफिले में एक गाड़ी घुस गयी, जिसकी वजह उन्हें गंभीर चोट आई हैं।

गंभीर रूप से घायल मंत्री नेताम को एंबुलेंस से रायपुर लाया जा रहा है। घटना बेमेतरा के जेवरा गांव के पास घटना घटी है। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल राहत और बेहतर इलाज के लिए ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से रायपुर ले जाया जा रहा है। प्रशासन ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए घायलों को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया और उन्हें सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# सिक्किम में दो विधानसभा सीटों पर बिना मुकाबले के ही जीते उम्मीदवार

### कोई खिलाफ नहीं, एक तो सीएम का बेटा

**गंगटोक, एजेंसी।**
एक पूर्वोत्तर राज्य में दो उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए हैं। हम बात कर रहे हैं सिक्किम की। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के उम्मीदवार आदित्य गोले तमांग और सतीश चंद्र राय ने उपचुनाव में बिना किसी मुकाबले के जीत हासिल की। विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के उम्मीदवारों द्वारा 30 अक्टूबर को अपना नामांकन वापस लेने के बाद दोनों सीटों पर एसकेएम के प्रत्याशी निर्विरोध विजयी घोषित किए गए।

आदित्य गोले तमांग मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के पुत्र हैं। सिक्किम की सोरेंग-चकुंग विधानसभा सीट पर आदित्य गोले तमांग का मुकाबला एसडीएफ के प्रेम बहादुर भंडारी के खिलाफ होना था। हालांकि, एसडीएफ के भंडारी ने मंगलवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। इससे



पहले, नागरिक एक्शन पार्टी के उम्मीदवार पोबिन हांग सुब्बा का नामांकन सोमवार को निर्वाचन आयोग द्वारा खारिज कर दिया गया था।

इसी प्रकार, नामची-सिंघीथांग सीट पर एसकेएम के सतीश चंद्र राय का मुकाबला एसडीएफ के डेनियल राय से होना था, लेकिन डेनियल ने भी 30 अक्टूबर को अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, नामांकन वापसी की अंतिम तिथि बुधवार को समाप्त होने के बाद दोनों उम्मीदवारों को आधिकारिक रूप से विजेता घोषित कर दिया। पूर्व विधायक और निर्विरोध चुने गए आदित्य गोले ने मीडिया से कहा कि भंडारी का नामांकन वापस लेना उनका व्यक्तिगत निर्णय था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह सोरेंग-चकुंग क्षेत्र के विकास के लिए हमारे कार्यक्रमों में शामिल होना चाहते हैं। नागरिक एक्शन पार्टी के उम्मीदवार पोबिन हांग सुब्बा का नामांकन खारिज होने पर आदित्य ने कहा, यह तकनीकी कारणों से हुआ। इस पर टिप्पणी करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं।

## गाजियाबाद में डीएम सर्किल रेट से नहीं वसूला जाएगा हाउस टैक्स, महापौर ने लिखा पत्र

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद शहर में डीएम सर्किल रेट से गृहकर नहीं वसूला जाएगा। इस बारे में महापौर ने पांचों जोनल अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि सदन में हुए निर्णय के अनुसार पहले की तरह कर वसूला जाए। यानी कि नई संपत्ति से भी चार गुना कर न लिया जाए। शहर के क्षेत्रों में कर की अलग-अलग दरें तय हैं। उसी हिसाब से वसूली की जाए। पहले गाजियाबाद नगर निगम ने शासन के आदेश पर नई प्रॉपर्टी पर भी डीएम सर्किल रेट के हिसाब से हाउस टैक्स वसूलना शुरू कर दिया था। बाद में पार्षदों ने इसका विरोध भी किया था। अब महापौर के पत्र के बाद माना जा रहा है कि डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स नहीं वसूला जाएगा

नगर निगम ने शासन के आदेश पर नई संपत्ति पर डीएम सर्किल रेट के हिसाब से हाउस टैक्स वसूलना शुरू कर दिया था, लेकिन निगम की बोर्ड बैठक में महापौर और पार्षदों ने इसका विरोध किया था। सदन में प्रस्ताव पास नहीं हो सका था। जोनल अधिकारियों ने भी डीएम सर्किल रेट की दर




से हाउस टैक्स नहीं वसूलना का दावा किया था, लेकिन महापौर सुनीता दयाल से कुछ लोगों ने शिकायत की कि सदन में निर्णय होने के बावजूद जोनल कार्यालय से नई संपत्ति पर डीएम सर्किल रेट की दर से टैक्स वसूला जा रहा। इस पर महापौर ने सिटी जोन, कविनगर, मोहननगर, वसुंधरा, विजयनगर के जोनल अधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र में महापौर ने कहा कि सदन की बैठक में निर्णय लिया गया था कि पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार, गाजियाबाद में पांच प्रतिशत गृहकर हर साल बढ़ाया जाए। वित्त वर्ष 2025-26 में ही गृहकर में बढ़ोतरी होगी, लेकिन वर्तमान में डीएम सर्किल रेट से संपत्ति कर का निर्धारण और वसूली की जा रही।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट रूट पर जल्द शुरू हो सकता है मेट्रो का काम, 17.5 किमी रूट पर यहां बनेंगे 11 स्टेशन

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट रूट पर मेट्रो का काम अगले साल शुरू होने की उम्मीद है। शुक्रवार को यूपी कैबिनेट ने इस रूट की संशोधित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी दे दी। इस रूट पर मेट्रो चलने से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा। 17. 435 किलोमीटर लंबे इस रूट पर कुल 11 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने इस रूट की डीपीआर को मंजूरी के लिए इस साल 5 फरवरी को यूपी सरकार के पास भेजा था। यह रूट एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। एक्वा लाइन पर सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो चल रही है। एनएमआरसी अधिकारियों का दावा है कि इस रूट पर मेट्रो चलने से 130 मीटर रोड पर लग रहे जाम में कमी आएगी।

अधिकारियों ने बताया कि अब इस डीपीआर को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। अगर केंद्र सरकार के स्तर से दो-तीन महीने में मंजूरी मिल जाती है, तब भी अगले साल के अंत तक ही काम शुरू हो पाएगा। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो चलने की शुरुआत में करीब सवा लाख राइडरशिप इस रूट पर रहेगी। मेट्रो चलाने के लिए लोग करीब 10 साल से मांग कर रहे। इसके लिए अब भी लगभग हर महीने ग्रेनो वेस्ट में रहने वाले लोग धरना प्रदर्शन कर रहे। नोएडा सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से कुल 11 स्टेशन होंगे। नोएडा सेक्टर-61, 70, 122, 123, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4, सेक्टर-12 ईकोटेक, ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2, 3, 10, 12 और नॉलेज पार्क-5। इनके बनने से जाम से राहत मिलेगी। साथ ही ग्रेटर नोएडा वेस्ट और नॉलेज पार्क तक लोग



सुरक्षित और आरामदायक सफर कर सकेंगे। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट होते हुए जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत चलना भी प्रस्तावित है। योजना के अनुसार गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक मूर्ति गोलचक्कर के आसपास आकर इसे जोड़ा जाना है। अब नॉलेज पार्क-5 तक मेट्रो को मंजूरी मिलने के बाद नमो भारत के रूट पर अटकलें लगने लगी हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने पर 2991 करोड़ 60 लाख रुपये का खर्च आएगा। रूट बढ़ने और दो स्टेशन अतिरिक्त बनने से लागत करीब 794 करोड़ बढ़ गई है। इस बार मेट्रो का जो रूट बनाया गया है।

# एचपीटीडीसी के घाटे वाले नौ होटल नहीं होंगे बंद, हाईकोर्ट से सुक्खू सरकार को मिली थोड़ी राहत


**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के घाटे वाले होटलों को बंद करने के मामले में हाईकोर्ट से सुक्खू सरकार को बड़ी राहत मिली है। हिमाचल हाईकोर्ट ने घाटे वाले नौ होटलों को 31 मार्च 2025 तक खुला रखने के नए आदेश दिए हैं। इन होटलों में पैलेस होटल चायल, चंद्रभागा केलांग, होटल देवदार खजियार, होटल मेघदूत कयारीघाट, होटल लॉग हट्स मनाली, होटल कुन्जुम मनाली, होटल भागसू मैक्लोडगंज, होटल द कैस्टल नागर और होटल धौलाधार धर्मशाला शामिल हैं।

हालांकि हाईकोर्ट ने घाटे वाले अन्य नौ होटलों को 25 नवंबर से बंद करने के फैसले




को बरकरार रखा है। हिमाचल हाईकोर्ट के न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने प्रदेश सरकार द्वारा दायर की गई पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को यह आदेश दिए। 3 दिन पहले हाईकोर्ट ने एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे 18 होटलों को बंद करने के आदेश दिए थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि इन होटलों के मामले में राज्य सरकार ने प्रदेश हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखा था जिसके परिणामस्वरूप निगम के नौ होटलों को पुनः शुरू करने के आदेश हुए हैं। उन्होंने कहा कि निगम के अन्य होटलों को लेकर भी अध्ययन किया जा रहा है और इस मामले में गठित कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं और उन्हें डरने की आवश्यकता नहीं है। नरेश चौहान ने यह भी कहा कि निगम के होटलों की इस हालात के लिए वर्तमान सरकार जिम्मेदार नहीं है बल्कि यह स्थिति पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबन्धन के कारण ही उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार से जो चुनौतियां वर्तमान सरकार को मिली है, उनका राज्य सरकार डटकर मुकाबला कर रही है और उनसे पार पाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में अग्रसर है जिसके लिए कड़े फैसले लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। बता दें कि बीते 19 नवंबर को हाईकोर्ट के न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने पर्यटन विकास निगम के सेवानिवृत कर्मचारियों की देनदारियों से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए निगम के घाटे में चल रहे 18 होटलों को बंद करने का आदेश दिया था। इसके पीछे इन होटलों में 40 प्रतिशत से भी कम आक्यूपेंसी को वजह बताया गया था। हाईकोर्ट 3 दिसम्बर 2024 को अगली सुनवाई में एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक को कोर्ट द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के संबंध में एक शपथ पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश के बाद सुक्खू सरकार लगातार विपक्षी दल भाजपा के निशाने पर आ गई थी।

## चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन के लिए आईसीसी ने बुलाई आपात बैठक



**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने 26 नवम्बर को अपनी बोर्ड की आपात बैठक बुलाई है, जिसमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर चर्चा की जाएगी। ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह जानकारी मिली है कि बैठक का एकमात्र एजेंडा यह है कि क्या टूर्नामेंट के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाए, जिसमें पाकिस्तान और किसी अन्य देश में इसे आयोजित किया जाए।

टूर्नामेंट की संभावित शुरुआत से 100 दिन से भी कम समय बचा है। मेज़बान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे 19 फ़रवरी से 9 मार्च तक आयोजित करने के लिए निर्धारित किया है। हालांकि आईसीसी ने अभी तक शेड्यूल जारी नहीं किया है। लेकिन इस पर अभी इससे भी ज़्यादा बड़ा रोड़ा अटका हुआ है। बीसीसीआई ने आईसीसी को सूचित किया है कि भारतीय सरकार ने रोहित शर्मा की टीम को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति नहीं दी है। पाकिस्तान को नवंबर 2021 में इस आठ-टीम के वनडे टूर्नामेंट की मेज़बानी के अधिकार दिए गए थे और वह तीन वेन्यूज़ - लाहौर, कराची और रावलपिंडी में पूरे टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए अडिग है।

पाकिस्तान में इस सप्ताह मीडिया से बात करते हुए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने कहा था कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफ़ी पाकिस्तान में आयोजित होने के बारे में सकारात्मक अपेक्षाएं हैं। नक़वी पाकिस्तान सरकार के गृह मंत्रालय के प्रमुख भी हैं, उन्होंने कहा कि वह बीसीसीआई से इस गतिरोध को तोड़ने के लिए संवाद करने के लिए तैयार हैं। पीसीबी आईसीसी से इस बात का जवाब पाने का इंतज़ार कर रहा है कि भारत को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती।

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब पाकिस्तान को भारत की वजह से टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने के प्रश्न से जूझना पड़ा है। पिछले वर्ष एशिया कप के लिए भी भारत ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था, जिसके चलते टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित करना पड़ा था। इसके ठीक बाद पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत की यात्रा करनी पड़ी थी, पीसीबी ने हाल ही में कहा था कि उसने यह फ़ैसला इसलिए किया था ताकि इसके चलते उसे चैंपियंस ट्रॉफ़ी केवल पाकिस्तान में ही आयोजित किए जाने का ठोस आधार मिलेगा।

## सुनील गावस्कर ने फर्जी लेख पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने का पुरजोर खंडन किया है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेप्शन ने शुक्रवार शाम को



नेतृत्व में एक नया युग- बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था।

गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वीडियो में गावस्कर ने कहा-हाय, मैं सुनील गावस्कर हूं, और मैं कहना चाहता हूं कि क्रिकेट सेप्शन नामक एक वेबसाइट है, जिसने मेरे नाम से एक लेख छापा है।

**इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः**



## पर्थ में बरसे जसप्रीत बूमराह

### ● दूसरे दिन की पहली ही गेंद पर की कपिल देव की बराबरी

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पर्थ टेस्ट में कमाल करके दिखाया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अपने जाल में फंसाया और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। बुमराह ने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के खास रिकॉर्ड की बराबरी की है जो यह साबित करता है कि यह गेंदबाज भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल है। जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को अपनी पहले ही गेंद पर विकेट हासिल किया। उन्होंने विकेटकीपर एलेक्स कैरी को पवेलियन का रास्ता दिखाया जो कि उनके इस मैच में पांचवें शिकार बने। यह बुमराह के टेस्ट करियर का 11वां फाइफर (एक मैच में पांच या उससे ज्यादा विकेट) है। उन्होंने भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान और इशांत शर्मा की बराबरी की है। बुमराह ने 41 मैचों में यह काम किया है जबकि जहीर खान ने 9 और इशांत शर्मा ने 105 पारियों में 11 फाइफर लिए हैं।

वहीं जसप्रीत बुमराह अब सेना देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में भारत की ओर से सबसे ज्यादा बार पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होने सातवीं बार यह कमाल किया है। उन्होंने यहां भारत के वर्ल्ड चैंपियन कप्तान और तेज गेंदबाज कपिल देव की बराबरी की है। कपिल देव ने भी सेना देशों में सात बार पांच विकेट हॉल लिया है।

एशिया में सेना देशों में सबसे ज्यादा फाइफर लेने के मामले में वह चौथे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है पाकिस्तान के वसीम अकरम जिन्होंने 11 बार या कमाल किया, 10 बार श्रीलंका के मुथैया मुरलीथरन और 8 बार इमरान खान ने यह कारनामा किया है।

जसप्रीत बुमराह ने इस साल टेस्ट मैचों में 46 विकेट ले लिए हैं। वह 2024 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह ने भारतीय स्पिनर अश्विन की बराबरी की है। अश्विन भी 10 ओवर में 46 विकेट ले चुके हैं।




# पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया का दबदबा

### ● पर्थ टेस्ट में भारत ऑस्ट्रेलिया से 218 आगे स्टंप्स तक स्कोर 172/0 ● ओपनर्स नाबाद लौटे ● जायसवाल शतक के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 218 रन की बढ़त बना ली है।

भारतीय टीम ने शनिवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना नुकसान के 172 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल 90 और केएल राहुल 62 रन पर नाबाद लौटे। दोनों 346 गेंद में 172 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप कर चुके हैं। पर्थ में आज ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 67/7 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। टीम ने 37 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए थे। इस तरह भारत को पहली पारी के बाद 46 रन की बढ़त मिली थी।

विकेटकीपर एलेक्स कैरी अपने पहले दिन के स्कोर में 2 रन ही जोड़ सके और कुल 21 रन बनाए, जबकि नाथन लायन ने 5 रन का योगदान दिया। मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। डेब्यू कर रहे हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को 2 विकेट मिले। मुकाबले के पहले दिन शुक्रवार को भारतीय टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई थी। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी।

**अबू धाबी टी-10**

## जॉस बटलर ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन से पहले 46 गेंदों में ठोके 122 रन, 12 छक्के उड़ाए !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जॉस बटलर तो रुकने का नाम नहीं ले रहे. हर मैच में बल्ले से धमाका कर रहे हैं. आईपीएल 2025 के ऑक्शन से ठीक पहले इंग्लैंड के इस स्टार ओपनर के लिए ये खबर अच्छी है. बटलर का बल्ला इन दिनों अबू धाबी टी-10 में रन उगल रहा है. वो इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. अबू धाबी टी-10 में उनका फॉर्म बाकी बल्लेबाजों से काफी बेहतर दिख रहा है. यही वजह है कि उनके धमाकेदार परफॉर्मेन्स में कंसिस्टेंसी देखने को मिल रही है.

### ➢ 46 गेंदों में 122 रन और 12 छक्के !

अबू धाबी टी-10 की टीम डेक्कन ग्लैडिएटर्स की ओर से खेलते हुए जॉस बटलर ने पहले 24 गेंदों में नाबाद 62 रन ठोके फिर सिर्फ 22 गेंदों में 60 रन जड़ दिए. और इस तरह बटलर ने 2 मैचों में 46 गेंदों का सामना करते हुए 265 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 122 रन ठोके, जिसमें 12 छक्के शामिल रहे. उन्होंने अबू धाबी ञ्10 में अब तक खेले दोनों मैचों में 6-6 छक्के लगाए हैं.

### ➢ बटलर के ब्लास्ट का हुआ क्या असर?

जॉस बटलर के बल्ले से हुए इन धमाकों का असर कितना हुआ अब जरा वो भी जान लीजिए. उनके पहले धमाके से चेन्नई ब्रेव्स टीम की हार हुई. वहीं 22 गेंदों पर 60 रन वाली पारी से अजमान बोल्ट्स टीम को हार मिली है. मतलब



बटलर ने अपने दमखम पर अबू धाबी टी-10 में डेक्कन ग्लैडिएटर्स का परचम बुलंद किए रखा है. डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अब तक लीग में 2 मैच खेले हैं और दोनों जीते हैं. इन दोनों ही मैचों में बटलर का अर्धशतक देखने को मिला है.

### ➢ आईपीएल ऑक्शन में 2 करोड़ है बटलर की बेस प्राइस

अबू धाबी टी-10 में बटलर रनों के सम्राट हैं. छक्के जमाने के मामले में नंबर 1 हैं. ऐसे में आईपीएल ऑक्शन 2025 में उन पर पैसों की बारिश तय दिख रही है. जॉस बटलर ने आईपीएल ऑक्शन के लिए अपनी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखी है. उनके नाम की बोली सेट 1 में ही लगाई जाएगी.



## सैय्यद मुश्ताक अलीः आईपीएल ऑक्शन से पहले गरजा श्रेयस अय्यर का बल्ला, ठोका तेजतर्रार शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तहत गोवा के खिलाफ खेलते हुए मुंबई के बलेबाज श्रेयस अय्यर ने महज 57 गेंदों पर 130 रन बनाकर स्कोर 250 तक पहुंचा दिया। श्रेयस का यह शतक तब सामने आया जब आईपीएल ऑक्शन को एक ही दिन बचा है। केकेआर अपनी पिछली टीम केकेआर को दोड़ चुके हैं, जिसने 2024 का आईपीएल खिताब जीता था। श्रेयस पर दिल्ली की नजरें हैं। ऐसे में उनका यह शतक उनकी कीमत में इजाफा जरूर कर सकता है। इससे पहले रणजी ट्रॉफी के दौरान भी उन्होंने 2 तेजतर्रार शतक लगाए थे।

**बैडमिंटनः**

## चाइना मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी



**शेनझेन, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16 21-19 से जीत दर्ज की। भारत के सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शुक्रवार को डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की दूसरी वरीय जोड़ी को हराकर चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

हालांकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को तीसरी वरीयता के डेनमार्क के खिलाड़ी एंड्रियस एंटोसेन के खिलाफ 53 मिनट चले मैच में 18-21, 15-21 से शिकस्त मिली।

**47 मिनट में जीता मुकाबला**

पेरिस ओलंपिक के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे सात्विक और चिराग ने 47 मिनट में दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी पर 21-16 21-19 से जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी पिछले चरण के फाइनल में पहुंची थी।

## तिलक वर्मा टी-20 में शतकों की 'हैट्रिक' लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने 23 नवंबर 2024 को इतिहास रचा। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। इसके साथ ही वह टी20 क्रिकटे में लगातार तीन शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गये। तिलक वर्मा ने इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी दोनों मुकाबलों में शतक लगाये थे।

तिलक वर्मा टी20 इतिहास में 150 से ज्यादा का स्कोर करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने श्रेयस अय्यर (147 रन) के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को पीछे छोड़ दिया। तिलक वर्मा ने 67 गेंद पर 14 चौकों और 10 छक्के की मदद से 151 रन बनाए। हैदराबाद के कप्तान तिलक वर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले मैच में मेघालय के खिलाफ मात्र 51 गेंद में अपना शतक पूरा कियाी। यह 10 दिन में तीसरा मौका था जब उन्होंने यह टी20 क्रिकेट में 3 अंकों का आंकड़ा पार किया।

तिलक वर्मा मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आये। उन्होंने 28 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। संयोगवश साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ही तिलक वर्मा टीम इंडिया के अपने साथी संजू सैमसन के बाद लगातार टी20 शतक बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे।

# जर्मन स्टाइल में कैसे इंटरनेशनल लेवल पर छाएगी भारतीय फुटबॉल?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल समिट जर्मनी में हो रहा है. जर्मनी के स्टटगार्ट शहर के ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान में भारत समेत दुनिया के कई नामी लोग पहुंचे हैं. चीफ मार्केटिंग और सेल्स ऑफिसर रूवेन कैस्पर ने कहा, 'हमने अनुज के साथ साझेदारी की है. हम भारत में फुटबॉल को बढ़ता देखना चाहते हैं.

हम भारत के बच्चों को फुटबॉल के जरिए आगे बढ़ाने चाहते हैं. हम पर विश्वास करने के लिए शुक्रिया.' रूवेन कैस्पर ने भारतीय फुटबॉल पर आगे बातचीत करते हुए कहा, 'हमें दो चीजें चाहिए. आपको विश्वास होना चाहिए कि हम फुटबॉल को आगे बढ़ाएंगे और आपके पास सही लोग होने चाहिए. हमने चीन में ऐसा किया है. हमने चीन में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की कोशिश की. फुटबॉल में आपको एक साझेदारी की जरूरत है. अगर आपके पास सही लोग हैं. क्लब, बोर्ड और मीडिया में तो आप बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं.' रूवेन कैस्पर ने आगे कहा, 'फुटबॉल को आप नहीं रोक सकते. फुटबॉल दुनिया में नंबर 1 है. इस खेल को हर कोई खेल सकता है. इस खेल को समर्थन की जरूरत है. भारत में सही लोग, सही इन्वेस्टर्स इसे आगे ले जाएंगे. हम और जर्मनी के दूसरे क्लब पूरी कोशिश करेंगे कि भारत में ये खेल आगे जाए.'

### ➢ भारतीय फुटबॉल पर अनुज गुप्ता की बड़ी बात

**ग्लोबल समिट में तैयार हुआ रोड मैप**



इसके बाद सुदेवा एफसी के को-फाउंडर अनुज गुप्ता ने कहा, 'आप सभी का शुक्रिया. मैं हमेशा कहता हूं जब समय सही होता है तो चीजें होती हैं. भारत में फुटबॉल के लिए आपको टाइम देना होगा और इंटरनेशनल लेवल पर वो आगे बढ़ेगा. हमारे कई पोस्टर बॉय है. इंटरनेशनल लेवल पर भारतीय फुटबॉल का पोस्टर बॉय नहीं है. हम इस साझेदारी से ऐसे पोस्टर बॉय आगे लाना चाहते हैं जो लाखों-करोड़ों युवा खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित करेंगे.'

अनुज गुप्ता ने आगे कहा, 'भारतीय फुटबॉल में रोल मॉडल की कमी है. लेकिन भारत में बुंदसलीगा और लालीगा की बड़ी फैन फॉलोइंग है. अब भारत में काफी फुटबॉलर्स अच्छा कमा रहे हैं. कई फुटबॉलर्स हैं जो 50 हजार यूरो हर साल कमा रहे हैं. लेकिन कभी ये कि प्रेरणा की कमी है क्योंकि रोल मॉडल नहीं है. भारत के लोगों में सोच जगानी होगी कि वो अपने बच्चे को फिट करना चाहते हैं. उनकी ये सोच नहीं होनी चाहिए कि वो प्रोफेशनल प्लेयर बनेगा या नहीं. सोच होनी चाहिए कि बच्चा फिट हो और इसमें फुटबॉल नंबर 1 गेम है. पहले हम 4 से 12 साल के बच्चों पर ध्यान देंगे. हमें 5 से 15 साल तक के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा मैच खिलाने होंगे ताकि उनके अंदर मैच टेंपरामेंट बढ़ सके. उन्हें ज्यादा अनुभव हो सके. इसके साथ-साथ और चीजें बढ़ जाएंगी. पैसा ग्रास रूट लेवल पर ही इनवेस्ट करने की जरूरत है.

## न्यूज बाइट्स

### दहेज प्रताड़ना के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)** । रफीगंज के पचार निवासी सुमांती देवी ने पति एवं उसके दो भाइयों के विरुद्ध दहेज के लिए मारपीट किए जाने के मामले मे प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में पीड़िता ने बताई कि मेरी शादी पचार गांव के राजू यादव के साथ धार्मिक रीति रिवाज के साथ हुई थी। मेरे तीन बच्चें है। तीसरे बच्चे के जन्म के बाद से ही दहेज़ के लिए पति मानसिक व शारीरिक रूप प्रताड़ित करने लगे। दहेज़ में एक बाइक की मांग करने लगे। प्रताड़ना की शिकार होती रही। सहन करती रही की पति सुधर जायेंगे। लेकिन इसके बावजूद भी पति के रवैये में कोई सुधार नहीं हुआ। घर में खाना पीना सब बंद कर दिये। जब मैं इसका विरोध कि तो बुरी तरह मारपीट किया। मुझे और मेरे बच्चे को घर से बाहर निकाल दिया तथा बोल रहा है की जब तक मुझे बाइक नहीं मिलेगा तब तक घर में घुसने नहीं देंगे। मेरे पति राजू यादव के दोनों बड़े भाई के कहने पर मुझे मारते -पीटते है। और दहेज़ मांगने के लिए भी उकसाते है। 18 नवम्बर को पति मुझे बुरी तरह से पीटे है। जिससे मेरे दाहिने हाथ फट गया है। और मेरे सिर में दर्द हो गया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है।

# नहाने के दौरान 7 बच्चों की डूबने से हुई मौत सरकार ने की अनुग्रह राशि की घोषणा

निज संवाददाता | मदनपुर / बारूण

शनिवार को जिले के दो गांवों में नहाने के दौरान बच्चों के डूबने से कुल सात बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटनाएँ मदनपुर और बारूण प्रखंडों के गांवों में हुईं, जिसने क्षेत्र को शोक और स्तब्ध कर दिया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का आदेश दिया है। मदानपुर प्रखंड के कुशहा गांव में चार बच्चों की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ये बच्चे गांव के पास स्थित एक तालाब में नहा रहे थे जब अचानक पानी के अंदर उनका संतुलन बिगड़ गया और वे डूब गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक वे जीवन से हाथ धो चुके थे। दूसरी घटना बारूण प्रखंड के इटहट गांव में भी तीन बच्चों की नहाने के दौरान डूबने से जान चली गई। इन बच्चों ने भी जलाशय में नहाते वक्त पानी में गिरकर अपनी जान गंवा दी। परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है और गांव में गहरे मातम का माहौल है।

घटना के बाद जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। प्रशासन ने तत्काल चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि मृतकों के परिवारों को देने का ऐलान किया। यह राशि उन्हें इस दुखद समय में कुछ राहत प्रदान करने के लिए दी जाएगी।

राज्य के मुख्यमंत्री ने इस दुःखद घटना पर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कठिन घड़ी है और उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह शोक संतप्त परिवारों को धैर्य और साहस प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिए कि मृतकों के परिवारों को हर प्रकार की सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन ने इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए जलाशयों, तालाबों और नदियों के आसपास सुरक्षा के उपायों को और सख्त करने की योजना बनाई है। बच्चों के लिए नहाने के स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रस्ताव है ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में गहरा शोक उत्पन्न किया है और समाज के हर वर्ग ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने आगे बढ़कर पीड़ित परिवारों की मदद का आश्वासन दिया है। इस समय शोकाकुल परिवारों के साथ एकजुटता का प्रतीक बनकर क्षेत्रवासी उनका साथ दे रहे हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद, यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए अधिक जागरूकता और सुरक्षा उपायों को लागू किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## आपसी विवाद में मारपीट, छह लोग घायल

निज सं. | रफीगबंज (औरंगाबाद)



रफीगंज में शनिवार की सुबह दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी। यह घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के नीमा वाजिद गांव में मोहम्मद मोइन शाह और मोहम्मद महताब आलम के बीच हुई। मामले में 6 लोग घायल है। मारपीट में अमीर शाह के बेटे मोईन शाह (55 ), पत्नि जुबैदा खातुन (50), बेटा मो. ईशा दूसरे पक्ष से महताब आलम, इनकी पत्नि जैनब खातून , दमाद मो. नसीम घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में डायल-112 की पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल मोहम्मद ईशा और जैनब खातून को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्ष के घायलों ने एक दूसरे पर जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज करने की बात कही। इसके बाद लाठी-डंडे से मारपीट की। जानकारी के अनुसार करीब एक बीघा जमीन और घर के कुछ हिस्सा की जमीन को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद है। शनिवार की सुबह करीब 7:30 में इसी बात को लेकर गाली गलौज होने लगी। गाली गलौज इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष से जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इस मामले में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने शनिवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। दोनों पक्ष के घायलों का इलाज किया जा रहा है। इस घटना में दोनों पक्ष से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। आवेदन मिलने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कु. सिंह के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेडक्रॉस भवन के सभागार में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन सदर अस्पताल के सिविल सर्जन, उपाधीक्षक, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता और सतीश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथियों ने रक्तदान की महिमा पर प्रकाश डाला और इसके महत्व को बताया। इस मौके पर चेयरमैन सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में 65 रक्तवीरों ने अपनी स्वैच्छिक रक्तदान की भागीदारी दी। रक्तदान करने वाले सभी सम्मानित रक्तवीरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिविर में रक्तदान की प्रेरणा देने के लिए कई समाजसेवी और चिकित्सा विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे।

चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान से जो आत्मिक संतोष और आनन्द मिलता है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी को जीवनदान देने के समान है और यह न केवल दूसरों की मदद करता है, बल्कि शरीर के लिए भी फायदेमंद है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि रक्तदान से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है और रक्त प्रवाह में सुधार होता है। इसके अलावा, रक्तदान से शरीर में रक्त बनाने की प्रक्रिया भी तेज होती है। सतीश कुमार सिंह ने आगे कहा कि रक्त का जीवनकाल केवल 90 से 120 दिन तक होता है, और शरीर में हर रोज पुराने रक्त का क्षय होता रहता है, जबकि नया रक्त बनता रहता है। इस प्रक्रिया का हमें एहसास नहीं होता। उन्होंने यह भी बताया कि बहुत से लोग नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, जिससे रक्त की उपलब्धता हमेशा बनी रहती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भी रक्तदान की इस महान परंपरा को अपनाएं, ताकि समाज में रक्त की कभी कमी न हो। 'आज किसी को आपके रक्त की आवश्यकता हो सकती है, और कल आपको किसी और के रक्त की जरूरत पड़ सकती है, उन्होंने यह बात जोर देकर कही। इस शिविर के आयोजन से रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया और लोगों को रक्तदान की महत्ता समझाने का प्रयास किया गया। शिविर में सम्मिलित होकर सभी रक्तदाताओं ने इस समाज सेवा के कार्य में अपना योगदान दिया, जिससे औरंगाबाद में रक्तदान को लेकर एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। सर्वप्रथम रक्तदान के इस शिविर को सफल बनाने में आयोजनकर्ताओं, रक्तदाताओं और उपस्थित जनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जनता दरबार में दो पुराने मामलों का सीओ ने किया निष्पादन

**हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)**। हसपुरा थाना परिसर में हर शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में इस बार कोई नया आवेदन नहीं आया । पूर्व के लंबित 4 मामलों में से 2 मामलों का हसपुरा अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने समझा बुझा कर आपसी सहमति के तहत निष्पादन किया । हसपुरा निवासी सत्येंद्र प्रसाद बनाम तुलसी प्रसाद का रास्ता को लेकर विवाद चल रहा था,वहीं सलेमपुर गाँव निवासी रामदयाल पासवान बनाम हरी यादव के बीच जबरन मकान बनवाने का विवाद था,जिसे दोनों पक्षों को समझा बुझा कर सीओ ने विवाद सुलझा दिया।

# बाल श्रम की रोकथाम हेतु बड़े कदम, तीन बाल श्रमिक मुक्त, नियोजक पर एफआईआर दर्ज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शनिवार को जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के निर्देश पर श्रम संसाधन विभाग की एक विशेष धावा दल ने शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान मदरसा रोड स्थित गोपाल होटल से तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। यह अभियान बाल श्रम पर कड़ी रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। उक्त होटल में काम करने वाले तीन बाल श्रमिकों की पहचान के बाद, उन्हें तत्काल मुक्त कर लिया गया। साथ ही, होटल के मालिक या नियोजक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की जा रही है। बाल श्रम निषेध एवं विनिमयन अधिनियम के तहत, दोषी नियोजक को 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक की कारावास और 20,000 से 50,000 रुपये तक जुर्माना हो सकता है।

इसके अलावा, सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, दोषी नियोजक से 20,000 रुपये की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराने की व्यवस्था की जाएगी। मुक्त किए गए बाल श्रमिकों को पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री सहायता कोष से 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी, ताकि उनका जीवन स्तर सुधारा जा सके और उन्हें बेहतर अवसर मिल सकें। धावा दल में प्रमुख रूप से संजीव कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी औरंगाबाद सदर; विजेन्द्र कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, नवीनगर; संतोष सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रफीगंज; और नगर थाना से पुलिस बल के सदस्य शामिल थे।

यह कदम न केवल बाल श्रम की समस्या को रोकने का एक प्रयास है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और बच्चों को एक सुरक्षित और स्वस्थ जीवन प्रदान करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

# महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचंड जीत पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जताया हर्ष

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी की लोककल्याणकारी नीतियों और कुशल नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने महाराष्ट्र भाजपा नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

बिहार के चार विधानसभा उपचुनावों – इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ – में एनडीए ने सभी सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, जिन्हें स्टार प्रचारक के रूप में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई थी, ने मगध और शाहाबाद क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ और अनुभव से एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा।

### झारखंड में भाजपा को जनादेश का सम्मान

झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले जनादेश पर उन्होंने जनता का आभार जताया और इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान बताया। औरंगाबाद के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस जीत पर अपनी खुशी व्यक्त की। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, युवा नेता प्रवीर सिंह, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह, और अन्य कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मेहनत और नेतृत्व की कुशलता का परिणाम बताया।

# छठ मेला में सेवा देने वाले स्काउट-गाइड्स को डीएम ने किया सम्मानित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

हाल ही में औरंगाबाद जिले के विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थ स्थल देव में आयोजित चार दिवसीय कार्तिक छठ मेला संपन्न हुआ, जिसमें विधि व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले करीब 400 स्काउट-गाइड्स को सम्मानित किया गया। यह मेला सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े और प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक है, जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शनिवार को एक विशेष समारोह में इन समर्पित स्काउट-गाइड्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सराहा और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

एक ही वादा, एक ही नारा! कमीशन मुक्त हो किसान हमारा!!
ग्राम पंचायत बाघाखोह पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुयोग्य, कर्मठ, शिक्षित एवं समाजसेवी उम्मीदवार
ई. मृत्युंजय सिंह

का चुनाव चिन्ह

क्र.सं. 02
ब्लैक बोर्ड छाप
ई. मृत्युंजय सिंह पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक – बाघाखोह पैक्स के सम्मानित किसान एवं जनतागण

एक ही वादा, एक ही नारा! कमीशन मुक्त हो किसान हमारा!!
ग्राम पंचायत बलिगाँव पैक्स अध्यक्ष पद दलित, पिछड़ा, किसान के सुयोग कर्मठ संघर्षशील एवं समाजसेवी उम्मीदवार
श्रीकृष्णा चौधरी

का चुनाव चिन्ह

क्र.सं. 02
ब्लैक बोर्ड छाप
श्रीकृष्णा चौधरी पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक – बालिगाँव पैक्स के समस्त सम्मानित मतदातागन

जय जवान ! जय किसान!!
ग्राम पंचायत जगदीशपुर पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुयोग्य, कर्मठ, शिक्षित एवं समाजसेवी उम्मीदवार
कृष्णा कुमार सिंह

का चुनाव चिन्ह

क्र.सं. 01
मोतियों का माला छाप
कृष्णा कु. सिंह पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक – जगदीशपुर पैक्स की देवतुल्य सम्मानित किसान एवं जनतागण

# डीएम-एसपी ने कर्तिक छ्ठ मेला के सफल आयोजन का लिया फीडबैक



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के संयुक्त नेतृत्व में शनिवार को समाहरणालय के योजना भवन सभागार में कार्तिक छठ मेला 2024 के दौरान कार्य करने वाले बैंक एवं कॉरपोरेट कार्यालय के प्रतिनिधि, मंदिर न्यास समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों का फीडबैक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सभी उपस्थित प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से कार्तिक छठ मेला 2024 के आयोजन का फीडबैक प्राप्त किया। इस क्रम में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद सहित, मंदिर न्यास समिति अन्य पदाधिकारियों द्वारा देव कार्तिक छठ मेला 2024 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से किए गए व्यवस्थाओं की सराहना की गई एवं जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया गया। साथ ही साथ कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जिले के सभी विभाग के पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, मंदिर न्यास समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, स्काउट गाइड एवं एनसीसी के बच्चे एवं अन्य कर्मियों को देव कार्तिक छठ मेला-24 सफल पूर्वक आयोजन कराने के लिए धन्यवाद दिया।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बैंक एवं कॉरपोरेट कार्यालय यथा श्री सीमेंट, एनएसटीपीएस, बीआरबीसीएल के प्रतिनिधि तथा मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय एवं देव के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ स्काउट गाइड एवं एनसीसी के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता लोशिनि जयप्रकाश नारायण, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सदर-1 एवं 2, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, एसडीओ संतन कुमार सिंह, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता मेराज जमील, आलोक कुमार, डीपीओ अविनाश कुमार, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, मुख्य पार्षद देव, उप मुख्य पार्षद देव, सीओ देव, बीडीओ देव एनएसटीपीएस, बीआरबीसीएल, श्री सीमेंट एवं अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी, न्यास समिति के सदस्य एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

हमारा प्रयास - सतत् संधारित सुरक्षित सड़क

पथ निर्माण विभाग अन्तर्गत राज्य उच्च पथों तथा जिला के प्रमुख पथों का रख-रखाव OPRMC प्रणाली के अन्तर्गत किया जा रहा है, जिसके फलस्वरुप OPRMC द्वारा संधारित पथों में से 99% से अधिक पथ गड्ढा मुक्त है।

इसके बावजूद भी यदि OPRMC पथों में त्रुटि पाई जाती है तो आम जन (Road Users) के लिए शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की गई है। पथ निर्माण विभाग के विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/rcd/ में "Public Grievance Road Redressal System " (OPRMC से संबंधित पथों के लिए पथ-पुल लोक शिकायत निवारण प्रणाली) पर शिकायत दर्ज किया जा सकता है।

PR. No. 013118 (RCD)D. 2024-25

शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया निम्नवत है:-

Start → पथ निर्माण विभाग, बिहार के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/rcd/ पर जाएँ → Highlight section में "Public Grievance Road Redressal System " पर क्लिक करें। → पथ का नाम, पथ का त्रुटिपूर्ण फोटो तथा अन्य विवरणी दर्ज करें। → Control & Command Center द्वारा शिकायतकर्ता को एक ID No. उपलब्ध करवाई जाएगी। → संधारण के पश्चात जनता को संधारित त्रुटि की सूचना का प्रेषण → End

नोट:-शिकायत दर्ज करने में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर 9470001266 सभी कार्य दिवसों पर 10.00AM से 06.00PM सम्पर्क करें।